3 **बस्तर संभाग**
भानुप्रतापपुर में रहेगी 9 दिनों तक मातारानी की भक्ति की धूम

6 **अभिमत**
दीनदयाल उपाध्याय का वैश्विक दर्शन

10 **संस्कारधानी**
जगह-जगह विराजी मां जगदम्बा...

11 **छत्तीसगढ़**
त्योहारी सीजन में सरल प्रक्रिया...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 27 सितम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 38 मूल्य 3.00 ₹

## नवरात्रि का दूसरा दिन
## मां ब्रह्मचारिणी



ब्रह्मचारिणी माँ की नवरात्र पर्व के दूसरे दिन पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल रहता है।

# सोनिया ने खडगे, माकन से राजस्थान के घटनाक्रम पर मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**वार्ता ∢ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच विधायक दल की बैठक में भेजे गये केंद्रीय प्रभारी मल्लिकार्जुन खडगे तथा अजय माकन से पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत लिखित रिपोर्ट देने को कहा है। राजस्थान विधायक दल की बैठक रविवार शाम को विधायक दल के दो धड़ों में हुई खींचतान के चलते नहीं हो पाई। बैठक के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खडगे और अजय माकन ने गांधी से उनके आवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल भी विशेष रूप से इस बैठक में शामिल होने के लिए भारत जोड़ो यात्रा छोड़कर यहां पहुंचे थे। वेणुगोपाल ने रविवार शाम को भी घटनाक्रम के बीच गहलोत से फोन पर बात की थी तो गहलोत ने उन्हें बताया कि उनके हाथ में कुछ भी नहीं है। बैठक के बाद माकन ने पत्रकारों से कहा कि राजस्थान के घटना को लेकर उन्होंने गांधी को पूरा विवरण बता दिया है, लेकिन गांधी ने उन्हें पूरे प्रकरण पर लिखित और विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। यह पूछने पर कि रिपोर्ट कब तक देंगे तो उन्होंने कहा कि रिपोर्ट कल सुबह तक सौंप दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि गहलोत के समर्थक विधायकों ने उनसे कहा है कि उनमें से ही किसी को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि गहलोत के बाद विधायकों को सिर्फ गहलोत समर्थक विधायकों में से ही मुख्यमंत्री स्वीकार होगा। माकन ने कहा कि उनके इस विचार को पार्टी नेतृत्व के समक्ष रखा गया है।

## राजस्थान में नये मुख्यमंत्री को लेकर अभी कोई फैसला नहीं : माकन

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने से पहले राज्य में नये मुख्यमंत्री को लेकर रविवार को आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक नहीं हो पाने के बाद गहलोत खेमे के विधायकों के शर्ते रख देने से अभी कोई फैसला नहीं हो पाया हैं। इस मामले में दिल्ली से आये कांग्रेस पर्यवेक्षक एवं पार्टी प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने मीडिया से कहा कि रविवार को इस मामले में कांग्रेस विधायक दल की बैठक नहीं हो पाने पर उन्हें वन टू वन विधायकों की बात सुनने के आलाकमान के निर्देश थे लेकिन देर रात तक बैठक में नहीं आये विधायकों की तरफ से आये तीन सदस्यों ने इसके लिए तीन शर्ते रखी कि इसके लिए भले ही प्रस्ताव पास किया जाये लेकिन इस पर फैसला आगामी 19 अक्टूबर के बाद किया जाये और यह सार्वजनिक रुप से कहना पड़ेगा। उनकी दूसरी शर्त यह थी कि पर्यवेक्षकों से बात करने के लिए विधायक वन टू वन नहीं आकर समूह में आयेंगे और तीसरी शर्त यह रखी कि नया मुख्यमंत्री का चयन उन 102 लोगों में से किया जाये जो सियासी संकट में गहलोत के साथ थे। सचिन पायलट और उनके समर्थित विधायकों में से नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने उनसे कहा कि एक-एक विधायक की बात सुनी जायेगी और उनकी बात आलाकमान को बताई जायेगी और सबको सुना जायेगा लेकिन वे अपनी शर्तों पर ही जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाद में इन शर्तों पर विधायकों से बात करने के लिए मना कर दिया गया, क्योंकि 75 वर्ष के कांग्रेस के इतिहास में शर्तों के आधार पर आज तक कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ जबकि एक लाइन में प्रस्ताव होता हैं और कांग्रेस अध्यक्ष उस पर फैसला लेता है।

## क्विक न्यूज़

### तालाब में डूबने से पांच वर्ष के बच्चे की मौत

**धमतरी।** धमतरी जिले में अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तालाब में डूबने से पांच वर्ष के बच्चे की मौत हो गयी है। अस्पताल पुलिस चौकी सूत्रों के अनुसार अर्जुनी निवासी विजय यादव का पुत्र देव (05) पहली कक्षा का छात्र था। रविवार शाम अपने दोस्तों के साथ तालाब किनारे खेल रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। साथियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जब तक परिजन तलाब पहुंचते तब तक देव डूब चुका था। तालाब से निकालकर उसे यहां अस्पताल लाया गया।

### सरकार ने 45 यू ट्यूब वीडियो पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने घृणा फैलाने तथा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले 45 यू ट्यूब वीडियो पर प्रतिबंध लगाया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 के तहत अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू ट्यूब से 10 यू ट्यूब चैनलों के 45 वीडियों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश गत 23 सितम्बर से प्रभावी है। इन वीडियो को सवा करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है। मंत्रालय ने कहा है कि इन वीडियो में धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने के उद्देश्य से फर्जी खबरें और ऐसी क्लिपिंग डाली गयी हैं जिनमें फेरबदल किया गया है। इनमें कई फर्जी दावे किये गये हैं जैसे सरकार कुछ समुदायों के धार्मिक अधिकारों को वापस ले रही है।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवरात्र पर्व के प्रथम दिन मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने माता की विधिवत पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की और साथ ही प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व की बधाई दी।

# दर्शनार्थियों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में गिरी, 10 की मौत, 26 घायल

**वार्ता ∢ लखनऊ**
www.dailypioneer.com



लखनऊ के इटौंजा कुम्हरावां रोड पर देवी दर्शन के लिये दर्शनार्थियों को लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर की ट्राली तालाब में जा गिरी, जिसमे 10 लोगों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाने का जिला प्रशासन को निर्देश दिया है। लखनऊ रेंज के पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि घायलों को इटौंजा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। इनमें एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे पास के अस्पताल में इलाज के लिये रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना इटौंजा के कुम्हरावां रोड पर गद्दीनपुरवा गांव के पास हुयी।

### टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरा, 7 की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के बंजार में एक टेंपो ट्रैवलर के गहरी खाई में गिरने से सात लोगों की मौत हो गई तथा अन्य दस घायल हो गये। प्रदेश आपातकालीन संचालन केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि कुल्लू के बंजार में राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर जलोरी जोत के निकट घियागी के पास एक टेंपो ट्रैवलर के खाई में गिरने की सात पर्यटकों की मौत हो गई और अन्य 10 घायल हो गए हैं। यह हादसा कल रात करीब 10 बजकर 55 मिनट पर हुआ। सभी सवार उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी हैं।

# युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है मोदी सरकार : राहुल

**वार्ता ∢ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार की नीतियों ने हर वर्ग को निराश किया है और खासकर बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों पर पानी फेरकर देश के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। गांधी ने सोमवार को अपने फेसबुक संदेश में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं और इसकी बड़ी वजह यही है कि देश का युवा मोदी सरकार की नीतियों से निराश है। देश में बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है, छोटे कारोबारियों के लिए काम करना कठिन हो गया है और रोजगार की तलाश में भटकते युवओं को अब भारत जोड़ो यात्रा में ही उम्मीद की किरण नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी भारत जोड़ो यात्रा में युवा इतनी बड़ी संख्या में हमसे क्यों जुड़ रहे हैं। आठ साल पहले, प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से वादा किया था कि वो सालाना दो करोड़ रोज़गार देंगे, लेकिन आज हालात ये हैं कि देश में 45 सालों में सबसे ज़्यादा बेरोज़गारी है, युवा हताश हैं, निराश हैं और उम्मीद खो चुके हैं।

# गुलाम नबी आजाद ने 'डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी' बनाई

**वार्ता ∢ जम्मू**
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को अपनी नयी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) घोषित करते हुए कहा कि यह एक स्वतंत्र पार्टी होगी और इसमें आजाद शब्द को उनके व्यक्तिगत नाम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। क्योंकि यह दर्शाता है कि पार्टी 'स्वतंत्र' होगी। उन्होंने पार्टी के झंडे को भी तीन रंगों-सरसों, सफेद और गहरे नीले रंग में प्रदर्शित किया। आजाद ने संवाददाता सम्मेलन में तीन रंगों पीला ,सफेद और गहरे नी रंग में समाहित पार्टी के झंडे को भी प्रदर्शित किया। अपनी पाटी में कोई निरंकुशता नहीं होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि इंतजार खत्म हुआ। मेरी पार्टी का नाम डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) है।

पार्टी के नाम में आज़ाद शब्द को मेरे व्यक्तिगत नाम से गलत न समझें या न जोड़ें। इस मौके पर आजाद के साथ कांग्रेस के पूर्व नेता और मंत्री तारा चंद, जी एम सरूरी, आर एस चिब और अन्य नेता भी मौजूद थे। आजाद ने कहा कि डीएपी का मतलब है कि पार्टी प्रकृति में लोकतांत्रिक होगी और लोकतांत्रिक नियमों का पालन करेगी। 'आजाद' का मतलब मेरे नाम से नहीं है बल्कि इसका मतलब है कि पार्टी स्वतंत्र प्रकृति की होगी और उस पर कोई दबाव नहीं होगा। झंडे और उसके रंगों के बारे में आजाद ने कहा कि पीले रंग का मतलब रचनात्मकता और विविधता भी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत और जम्मू-कश्मीर विविधता से भरा है। सफेद का अर्थ है शांति। हम गांधी जी के अनुयायी हैं और शांति के मार्ग पर चलेंगे। गहरे नीले रंग का अर्थ है गहरा समुद्र, बल्कि गहरे समुद्र से आसमान तक की गहराई। हमारे पास गहराई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी में जमीनी स्तर से चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि हम यहां अपने स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए हैं। मेरा किसी पार्टी से कोई मुकाबला नहीं है। प्रतिस्पर्धा करेंगे जैसे छात्र कक्षा में एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। हमारा कोई दुश्मन या दुश्मन नहीं है। जनता सर्वोच्च है और उन्हें हमारे भाग्य के बारे में फैसला करना है। मेरे लिए, हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई मानव हृदय के सिर्फ चार कक्ष हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को 50 फीसदी टिकट दिए जाएंगे। अनुच्छेद 370 के बारे में उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि इसे बहाल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने कहा कि अगर कोई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी या गृह मंत्री अमित शाह जी को मना सकता है। सच कहूं तो मेरा इतना प्रभाव नहीं है।

**सशस्त्र सेना आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर कर रही है काम**

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भी 1971 में ही फैसला होना चाहिए था : राजनाथ

**वार्ता ∢ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार आतंकवाद का डटकर मुकाबला कर रही है लेकिन उनके मन में पाकिस्तान के खिलाफ 1971 की लड़ाई को लेकर एक कसक है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भी उसी समय निर्णय हो जाना चाहिए था। सिंह ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों के परिजनों को सोमवार को हिमाचल प्रदेश में सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सशस्त्र सेना आतंकवाद से निपटने के लिए नयी रणनीति पर काम कर रही हैं और अब दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर ही मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक सोची-समझी नीति के तहत सीमापार से आतंकवादी गतिविधियां चलाई जाती रही थीं। सेनाओं ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई रणनीति पर काम किया। सर्जिकल स्ट्राइक, और बालाकोट एयर स्ट्राइक करके हमने दिखाया है। हमने हाल ही में 1971 के युद्ध में विजय की स्वर्ण जयंती मनाई है। 1971 के युद्ध को इतिहास में, किसी प्रकार की संपत्ति, अधिकार या सत्ता की बजाय मानवता के लिए लड़े गए युद्ध के रूप में याद रखा जाएगा। एक कसक रह गई। काश उसी समय ही पीओके पर निर्णय हो गया होता। उन्होंने कहा कि भारत ने किसी भी देश के स्वाभिमान को चोट पहुंचाने की कभी कोशिश नहीं की है। परंतु अगर भारत के स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने की कोशिश की गई है, तो हमने उसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अगर शांतिप्रिय देश है, तो उसका अर्थ यह नहीं है कि हम भीरु हैं। भारत तो महान शासक भरत से प्रेरणा लेता है जो शेरों के मुंह में हाथ देकर उनके दांत गिना करते थे।

आज हमारे प्रधानमंत्री अपने हाथ से चीते छोड़ते हैं। सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में भारत ने आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया है। इस अमृत महोत्सव में देश जहां अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारियों, जांबाज सैनिकों, वीरों, महावीरों और परमवीरों को स्मरण कर रहा है, वहीं अगले 25 वर्षों के लक्ष्य भी निर्धारित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम एक नया भारत बना रहे है जो अपने सभी शांतिप्रिय और मित्र देशों को एक सुरक्षा और विश्वास का अहसास देगा। मगर जो देश भारत का अहित करने का विचार करेंगे या उस पर काम करेंगे तो उन्हें उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल प्रदेश ने अपनी एक नई पहचान बनाई है उसके मूल में जाकर देखेंगे तो वही आदर्श दिखाई देंगे, जो कभी स्वतंत्रता सेनानी लेकर चले थे। उन्होंने कहा कि इस देश के पूर्व सैनिक हमारे देश और समाज की संपत्ति हैं। मातृभूमि की सेवा में आप लोगों के त्याग और बलिदान की कोई कीमत नहीं चुकाई जा सकती है।



# मंच पर कन्या पूजन कर डॉ. रमन सिंह ने किया निःशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन-8 का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर




माँ बम्लेश्वरी के प्रति भक्तों की आस्था को ध्यान में रख कालीमाता अन्नदान भण्डारा समिति द्वारा पिछले 7 वर्षों से निःशुल्क डोंगरगढ़ यात्रा के लिए चार बसें रोजाना डोंगरगढ़ के लिए चलाई जा रही है, जिसे शहर सहित पूरे प्रदेश में बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है एवं ये 8 वां वर्ष होने के कारण इसे डोंगरगढ़ दर्शन-8 का नाम दिया गया। जिसके तहत शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन 4 यात्री बसों को प्रदेश के पूर्व यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने झण्डी दिखाकर डोंगरगढ़ रवाना किया, उक्त जानकारी दीपक भारद्वाज (पोल्हे) ने विज्ञप्ति जारी कर दी। दीपक भारद्वाज (पोल्हे) ने आगे बताया कि बसों को रवाना करने के पूर्व डॉ. रमन सिंह ने सर्वप्रथम मंच पर देवी स्वरूपा कन्या के पैर धोकर, आरती उतारकर उनका पूजन किया तत्पश्चात् भक्तों से भेंटकर कहा कि आप दर्शन हेतु डोंगरगढ़ जा रहे हैं और मुझे आपके ही दर्शन करने से माँ बम्लेश्वरी का आर्शीवाद प्राप्त होगा। इसके साथ ही उन्होंने समिति सदस्यों से बसों के संचालन व यात्री के खान-पान के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुये इस पुनीत कार्य को भविष्य में और विस्तारित करने का आदेश देते हुए, इस अद्भुत यात्रा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। ज्ञात हो कि इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की जनता पर माँ बम्लेश्वरी का आर्शीवाद सदा बना रहे जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति करें जिससे समस्त छत्तीसगढ़वासी खुशहाल जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, डॉ. प्रमोद साहू, रमेश



मिरघानी, दिनेश सुंदरानी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, राजू भाई तारवानी, संदीप परिहार, गोल्डी बेदी, कुबेर सपहा, धीरज जोधानी, राजू साहू, अशोक मानिकपुरी, दीपक पाठक, राजेश साहू, रतन ठाकुर, पंकज प्रधान, अजीत खुरा, सुमित यादव, शुभम भारद्वाज सहित समिति के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# सुकमा में महिलाओं को बताए गए उनके कानूनी अधिकार व कर्तव्य

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



आज सुकमा जिला मुख्यालय में विवेकानंद हाल में तालुका विधिक सेवा समिति सुकमा के द्वारा महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरे जिले भर से महिलाओं को आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम की शुरुवात सुकमा के प्रतिष्ठित अधिवक्ता कैलाश जैन के द्वारा की गई उन्होंने महिलाओ एवं सामाजिक रूप से शोषित लोगों को किस प्रकार कानूनी अधिकार मिले है इस विषय में जानकारी दी, इसके पश्चात अधिवक्ता दीपिका शोरी ने उपस्थित सभी महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय कानून में महिलाओं को कुछ विशेष अधिकार दिए हैं परंतु उनकी जानकारी के अभाव में महिलाएं हर जगह पीड़ित होती हैं चाहे वह अपनी कार्यक्षेत्र के दौरान हो या अन्य जगहों पर, उन्होंने दहेज उत्पीड़न, भरणपोषण, घरेलू हिंसा, यौन अपराध, साइबर क्राइम एवं निःशुल्क विधिक सहायता के साथ साथ नाबालिक बच्चियों को किस प्रकार से सुरक्षा प्रदान करना चाहिए उन्हें अच्छे बुरे का ज्ञान किस प्रकार से कराना चाहिए इस विषय में भी जानकारी दी,इसके साथ ही स्त्री धन के सम्बंध में कहा कि जो भी वस्तुएं या उपहार जिस भी महिलाओं को शादी के पहले,शादी के बाद या शादी के समय दिया जाता है वह स्त्री धन कहलाता है जिसमें सिर्फ उस स्त्री का ही अधिकार होता है न कि उसके परिजनों का उस वस्तु को उपयोग किस रूप में करना इस हेतु वह स्त्री पूर्णतः स्वतन्त्र है,इसके पश्चात जिला महिला संरक्षण अधिकारी प्रमिला सिंह ने कहा कि जब समाज व महिला पूर्ण रूप से शिक्षित होंगे तभी कानूनी जागरूकता आएगी उन्होंने कहा कि बहुत सी शिक्षित महिलाएं भी शोषण व घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं परंतु न जाने किस संकोच की वजह से वो इस विषय में शिकायत नहीं करती है,जिले में एक सामाजिक बुराई बहु विवाह भी है जिसका शिकार यहाँ की महिलाएं हो रही हैं मानव तस्करी भी जिले से लगे हुए प्रदेशों में हो रहा है जो बन्द होना चाहिए उन्होंने सभी महिलाओं से अपील किया कि ऐसे पीड़ित महिलाओं को सखी सेंटर भेजिय हम चौबीस घण्टे सातो दिन कार्य करते हैं। इसके पश्चात जिला बाल संरक्षण अधिकारी जितेंद्र सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए बालकों के प्रति होने वाले अपराध पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सन्तोष कुमार महोबिया ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार माता पिता की सम्पत्ति में महिलाओं को बराबर का अधिकार मिला हुआ है उसी प्रकार माता पिता के कर्जे का भार भी बराबरी का है,अधिकार के साथ साथ कर्तव्य और दायित्वों का निर्वहन भी करना चाहिए,आज महिलाएं पुरुषों के बराबर कार्य कर रही हैं,उन्होंने कहा कि अपराध सिर्फ अनपढ़ ही नहीं करते हैं पढ़े लिखे लोग भी अपने गुस्से को काबू में नहीं रख पाते हैं और अपराध कर देते हैं।

# छ.ग डिप्लोमा इंजी. एसोसिएशन का गौरवशाली इतिहास विघटन के कगार पर

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com



छ.ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक 24 सितंबर को अभियंता भवन रायपुर में संघ के प्रांताध्यक्ष इंजी. आर. के. रिछारिया, वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष इंजी. एच.सी. राठौर, महामंत्री इंजी. के.पी. बोपचे, अन्य प्रांतीय पदाधिकारी, अध्यक्ष / सचिव समस्त जिला समिति एवं विभिन्न जिलों से डिग्रीधारी उपअभियंता वर्ग उपस्थित रहे। बैठक में डिग्रीधारी उपअभियंताओं द्वारा मांग रखी गई की डिग्रीधारी उपअभियंताओं को उपअभियंता से सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति हेतु 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए, जो नियम उनके भर्ती के समय विद्यमान था, जिसे वर्ष 2018 में उनके बिना संज्ञान में लाये हुए छ.ग. डिलोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के द्वारा इस आरक्षण को समाप्त करवा दिया गया वर्तमान में एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए संघ का संचालन कर रहे है एवं उनको उनके पदोन्नति लाभ एवं अधिकार से वंचित कर रहे है। डिग्रीधारी उपअभियंताओं के मांग पर संघ द्वारा तर्क दिया गया है कि डिग्रीधारी उपअभियंता छ.ग. लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक अभियंता बने यदि उत्तीर्ण न हो पाये तो नौकरी छोड़ दे। संघ के महामंत्री ने अभद्र व्यवहार करते हुए कहाँ, ÷आप लोग हमारे संघ में क्यों है, कौन आप लोगों को संघ में आने बोला, संघ छोड़ दो आप लोग÷ प्रांतीय महामंत्री के ऐसा कहने पर डिग्री उपअभियंताओं के भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है, जो कि स्वयं को संघ का अभिन्न अंग मानते है एवं आज एसोसिएशन से डिग्रीधारी उपअभियंता वर्ग के अलग होने की संभावना उत्पन्न हो रही है। आज प्रदेश में डिग्रीधारी उपअभियंताओं की संख्या हजारों में है एवं विभिन्न विभाग में हो रहे नई भर्ती में डिग्रीधारी उपअभियंताओं की तादाद डिप्लोमाधारी उपअभियंताओं से काफी अधिक है। यदि एसोसिएशन में दो फाड हुआ एवं डिग्रीधारी उपअभियंता अपना संगठन बनाये तो निकटतम भविष्य में छ.ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन का गौरवशाली वर्वस्व समाप्त होता दिख रहा है एवं प्रदेश में डिग्रीधारी उपअभियंता वर्ग का संगठन एक मजबूत संघ बनकर उभर सकता है।

# शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल तथा प्रिज़्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट भिलाई के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर इन मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया था। ज्ञात जो कि इन दोनों संस्थानों के मध्य विभिन्न विद्यार्थी केंद्रित गतिविधियों को संयुक्त रूप से संचालित करने हेतु अनुबंध किया गया है जिसमें स्टूडेंट एक्सचेंज, फैकल्टी एक्सचेंज, साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न विषयों तथा कैरियर से संबंधित विषयों पर व्याख्यान, संगोष्ठियों इत्यादि के साझा आयोजन करने के सम्बंध में अनुबंध किया गया है। इसी कड़ी में विभिन्न संकाय के छात्रों को मैनेजमेंट के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन हेतु इस वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई जिसके बाद शासकीय महाविद्यालय धमधा के प्राचार्य डॉ जे के वर्मा द्वारा मैनेजमेंट के एक एक अक्षर को हटाकर विभिन्न अर्थों के बारे में बड़े ही रोचक अंदाज़ में समझाया । शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ देवाशीष हालदार ने बस्तर संभाग के छात्रों के लिए इस वेबिनार को मील का पत्थर बताया और कहा कि बस्तर के दुर्गम क्षेत्र के बच्चों को मैनेजमेंट विषय के बारे में उतना ज्ञान नहीं होता है इसलिए यह बेबी नाक बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट भिलाई के निदेशक रूपेश गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने मैनेजमेंट की देश की प्रमुख संस्थाओं एवं उनमें होने वाली प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। अपने व्याख्यान में उन्होंने प्रबंधन की आवश्यकता एवं व्यवसाय, उद्योग, कंपनी आदि में प्रबंधन की भूमिका को समझाया।

# दंतेवाड़ा जाने वाली मुख्य सड़क में कई गड्ढे हो सकती है कभी भी दुर्घटना



पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल से जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा जाने के मुख्य मार्ग में कई जगह गड्ढे में तब्दील हो गए हैं।बता दें पाढ़ापुर एवं पोरोकमेली के समीप मोड़ पर सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है।गौरतलब है इसी मार्ग से छोटी बड़ी वाहनों का आवाजाही होता है लेकिन सड़क की इस दुर्दशा से लोगों का आवागमन एवं छोटे वाहन चालकों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही उक्त स्थल में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।ऐसा ही स्थिति भांसी से बचेली किरंदुल तक मुख्य सड़क का बुरा हाल है।इसके अलावा सोमवार से नवरात्र महापर्व प्रारम्भ हो रहीं है।जिसमें किरन्दुल बचेली से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पदयात्रा कर माई दंतेश्वरी की दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए दंतेवाड़ा जाते हैं।लेकिन सड़क ख़राब होने के कारण पदयात्रियों को भी दिक्कतें होगी।दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी एग्जेक्युटिव इंजीनियर एस एल ठाकुर ने आज मीडिया से कहा कि जल्द ही पेच वर्क करवाया जाएगा।

# राजभाषा पखवाड़ा के तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**किरन्दुल।** किरन्दुल में एनएमडीसी परियोजना द्वारा राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत रविवार परियोजना के अस्पताल और स्कूल के हिंदी एवं हिंदीतर भाषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन बीआईओपी सीनियर सेकंडरी स्कूल के सभागार में किया गया।बता दें दिनांक 29 सितंबर तक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन भिन्न भिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

# गोंडवाना गोंड महासभा के राज्य स्तरीय प्रथम महिला अधिवेशन का हुआ आयोजन, कांति नाग थी मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com

उड़ीसा राज्य के संबलपुर के तपस्विनी हाल में प्रदेश महिला आयोजित समिति उड़ीसा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश स्तरीय प्रथम अधिवेशन में देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से कई हस्तियों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन की मुख्यातिथि अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा की राष्ट्रीय महासचिव कांति देवी नाग थी।

महिला अधिवेशन के परिसर में आदिवासी संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। ढोल-नगाड़ों एवं गुन्नौरशाही के बीच हजारों की संख्या में आदिवासी महिलाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान संबलपुर की गलियों में जय सेवा जय गोंडवाना के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की मुख्यातिथि कांति नाग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के महिलाओं के हितों को लेकर यह अधिवेशन का आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। आज आदिवासी समाज की महिलाओ के उपर हो रहे अत्याचारों और भेदभाव से लड़ने के लिए सभी का एकजुट रहना हमारी संगठन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम आदिवासी समाज के महिलाओ की एकजुटता का अपरिचय देकर नेतृत्व करने में अग्रणी हो सकते है इसके लिए सभी को एकजुट रहना होगा ।




**अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा एक ऐतिहासिक संस्था : कांति-** कांति नाग ने अपने उद्बोधन में आगे कहा की अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा एक ऐतिहासिक संस्था है जिसने देश की कथित आजादी के पूर्व से ही शासक रहे गोंडवाना के गणों की मान मर्यादा और सम्मान के लिये लगातार प्रतिवर्ष प्रत्येक राज्य में राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाकर गोंडवाना के गणों के सर्वागीण विकास का मूल्यांकन कर कमी बेसी के संबंध में अगली रणनीति तय की जाती रही है । देश की आजादी के बाद कुछ गिने चुने लोगो ने ही अखिल गोंडवाना गोंड महासभा के कार्यकृम को जारी रखे जिसका परिणाम था कि समुदाय के विकास की समीक्षा का यह कृम जारी रखा गया।

# लैंगिक असमानता के खिलाफ़ कड़ा प्रहार है रजत ग्रुप का बी हर, फ्री हर अभियान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

घर की गृहिणियों को आराम देने, उनका ध्यान रखने और सम्मान देने के उद्देश्य से रजत ग्रुप द्वारा एक अनोखे ऑनलाइन अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का नाम अंग्रेजी में ÷बी हर, फ्री हर÷ रखा गया है यानी उसके बारे में भी सोचों और उसे कम से कम एक दिन के लिए सारी झंझटों से मुक्त करों। लैंगिक असमानता पर प्रहार करते इस अभियान की सोशल मीडिया में काफी तारीफकी जा रही है।, घर की गृहिणी यानी वो माँ भी हो सकती है पत्नी भी हो सकती है जो रोज सुबह सबसे पहले उठने से लेकर रात सबसे आखिर में थक के सोने तक घर के काम का सारा बोझ अकेले उठाती है। इस दौरान खुद की व्यक्तिगत इच्छा या ख्वाब को भी वो ताक पर रख देती है। हमारे समाज में परंपरागत रूप से इस बात को मान लिया गया है की घर का सारा कार्य अकेले महिला के ज़िम्मे है। इस सोच को बदलने और लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से व्यवसाय जगत में




अपना एक मुकाम हासिल कर चुके रजत ग्रुप ने एक अनूठी अभियान की शुरूआत की है बी हर,फ्री हर इस अभियान के तहत एक वीडियों अपलोड करना होगा जिसमें आप कम से कम एक दिन के लिए घर की महिलाओं या गृहिणी को आराम देंगे। घर का सारा काम खुद करेंगे उसे कैमरे में रिकार्ड कर पोस्ट करेंगे। रजत ग्रुप, रजत बिल्डटेक के महावीर गोलेचा ने सात सितंबर को इस अभियान की शुरूआत की, जिसमें अपने सभी प्रतिष्ठानों समेत अन्य लोगों को इस अभियान का हिस्सा देने और अपने घर की गृहलक्ष्मी की हमेशा मदद करने और उनके सम्मान की अपील की।

# ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए संसदीय सचिव एवं कलेक्टर, दिया निराकरण का भरोसा

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



''हमर विधायक हमर गांव'' कार्यक्रम के तहत संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुरागांव एवं उसके आश्रित ग्राम भैसगांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं और उनके निराकरण के लिए भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल भी मौजूद थे।

ग्राम पंचायत मुरागांव एवं उनके आश्रित गांव भैसगांव में ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए संसदीय सचिव शोरी ने कहा कि आपकी जो भी समस्या हो उसे बताएं, प्रक्रियागत उनका क्रमशः निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब भी कांकेर आवें तो उनके कार्यालय जरूर आयें और अपने आवेदनों के निराकरण के स्थिति की जानकारी लेवें। ग्रामीणों की मांग पर उनके द्वारा ग्राम भैसगांव में देवगुडी के सामने टीना शेड लगाने हेतु प्राक्कलन बनाने उप अभियंता को निर्देश दिये गये। भैसगांव के मावलीपारा में हैण्ड पंप खनन के लिए जांच हेतु पीएचई के अधिकारों को भेजने तथा ग्राम पूसाझर के आंगनबाड़ी में शौचालय एवं पानी की व्यवस्था करने की सहमति प्रदान की गई। वन विभाग द्वारा करायें गये नरवा कार्य में 40 मजदूरों का भुगतान नहीं होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दिये जाने पर 15 दिवस के भीतर मजदूरी का भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया। मुजालगोंदी में रंगमंच बनाने की घोषणा किया गया। वन अधिकार मान्यता पत्रों का निराकरण के लिए ग्राम पंचायत मुरागांव में राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों की टीम भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

संसदीय सचिव शोरी ने ग्राम पंचायत मुरागांव में भी ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा उनके निराकरण के लिए भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्राम मुरागांव एवं भैसगांव के मांदरी नृत्य दल को 10-10 हजार रूपये स्वेच्छानुदान स्वीकृत करने की घोषणा किया तथा मौके पर दोनों टीमों को 02-02 हजार रूपये से पुरस्कृत भी किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि आपके गांव आकर बहुत अच्छा लग रहा है। ग्रामीणों की बिजली, पानी, सड़क इत्यादि से संबंधित मूलभूत समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस से संबंधित कोई समस्या हो तो उसे बताएं, उनका निराकरण किया जायेगा, आप अपनी समस्या को पुलिस कैंप मुरागांव में भी बता सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुरागांव कैंप में जियो कंपनी का मोबाईल टावर लगाया जा रहा है, निर्माण कार्य पूरा होते ही आप लोगों को संचार की सुविधा मिलने लगेगी, आप अपने परिवार, रिश्तेदार से मोबाईल से बातचीत कर सकते हैं।

# गांड़ा समाज 2030 तक आदर्श समाज की स्थापना के लिए चला रहा मुहिम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




गांडा समुदाय की केन्द्रीय संस्था गांडा महासभा ने पंडरी स्थित केन्द्रीय कार्यालय में नवनियुक्त अध्यक्ष ने बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पदभार ग्रहण किया। अध्यक्ष नारायण बाग ने पदभार ग्रहण करते हुए बताया कि केंद्रीय संगठन का मुल उद्देश्य समाज को एक आदर्श समाज के रूप मे स्थापना करना है,जिसका लक्ष्य 2030 तक रखा गया है, इसके लिए ÷एक आदर्श समाज की स्थापना मिशन 2030÷ चलाया जा रहा है, इस लक्ष्य को समय सीमा के अंदर हासिल करने के लिए हम सब मिलकर एक साथ काम करेंगे। इस अवसर पर गांडा महासभा संयोजक रघुचंद निहाल, अध्यक्ष नारायण बाग, महामंत्री कमने सोना, शहर अध्यक्ष बंटी निहाल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बघेल, डॉ गोपाल महानंद, संतोष निहाल, सुशिल दीप, आनंद नायक, भूमि महानंद, दीप सिक्का, मंगल छत्री, डमरू बाग, आलेख बाग, सहदेव सोनी, जयलाल नायक, कुंजी छुरा, गणेश बिसलेरिया, आकाश पनका, अरुण तांडी, रूपा हरपाल, रवि सोना उपस्थिती रही।

# भानुप्रतापपुर में रहेगी 9 दिनों तक मातारानी की भक्ति की धूम

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



क्वांर नवरात्रि 2019 के बाद से 3 साल तक अत्यन्त सादगी पूर्ण नवरात्रि पर्व मनाने के बाद से इस वर्ष दुर्गा मंदिर भानुप्रतापपुर में वापस रौनक लौटेगी और नगर भानुप्रतापपुर होगा भक्ति मय। कोविड जैसे वैश्विक महामारी के चलते विगत तीन नवरात्रि से मंदिरों में मात्र पूजा पाठ ही हो रहा था भक्त भी घरों में थे परन्तु इस बार के नवरात्रि में भक्त पूरी तरह माता के भक्ति में डूबने को तैयार है। भानुप्रतापपुर नगर के मध्य में स्थित मां दुर्गा मंदिर में इस बार पहली बार रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। रास गरबा प्रतिदिन 9 दिनों तक रात में 7 से 9 बजे तक होगा। उसके बाद प्रतिदिन रात में 9 बजे से भक्ति मय जसगीत सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर समिति द्वारा आयोजित की गयी। आयोजन समिति का उददेश्य दो सालों से मंदिर के सूने पन को दूर करने और भक्तों को मातारानी की भक्ति में डुबाना है। 26 सितंबर - कलश स्थापना एवं रास गरबा 27 सितंबर - जय मां शारदे रामधुनी झांकी 28 सितंबर - जय भवानी रामधुनी झांकी तुएगुहान 29 सितंबर - अजय वंदना बालिका जसभजन मण्डली डोमाबोरी दुर्ग 30 सितंबर - '' मया के चिन्हा'' छग लोककला मंच घुमका राजनांदगांव 1 अक्टूबर - जय अम्बे निर्मल जस झांकी फुलझर बालोद 2 अक्टूबर - तुलसी मानस भजन संध्या रातापायली डोंगरगांव नवरात्र उत्सव एवं रास गरबा के संरक्षक माननीय मनोज मण्डावी उपाध्यक्ष छग विधानसभा एवं सुनील पाढी अध्यक्ष नगर पंचायत है।

पूरे कार्यक्रम के सहप्रायोजक ओम बिल्डर्स अर्जुन कंस्ट्रक्सन, क्षितिज चोपड़ा ग्रुप,पंकज राज वाधवानी पार्षद, निखिल सिंह राठौर पूर्व अध्यक्ष नपं,विरेंद्र सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष, मनीषा सचदेव पार्षद,राजकुमार ठाकुर,दीपक गोलू गजेंद्र,किसान मेडीकल स्टोर्स, शौर्य हार्डवेयर,न्यू अमर ज्योति फुट वीयर गोल्डन शूज, ठाकुर प्लाईवुड, वैभव प्रोविजन स्टोर्स, किसान स्टील्स, ज्वेलर्स शंकरलाल बंशीलाल सोनी,राजकुमार दुबे, सचिन दुबे, दुर्गा होटल, रोशन बूट एवं गुरूनानक फैंसी स्टोर्स, गुडडा किराया भंडार, निशांत कम्प्यूटर्स,गौतम नर्सिंग कालेज,संजय मेहता है।

## नगरपालिका क्षेत्र में आधार वोटर आईडी से लिंक कराने के लिए विशेष शिविरों का होगा आयोजन

- निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार होगा शिविर

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा मतदाताओं के आधार को वोटर आईडी से जोड़कर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा नगरीय निकायों में विशेष शिविरों एवं घर-घर जाकर सर्वे के माध्यम से मतदाताओं का आधार डाटा संग्रह कर मतदाता सूची के साथ जोड़ने एवं प्रमाणीकरण के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुसार 01 अगस्त 2022 से मतदाताओं का आधार एवं वोटर आईडी लिंक करने का कार्य बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वे के माध्यम से किया जा रहा है। सर्वे में जागरूकता के अभाव के कारण आधार को वोटर आईडी से लिंक करने के कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पायी गई। जिसके लिए नगरीय निकायों में विशेष शिविरों के माध्यम से लिंकिंग का कार्य किया जाना है। जिसके अंतर्गत मतदाताओं से आधार डाटा कलेक्शन हेतु सतत् रूप से घर-घर सर्वे के साथ कोण्डागांव नगरपालिका क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिसके अनुसार 04 अक्टूबर, 01 नवम्बर, 06 दिसम्बर, 03 जनवरी, 07 फरवरी, 07 मार्च की तिथियां निर्धारित की गई है। इस संबंध में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाताओं को निर्धारित तिथियों पर आकर अपना आधार वोटर आईडी से लिंक कराने की अपील की गई है।

## गांव को नशामुक्त बनाने सलना में हुई अनूठी पहल शराब पीने वालों पर लगेगा 3000 रुपए का जुर्माना



पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com

बडेराजपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सलना के जनप्रतिनिधियों एवं समस्त ग्रामवासियों ने नशामुक्त भारत अभियान के प्रति एक सकारात्मक पहल की है। नवरात्र पर्व के पहले दिन ग्रामवासियों ने अपने गांव को नशा मुक्त करने का संकल्प लेकर गांव में जन जागरूकता रैली निकाली। इस जन जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामवासियों ने अपने गाँव के साथ अन्य विकासखंड, जिले एवं समूचे प्रदेशवासियों को यह संदेश दिया है कि नशा करने से मानवजीवन की दशा बिगड़ती है। इसलिए सभी ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि हम अपने गांव को सबसे पहले नशा मुक्त करके अपने गांव के युवाओं को इस गंदगी से निकलेंगे। इस अभियान में सलना पंचायत के ग्राम वासी बढ़ चढ़कर भाग लिया। अपको बता दें कि ग्राम पंचायत सलना के ग्रामवासियों ने सर्व सहमति से यह निर्णय भी लिया है कि अब गांव में दारू बनाने वाले व्यक्ति से आर्थिक दंड के रूप में 5,000 रुपए, पीने वाले को 3 हजार वसूला जाएगा। इतना ही नहीं इस बात की सूचना देने वाले को 1 हजार पुरुस्कार गांव के तरफ से दिया जाएगा। ग्राम सलना के ग्रामवासियों के इस पहल की चारों ओर मुक्तकंठ से प्रशंसा हो रही है।

## डेनियल पाल प्रथम स्थान पर



**भानुप्रतापपुर।** संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा एथेलेटिक्स प्रतियोगिता जगदलपुर में आयोजित हुआ, जिसमे जिला कांकेर ,भानुप्रतापपुर, संत जोसफ स्कुल से ,डेनियल पाल पिता, आनंद पाल ,आनंद होटल के संचालक ने,200 मीटर को 23 सेकंड और 400 मीटर की दौड़ को 53 सेकंड में पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और कांकेर जिले व भानुप्रतापपुर को गौरवान्वित किया।उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं एवं उनके कोच महेंद्र पुरामे,बिट्टु ठाकुर,विक्की,पिंदर यादव,के मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

# भाजपा ने मनाई जिला व बूथ स्तर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती जिला एवं बूथ स्तर पर आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उनके बताए रास्ते पर चलकर पार्टी के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा व पूर्व अध्यक्ष अबूझमाड़ अभिकरण मंगडू राम नूरेटी ने संबोधित करते हुये कहा की पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकुल रुप मे प्रस्तुत करते हुये देश को एकात्म मानववाद का मंत्र और समाज सेवा जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी। उनका सम्पुर्ण जीवन समाज सेवा के लिये समर्पित रहा है, पं. दीनदयाल एक महान चिंतक, विचारक और दार्शनिक होने के साथ ही एक एक योग्य राजनेता और कुशल पथ प्रदर्शक भी थे। ज्ञात हो भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने प्रत्येक बूथ पर जयंती को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी।जिसके अनुसार बूथ अध्यक्षों ने अपने-अपने बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की। जिसमें केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। वही प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को आमजन तक पहूंचाने की बात कही आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में पूरी मेहनत के साथ जुटने का आवाह्न किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता रतन दुबे, संदीप झा, मरण शील, प्रभूनाथ देवांगन, अभिषेक झा, राहुल पटेल, रामप्रसाद कुमेटी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के उपलब्धियों के बारे में प्रचार प्रसार किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मंडल भानूप्रतापपुर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17सितम्बर से 02अक्तूबर तक चलने वाला पखवाड़ा के अवसर पर आज चिकित्सा प्रकोष्ठ झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ पंचायत प्रकोष्ठ नगरी निकाय प्रकोष्ठ के नेतृत्व में एवं भाजपा मंडल के पूर्ण सहभागी के साथ सेवा पखवाड़े के तहत अपने अपने क्षेत्र में टीकाकरण केंद्र में जाकर मोदी के उपलब्धियों के बारे में प्रचार प्रसार किया गया।

व्कैक्सिन सेंटर पर उपस्थित सिस्टर राजकुमारी कोर्राम विनोद मंडावी स्वास्थ्य कर्मियों का श्रीफल पेन देकर सम्मान किया गया कोरेना वैक्सीन लगवाने वाले हितग्राहियों को भी वैक्सीन के संबंध में जानकारी दी गई तथा जल्द से जल्द कोविड-19 बूस्टर डोज लगवाने की अपील की गई ताकि जो एक टारगेट समय अवधि का दिया गया है उसके पहले क्षेत्र में संपूर्ण टीकाकरण हो जाए इसके लिए भी प्रचार प्रसार किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष बुधनू राम पटेल मंडल भाजपा महामंत्री डीगेश खापर्डे पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पार्षद राजेंद्र रंधावा महिला मोर्चा मंडल मंत्री उर्मिला जसूजा हितग्राही कुमारी चेतना यादव पुनीता दरो गुंजा ध्रुव चेतना यदु आदि उपस्थित रहे ।

## दंतेश्वरी के आंगन में बनेगा मध्य भारत का सबसे बड़ा ज्योति कलश भवन, भूपेश बघेल ने रखी थी नीव



पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

ऐतिहासिक दंतेश्वरी मंदिर जो पहले ही अपनी पौराणिक कथाओं को लेकर विश्व प्रसिद्ध है, अब एक और नया आयाम लिखने जा रहा है। दरअसल माई दंतेश्वरी के प्रांगण में चंदखुरी की तर्ज पर मध्य भारत का सबसे बड़ा ज्योति कलश भवन बनने जा रहा है। इस भवन का निर्माण लाल बालू पत्थर से किया जाएगा।

इतना ही नहीं भवन की दीवारों पर माई दंतेश्वरी की पौराणिक कथाओं को दर्शाया जाएगा जिससे यहां आने वाले भक्तों को मंदिर के इतिहास के बारे में पूरी जानकारी हो पाएगी। इस भवन में एक साथ 11100 ज्योति कलश की स्थापना हो पाएगी। आपको बता दे की भेट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्मंत्री भुपेश बघेल ने मंदिर के पुजारियों की मांग पर इस भवन की नीव रखी थी। जिला कलेक्टर विनीत नंदनवार ने बताया कि आने वाली चैत्र नवरात्रि तक इस भवन के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## सुकमा में होगा संभाग स्तरीय योग शिविर का आयोजन



**सुकमा।** आज की भागदौड़ की जीवन शैली के कारण शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए योग की महत्ता दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। ऐसे समय में योग के प्रति जागरूक होकर जीवन में अपनाने की आवश्कयता बढ़ गई है। इसी ध्येय से छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य राजेश नारा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संभाग स्तरीय योग शिविर का आयोजन सुकमा जिला में किया जायेगा। नारा ने बताया कि बस्तर संभाग के सभी जिले से छात्र-छात्राएं, शिक्षक के साथ ही आम नागरिक भी इस शिविर में भाग लेंगे। साथ ही विद्यालयों में योग शिक्षा दी जाएगी। रविवार को स्व. हड़मा कवासी स्टेडियम सुकमा में छात्र-छात्राएं, अधीक्षक आदि को सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग राजेश नारा की उपस्थिति में जिला योग प्रशिक्षक गुलराज शर्मा द्वारा योगाभ्यास (आसन प्राणायाम ध्यान) कराया गया तथा आगामी शिविर के सफल संचालन हेतु चर्चा परिचर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# 2 अक्टूबर से पशुओं में खुरा चपका का सघन टीकाकरण अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



जिले में 02 अक्टूबर से शत प्रतिशत खुरहा चपका का टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए पशुचिकित्सा विभाग के उप संचालक डा.सत्यम मित्रा लगातार बैठक लेकर टीकाकरण दल गठित कर रहे हैं,और आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं, सभी ब्लाक मुख्यालयों में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जा रहा है, 2 अक्टूबर को जिले के ग्राम पंचायतो में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में टीकाकरण अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाने हेतु प्रत्येक ग्राम सभाओं में शपथ भी दिलाई जायेगी, इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय अमले के अलावा शासन से प्रशिक्षित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, प्रशिक्षित प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, प्रशिक्षित शिक्षित बेरोजगार,पशु सखियों का भी सहयोग लिया जा रहा है सभी संस्थाओं में निडिल सिरिंज पर्याप्त टीका द्रव्य और उसके रख रखाव की भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं,खुरहा चपका एक गंभीर बिमारी है, पशुओं में यह रोग लगनें से पशु काफी कमजोर हो जाता है, जिससे कृषकों को काफी नुकसान होता है,यह एक संक्रामक बीमारी है, बहुत तेजी से फैलती है, इसलिए मवेशियों को शत प्रतिशत टीका लगवाने की अपील पशु चिकित्सा विभाग द्वारा की जा रही है।यह टीका पशुचिकित्सा विभाग द्वारा निः शुल्क लगाई जा रही है। इसी विषय में 24 सितंबर को ब्लाक मुख्यालय भानुप्रतापपुर में भी उप संचालक के द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

## केशकाल तहसील के लिए नोटरी नियुक्त किये गए अधिवक्ता अशफाक अहमद कुरैशी

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा विगत दिनों जारी किए गए आदेश के अनुसार अधिवक्ता अशफाक अहमद कुरैशी को केशकाल तहसील क्षेत्र के लिए नोटरी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने सिविल कोर्ट के सामने पुराना तहसील आफिस प्रांगण में अस्थाई रूप से बैठकर नोटरी कार्य प्रारंभ कर दिया है। अधिवक्ता अशफाक अहमद कुरैशी के नोटरी पद पर नियुक्ति से केशकाल अंचल के साथ साथ शहर के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

इस नियुक्ति पर अधिवक्ता अशफ़ाक अहमद कुरैशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में विभिन्न न्यायालयों में नोटरी संबंधी कार्य हो या आय प्रमाण पत्र व शपथ पत्र, इकरार नामा आदि के लिए नोटरी की आवश्यकता अनिवार्य हैं। काफी लम्बे इंतेजार के बाद मेरी नियुक्ति केशकाल नोटरी के लिए हुई है। मैं जरूरतमन्द लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। साथ ही उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए छ. ग. शासन के मुख्यमंतत्री भूपेश बघेल व विधि एवं विधायी कार्य विभाग के केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर व क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सन्तराम नेताम के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

# गिरगोली के जंगलों में जुआ खेलते 4 जुआरी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विगत दिनों छत्तीसगढ़ पुलिस को जुआ, सट्टा समेत अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले में भी ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में रविवार की शाम केशकाल पुलिस की टीम ने कुएंमारी के जंगलों में जुआ खेलते 4 जुआरियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार जुआरियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विनोद साहू ने बताया कि एसपी महोदय द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में एएसपी शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन व एसडीओपी भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में लगातार पतासाजी की जा रही थी। रविवार की शाम मुखबिर से मिली जुआ खेलने की सूचना के आधार कुएंमारी के जंगलों में पुलिस की टीम रवाना किया गया था। इस दौरान गिरगोली जंगल में 4 लोग जुआ खेलते रंगेहाथों पकड़े गए। तथा कुछ जुआरी जंगल का फायदा उठाकर भागने में भी सफल हो गए। गिरफ्तार जुआरियों के कब्जे से ताश का 52 पत्ती व 33,150 रूपये नगद जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का पाया जाने से आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना केशकाल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी विनोद साहू, स.उ.नि हेमंत देवांगन, आर. लिलेश ध्रुव, शम्भु मण्डावी, बिरजू राम शोरी, नारद यदु, मनोहर निषाद, कमलेश शोरी, जोधन नेताम व सैनिक अन्ताराम का विशेष योगदान रहा।

## श्री राघव मन्दिर किरंदुल में ज्योति कलश प्रज्जवलित

**किरंदुल।** नगर परिवार, प्रदेश, राष्ट्र और समस्त विश्व के सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की मंगल कामनाओं सहित बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व विक्रम संवत 2079 के सुअवसर पर आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को शुभ मुहूर्त में घटस्थापना की गई। बैलाडीला देवस्थान समिति एवं श्री राघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा विधि विधान से घटस्थापना, पूजन एवं ज्योति कलश प्रज्ज्वलन कराया गया तथा पूरे नगर परिवार, राष्ट्र के सभी नागरिकों की सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु प्रार्थना की गई।



## दंतेश्वरी मंदिर परिसर की साफ-सफाई




**भानुप्रतापपुर।** ग्राम सरपंच विष्णु प्रसाद नायक एवं राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष संजीत चक्रधारी के मार्गदर्शन में राजीव गांधी युवा मितान क्लब के सदस्यों एवं स्कूल बच्चों द्वारा दंतेश्वरी मंदिर परिसर व आस-पास की साफ-सफाई की गई और लोगों को भी अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए रैली निकाल कर आग्रह किया गया। राजीव युवा मितान क्लब का गठन सरकार की तरफ से क्लब के माध्यम से युवाओं को राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संगठित किया जा रहा है। साथ ही युवाओं में नेतृत्व विकास स्वावलंबन, शिक्षा और सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा।

## भाजपा मंडल केशकाल ने मनाई पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**केशकाल।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार 25 सितंबर को प्रदेश के सभी बूथों पर जनसंघ व भाजपा के नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती बूथ कमलोत्सव के रुप में मनाई गयी। इसी क्रम में केशकाल मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व विधायक निवास कार्यलय पहुँच कर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर पुष्पगुच्छ व दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी जयंती मनाकर उन्हें याद किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला महामंत्री आकाश मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र नेताम, मण्डल महामंत्री नवदीप सोनी, पिलाबाई जैन, सुमित कटारिया, मनोज गोयल, राजू मालू, वीरेंद्र बघेल, जीतू साहू, मनीष राठी, ललित शर्मा प्रफ्फुल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अन्नदाता किसान ही भगवान का दूसरा रूप है : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा अपने निर्धारित चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्राम चंदली और केशला पहुंच कर किसानों से रूबरू हुये, किसानो को सम्बोधित करते मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अनेक योजनाओं की जानकारी देते कहा कि सभी किसान हमारे अन्नदाता है और अन्नदाता ही भगवान का दूसरा रूप होता हाई, अन्नदाता का सम्मान छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल सदेव करते है हम सभी को अपने मुखिया भूपेश बघेल के हाथों को मज़बूत करने उनकी जंकल्यानकारी योजनाओं से लाभ लेकर करना चाहिये,आज किसानो के हितार्थ धान ख़रीदी अब 1 नवम्बर से प्रदेश के सभी सोसायटी की की जायेगी, इससे अब किसानो को अपने फसल काटने के बाद इंतज़ार धान बेचने के लिये नही करना पड़ेगा, जल्द फसल काटकर किसान अपने खेतों में दूसरी फसल भी लगा सकता है।

मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ग्राम चंदली के किसानो के खेतो में भाटापारा शाखा नहर से पानी पहुँचाने हेतु पैदल किसानों के साथ मोपका-धनेली खार तक जाकर शाखा नहर का निरीक्षण भी किया। किसानों ने बताया की सन 1976 के बाद आज तक मोपका से चंदली-सिलवा तक बने शाखा नहर में कोई निर्माण कार्य नही किया गया है जिसके कारण नहर पूरी तरह जीर्ण शीर्ण हालत में दिखाई दे रही है अविलम्ब इस शाखा नहर का पूर्ण रूप से निर्माण करना अति आवश्यक है, साथ नावोको सीमेंट पलांट सोनाडीह के द्वारा रेल लाइन के नीचे पुल निर्माण करते समय 8 इंच मोटी सीमेंट कंकरीट कर निर्माण किया गया है जिसके कारण नहर लाइन की गहराई नीचे और सीमेंट कंकरीट की ऊँचाई अधिक हो चुकी है इससे नहर से पानी बहने में रुकावट हो रही है इसी सीमेंट कंकरीट के कारण आज तक ग्रामीण किसानो के खेतो में शाखा नहर का पानी नही पहुँच पा रहा है, नहर निर्माण के अधिकारी बेहद लापरवाह हो चुके है, तत्काल इस समस्या का निराकरण कर शाखा नहर का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाये। सुशील शर्मा के गाँव पहुँचने पर ग्रामीणजनों ने बाजा गाजा और फूल माला पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर किसान नेता हेमंत उपाध्याय, रामाशंकर पटेल, रघुनाथ पटेल, केवल ध्रुव, बोधराम पटेल, विशाल गिरी गोस्वामी, देशीराम साहू, परदेशी पटेल, पारस ध्रुव, रोहित ध्रुव, प्रीतराम यादव, हृदय राम यादव, मोतीलाल ध्रुव, बोधिराम ध्रुव, दिलीप यादव, नंदकिशोर टेक़राम ध्रुव, कलराम कुर्रे प्रमुख रूप से उपस्तिथ थे।

# शान्ति सरोवर एवं नवा रायपुर में सजी नौ देवियों की चैतन्य झांकी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवरात्रि के अवसर पर विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर एवं नवा रायपुर के सेक्टर 20 में 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2022 तक देवियों की चैतन्य झाँकी सजायी गई है। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों का दर्शन कर सकेंगे। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार झांकी का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने किया। झांकी में संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से विशाल मंच पर विराजित शिवशक्तियों माँ दुर्गा, श्रीलक्ष्मी, सरस्वती, काली और गायत्री देवी आदि की महिमा का लाइट एण्ड साउण्ड के माध्यम से प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। राजयोग की सतत् साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। कुछ पल उस वातावरण में बैठने से दर्शकों को उनके द्वारा प्रवाहित शान्ति और शक्ति के प्रकम्पनों की अलौकिक अनुभूति होती है। इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के शान्ति सरोवर एवं चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्रों पर 6 अक्टूबर से ग्यारह दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया है। इस शिविर में भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8.30 अथवा शाम को 7 से 8.30 बजे में से किसी भी एक सत्र में भाग लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री ने ओबीसी एवं ईडब्लूएस वर्ग के लोगों से क्वांटिफायबल सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्लूएस) वर्ग के सभी लोगों से अपील की है कि वे इन वर्गों की गणना के लिए प्रदेश में क्वांटिफायबल डॉटा आयोग द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण में अवश्य भाग लें। आयोग द्वारा वेब पोर्टल ष्द्धह्यस्र.द्बद्ध के माध्यम से यह सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण के लिए पंजीयन हेतु मॉप-अप राउंड के तहत पोर्टल को आखिरी बार 17 अक्टूबर तक खोला गया है। ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत या नगर निगम के जोन कार्यालय में जाकर इसके लिए पंजीयन किया जा सकता है।

# संपूर्ण शहर में उच्च क्वालिटी के सीसी टीवी कैमरे लगाए गए

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



किसी भी शहर की समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में शहर से बाहर जाने एवं शहर के भीतर प्रवेश करने वाले सभी मार्गों में 24 घंटे चौकस निगरानी अत्यंत महत्वपूर्ण है। निगरानी व्यवस्था से नगर में प्रवेश करने वाले अपराधिक तत्वों की पहचान कर उन्हें तुरंत गिरफ्त में लिया जा सकता है। आज के आधुनिक परिवेश में बड़े नगर, संस्था अथवा संयंत्र में सीसीटीवी कैमरे की मदद से समुचित निगरानी व्यवस्था संपादित की जा रही है।

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार शहर में भी 24 घंटे निगरानी एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था अत्यंत आवश्यक थी। इस हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के दिशा निर्देशन एवं पीताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं शहर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर उच्च क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा लगाकर सिटी सर्विलांस सिस्टम स्थापित किया गया है। इसके साथ ही का संपूर्ण सिटी सर्विलांस सिस्टम का ऑपरेटिंग सिस्टम/कंट्रोल पुलिस कंट्रोल रूम बलौदाबाजार में स्थापित किया गया है।

उमेश पटेल माननीय मंत्री छ.ग.शासन के करकमलों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम बलौदाबाजार में सिटी सर्विलांस सिस्टम का विधिवत उद्घाटन किया गया। सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं प्रवेश मार्गों में उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है, जिससे शहर के अंदर प्रवेश करने एवं बाहर जाने वाले सभी लोगों, वाहनों आदि पर सतत सूक्ष्म निगाह रखी जा सकती है। सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत बलौदाबाजार शहर में विविध विशेषताओं से परिपूर्ण एवं उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को भी इसी सिस्टम के माध्यम से संपादित किया जा सकता है। सर्विलांस सिस्टम स्थापित होने से शहर के प्रमुख मार्ग अथवा चौक चौराहा में किसी भी प्रकार की अपराध अधिक सूचना तुरंत पुलिस को मिल जाएगी एवं इस सिस्टम के जरिए अपराधियों की भी पहचान करने

# नवोदय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में पीसीएस की रही प्रमुख भूमिका

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित स्टेट एवं रिजनल क्रिकेट प्रतियोगिता में फुलझर क्रिकेट संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पीसीएस के प्रमुख कोच अपने समय के मशहूर खिलाड़ी शैलेन्द्र साहू खम्हारपाली की अगुवाई में पीसीएस से जुड़े सदस्यों ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने एवं टीम चयन में महती भूमिका निभाई। उनकी अगुवाई में टीम चयन करने से लेकर स्टेट टीम को कोचिंग देने का काम भी पीसीएस को सौंपा गया था। छत्तीसगढ़ के सभी नवोदय विद्यालय के अंडर 14,17 व 19 वर्ष की टीमों का स्टेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की चयनित टीम को अल्पकालिन कोचिंग शैलेन्द्र साहू के द्वारा दिया गया। इसके उपरांत भोपाल रीजन के चारों टीम छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश 1 मध्यप्रदेश 2 तथा ओड़िशा के बीच टूर्नामेंट हुआ। जिसमें 14 व 17 वर्ष में छत्तीसगढ़ की टीम उपविजेता रही। इन चारों टीमों से श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन करने के उपरांत भोपाल रिजन की एक टीम बनाई गयी। जिनके प्रमुख चयनकर्ता शैलेन्द्र साहू रहे। क्षेत्रीय स्पर्धा स्थानीय नवोदय विद्यालय में 20,21,22 सितम्बर को आयोजित हुई थी। जवाहर नवोदय विद्यालय छिनपाली तथा खम्हारपाली के मैदान में मैच खेला गया। वर्ष 2017 में भी स्थानीय नवोदय विद्यालय में हुए स्टेट एवं क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी फुलझर क्रिकेट संघ को जिम्मा सौंपा गया था।

# यादव समाज परिक्षेत्र की सामाजिक बैठक महुआ डीपा में आयोजित

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



यादव समाज द्वारा सामाजिक गतिविधियों विकास को देखते हुए समाज के सभी प्रमुख क्षेत्र और ग्राम वासियों परिक्षेत्र अध्यक्ष द्वारा ग्राम महुआडीपा में यादव समाज द्वारा समिति गठन कर समाज के विकास हेतु चर्चा की गई जिसमें समाज के सभी प्रमुख उपस्थित रहे समाज प्रमुख जगन्नाथ यादव और सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष उपस्थित रहे सर्व समाज के अध्यक्ष विजय यादव भी उपस्थित थे समाज के विकास एवं हित की बातें रखी गई थी शांतिपूर्वक समाज की मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई भोला यादव परी क्षेत्र अध्यक्ष आंवला चक्का बाबू लाल यादव कोषाध्यक्ष साधराम यादव नून पानी सुरेंद्र यादव के ना संजय यादव ग्राम की दुआ कौशिकी यादव अर्जुंदा शिवनाथ यादव की दुआ हीरालाल यादव संरक्षक सरायपाली परशुराम यादव भोलानाथ संजय यादव जगत राम यादव उत्तर कुमार यादव भीम यादव मनोहर यादव संतोष यादव रोहित यादव सुदाम यादव भुजबल यादव रोहित यादव मुकुंद यादव सीताराम यादव हरिराम यादव एवं समस्त ग्रामवासी परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रमुख उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय पोल्ट्री फार्म एसोसियन संघ का गठन

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



पोल्ट्री फॉर्म व्यवसाय से जुड़े हुए फार्म संचालकों को आये दिन किसी न किसी परेशानियों से गुजरना पड़ता है जिसमें इंट्रिगेशन में चल रहे पोल्ट्री फार्मर संचालक आये दिन परेशान रहते है जिसमे मुख्य रूप से कम्पनी का खराब दाना सप्लाई वा चूजा है जिससे पालन करना बहुत बड़ा मेहनत का कार्य रहता है तथा जिस हिसाब से मेहनत करते है उस हिसाब से कम्पनी इंट्रीगेशन वाले पैसे नहीं बनाते है जिसमे फार्म संचालको का खर्चा तक नही निकल पाता है लेकिन फार्मरो का एक मजबूरी है की फार्म बनाये है तो आखिर करे तो करे क्या।

ये सभी चीजों को देखते हुए बलौदाबाजार जिले मे पोल्ट्री फार्मर का एक संगठन बनाया जाए यह निर्णय लिया गया तथा यह् बैठक् जिला बलौदाबाजार के नगर पंचायत लवन नगर मे सम्पन्न हुआ जिसमे बलौदाबाजार जिले के तथा आसपास के पोल्ट्री फार्मर भाई बैठक मे शामिल हुए तथा बैठक मे सर्वसहमति से बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष मनोज नायक सचिव -योगेश साहु,कोषाध्यक्ष-राज कापुर साहु, सह्कोषाध्यक्ष-दानेश्वर वर्मा, मीडिया प्भारि-खगेन्द्र जायसवाल तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य में दुर्गेश वर्मा, प्रवीण बंजारे, हरिश, पुनूराम बंजारे उमेस साहू तथा सदस्य मे मनमोहन आर्यन, महेंद्र पाटले, हरिशंकर साहू, सतीश साहू, नागेंद्र नाविक, कृष्ण कुमार, आयुष वर्मा, अजय महिपाल, गेंद राम वर्मा, रज्जु वर्मा, हरिलाल पैकरा आदि लोग उपस्थित थे।

# ग्राम गंगई में हिंदुत्व की अलख जगाने विहिप बजरंगदल कार्यकारिणी का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लवन तहसील से लगे ग्राम गंगई में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की नवीन कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी (मिकी) ने किया। ग्राम में बैठक लिया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा सम्मिलित हुए नवनियुक्त सदस्यों को संगठन के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का बैठक का शुभारम्भ श्री राम स्तुति से किया गया। बैठक को जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, सरखोर खंड मंत्री विनय फेंकर एवं कोरदा ग्राम मंत्री पीताम्बर वर्मा ने किया। विदित हो की बीते दिनों में लवन, सरखोर, कोरदा, सोल्हा, गंगई समेत आसपास के गावों में सनातन धर्म विरोधी सभा लगाने की बात सामने आ रही है जहां भोले भाले ग्रामीणों को बीमारी एवं गरीबी से मुक्त कराने के नाम पर विधर्मियों द्वारा बरगलाकर सनातन धर्म से अलग करने का षडयंत्र चलाया जा रहा है ग्राम गंगई भी धर्मांतरण एवं विधर्मियों के सनातन धर्म के विरुद्ध किये जा रहे भ्रामक प्रचार से बचा नही है जिससे वहां भी शत प्रतिशत निवासरत हिन्दू समाज में मिशनरियों द्वारा चलाए जा रहे हिन्दू विरोधी राष्ट्र विरोधी कुचक्र से परेशान होकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की सदस्यता ग्रहण की और सनातन धर्म की रक्षा एवं इसके प्रचार प्रसार और सनातन की अच्छाइयों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया साथ ही गांव के युवाओं को नशापान से बचने एवं गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने की अपील अभिषेक तिवारी द्वारा की गई।

## राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# विटामिन और प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार की दी गई सीख

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वीर शिवाजी वार्ड की आंगनबाड़ियों द्वारा साहू भवन में एक एकीकृत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को विटामिन और प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही सुपोषित छत्तीसगढ़ का संदेश भी दिया गया।

एकीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत हुयी गोद भराई कार्यक्रम की लाभार्थी बिमला साहू कहती हैं गोद भराई के दौरान मुझे यहां जानकारी मिली कि स्वस्थ बच्चे के लिए नियमित रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है साथ ही प्रसव पूर्व समस्त जांच भी जरूरी है जो शासकीय अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध होती है। गर्भकाल के समय किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मितानिन दीदी या आंगनबाड़ी दीदी से संपर्क किया जा सकता है। अन्नप्राशन के लिए पहुंची सुनैना साहू ने बताया - कार्यक्रम के दौरान जानकारी मिली कि किस प्रकार से बच्चे की देखरेख करनी है। साथ ही 6 माह पूर्ण होने पर किस प्रकार के आहार को बच्चे को खिलाना है। आंगनबाड़ी दीदी ने समझाया 6 माह बाद भी नियमित रुप से बच्चे को स्तनपान कराते रहना है। वहीं इस मौके पर किशोरियों ने हाथों में मेहंदी लगाकर 'सही पोषण देश रोशन' का संदेश दिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सही पोषण की सीख भी मिली। संजू साहू कहती है- 'मैंने जाना कि किशोरावस्था में किस प्रकार का भोजन करने से शरीर स्वस्थ रहता है। किशोरावस्था में शरीर में अनेक परिवर्तन होते हैं शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत होती है जिसके लिए पौष्टिक और विटामिन युक्त भोजन करने से इन कमियों को पूरा किया जा सकता है।

एकीकृत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्टेशन रोड सेक्टर की पर्यवेक्षक, पंखुड़ी मिश्रा ने बताया वीर शिवाजी वार्ड की आंगनबाड़ी केंद्रों को एकीकृत कर साहू भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में 5 बच्चों का अन्नप्राशन, 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, किशोरियों ने पोषण आहार जागरूकता संबंधी रंगोली का निर्माण किया। वहीं बीस किशोरियों ने मेहंदी लगाकर 'सही पोषण देश रोशन' का संदेश भी दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत 3 से 6 वर्ष के बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर पोषण आहार का भी प्रदर्शन किया गया ताकि लोगों को यह संदेश जाए कि पोषण आहार किन किन चीजों से मिलता है। अनाज की रंगोली के माध्यम से पोषाहार का संदेश भी दिया गया। उन्होंने बताया बच्चों को स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भोजन के बारे में भी जानकारी दी गई। रेडी टू ईट से निर्मित व्यंजनों में मुख्य रूप से इडली, बड़ा, बर्फी, पिज्जा, जलेबी, पूड़ी, भजिया, लड्डू, खूरमी आदि व्यंजनों के साथ फल में केला, अनार, सीताफल, सेब और पौष्टिक सब्जी के अंतर्गत भिंडी, टमाटर, आलू, सोयाबड़ी, दाल के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पौष्टिक आहार का प्रदर्शन किया गया।

# साहू समाज लखना परिक्षेत्र उपचुनाव में संतोष साहू निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

रविवार को लखना परिक्षेत्र साहू समाज का स्वर्गीय देवचंद साहू के स्वर्गवास होने के कारण अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। जिसका उपचुनाव सोमनाथ धाम कर्मा मंदिर में रखा गया। सर्वप्रथम मां कर्मा की पूजा अर्चना कर पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय देवचंद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तहसील से पधारे पदाधिकारियों ने निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जिसमें निर्विरोध रूप से संतोष साहू (खैरखुट) अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। तथा साहू समाज खेरखुट के युवा ओमप्रकाश साहू, युगल साहू एवम् उनके पूरे समिति को प्रेरणादायक कार्य के लिए तहसील साहू संघ एवं लखना परिक्षेत्र के द्वारा श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। तत्पश्चात विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का भी निपटारा किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष साहू ने आशीर्वाद देकर निर्विरोध रूप से अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित करने एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी परी क्षेत्र एवं तहसील के पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया अंत में आभार व्यक्त सभापति रामजी साहू बेमता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारी सभी परीक्षेत्र पदाधिकारी एवं ग्रामीण पदाधिकारी महिला पदाधिकारी युवा पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहे।

## राम दरबार, सोने जैसी दीवाल, वैवाहिक ज्वैलरी के लिए अलग सैलून

# एटी के मध्यभारत में 7 वें शो रूम का हुआ शुभारंभ





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ज्वैलरी जांचने के लिए कैरोमिटर डायमंड्स ज्वैलरी प्रमाणित igi सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त ज्वैलरी वेल्यूवर65 वर्षो का सराफा व्यवसाय का अनुभव मध्यभारत में 65 वर्षो से खरे, शुद्ध और विश्वनिय आभूषणों के लिए सर्वाधिक प्रमाणिक नाम है अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स स्व. जसराज बरडिया जिन्होंने एटी की स्थापना की।

आज पूरे मध्यभारत में 7वें शोरूम का शुभारंभ बड़े ही गरिमामय खुशनुमा अंदाज़ में हुआ द्य एटी के नए सोपान में दिनांक 25 सितंबर को राष्ट्र संत ललित प्रभु जी के चरण कमल से आगाज़ हुआ तथा उदघाटन अवसर पर प्रदेश से आए सम्मानीय गणमान्य लोगों के अलावा मुंबई, दिल्ली, सूरत, कोलकाता, बैंगलुरू, इंदौर, जयपुर सहित दुबई के भी सराफा जगत को व्यवसायियों ने अपनी उपस्तिथि दर्ज़ कराई। गौरतलब है कि





नवरात्रि के पावन अवसर पर 26 सितंबर शुभारंभ दिवस से ग्राहकों, शुभचिंतकों के खास ज्वैलरी का कलेक्शन देखने को मिलेगा।

### खरी ज्वैलरी, खरा भाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ

विश्व पटल पर एक ग्राहकों को ज्वैलरी बेचने के उपरांत शत प्रतिशत वापसी का भरोसा कैडियम से बनी ज्वैलरी से मिलता है जिसकी शुरुवात पूरे मध्यभारत में एटी ने की, सर्वप्रथम साथ ही कैरोटोमिटर से ज्वैलरी की जांच, डायमंड्स ज्वैलरी आय जी आय सर्टिफिकेट, अनुभवी ज्वैलरी डिजाईनियर टीम, स्वयं की फैक्ट्री में हुनरमंद कारीगरों आधुनिक तकनिक की मशीनों से आभूषणों का निर्माण, भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्वैलरी वेल्यूवर हॉलमार्क ज्वैलरी, बि ी पश्चात् जरूरत अनुसार रिपेरिंग के लिए कारीगरों की टीम, परिवार जनों के साथ ग्रूम ब्राइडल ज्वैलरी का कलेक्शन विशेष सैलून में औरों से अलग नए अंदाज में, सोने जैसी दीवाल का अलग अंदाज़, कोरियन स्टोन की अलग छंटा एटी के शोरूम की विशेषता है जो की मध्यभारात में किसी भी ज्वैलरी शो रूम से अलग बनाती और अनोखी भी बनाती है।

### शुद्धता, विशवनियता और पारदर्शिता से संकल्पित एटी

भारतीय सराफा जगत में ग्राहक आभूषण की खरीदी भरोसे के आधार पर करता आया है और अनवरत करता भी रहेगा पर एटी के चेयरमैन तिलोकचंद बरडिया, शांतिलाल बरडिया और अशोक बरडिया ने शुद्धता,विश्वनियता और पारदर्शिता का उत्कृष्ट समन्वय कर 65 वर्षों से सराफा जगत में अपनी अलग पहचान बनाने में सफलता पाई इतना ही नहीं एटी ज्वैलर्स ही एकमात्र ज्वैलर्स है जिसने डायमंड्स के फोर सी की जगह एटी का फाइव सी के नाम से बाज़ार में डायमंड्स में आमताय लोग फोर सी कट, क्लियरटी, कलर्स, कैरेट के अलावा पांचवा सी है कॉन्फिडेंस एटी का जो आज तक कायम है हर ग्राहकों के दिल में दिमाग़ में। इसलिए तो आम लोग यू ही नहीं कहते अपना वाला एटी।

# 2 साल के बाद देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योति कलश का हुआ स्थापना

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि पर्व में इस साल देवी मंदिरो मैं श्रद्धालुओं की मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना 2 साल के बाद स्थापित किया इस बार नगर के प्रमुख मंदिरों में तेल एवं धृत मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना विभिन्न शुभ मुहूर्त में स्थापित किया गया है इस संबंध में माता महामाई मंदिर के बारे में पिंटू रोहरा से मिली जानकारी के अनुसार इस साल यहां कुल 40 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है जिसमें चार धृत मनोकामना ज्योति कलश शामिल है इस मंदिर में आचार्य ज्ञानेंद्र पांडे के द्वारा दुर्गा सप्त दुर्गा सप्तशती पाठ पूरे पर्व किया जाएगा इसी प्रकार से मनोकामना ज्योति कलश मां शीतला मंदिर में इस साल कुल 287 तेल जो तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है एवं अट्ठारह घृत ज्योति कलश तथा एक संस्था द्वारा कलश की स्थापना किया गया है यहां कुल 305 ज्योति कलश की स्थापना अभिजीत मुहूर्त में आचार्य रोशन मिश्रा के द्वारा किया गया है यहां पर प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ का पठन किया जाएगा इसी तरह माता भद्रकाली मंदिर में भी मनोकामना तेल ज्योति कलश स्थापित किया गया है यहा के बारे मे संस्था के क कोषाध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में कुल 1533 तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापित किया गया है जिसमें एक संस्था के द्वारा भी ज्योति कलश स्थापित किया गया है जो शामिल है यहां ब्रह्म मुहूर्त में वेद प्रकाश जोशी खमरिया वाले के सानिध्य में ज्योति कलश स्थापित किया गया है।

यहां प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ का होगा जिसमें 5 पंडितों के द्वारा किया जाएगा इसके अलावा मां बमलेश्वरी मंदिर मैं 11 मनोकामना तेल ज्योत की स्थापना ब्रह्म मुहूर्त पर किया गया तथा माता गायत्री मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना विभिन्न महोत्सव में आचार्य के सानिध्य पर किया गया है। श्रद्धा भक्ति गाजे-बाजे के साथ देवी मां की मूर्ति का किया गया स्थापनावही शारदीय नवरात्रि पर्व में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरी निकाय क्षेत्रों के चौक चौराहे पर सार्वजनिक मंच एवं पंडालों में देवी मां की विभिन्न रूपों की मूर्ति की स्थापना आचार्यों के निर्देश में विभिन्न शुभ मुहूर्त में किया गया इसके पूर्व माता देवी की मूर्ति को मूर्ति कारों के घर से लाने के लिए पहुंचे जहां पर माता की यथासंभव पूजा अर्चना किया गया तदुपरांत श्रद्धालुओं के द्वारा विभिन्न साधन में बाजे गाजे के साथ माता को 1 दिन पहले मूर्ति स्थापना के स्थल पर ले गए थे वहीं कुछ कई श्रद्धालुओं ने पर्व के दिन ही माता की मूर्ति को ले गए और जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने पर्व के दिन माता की मूर्ति को मूर्तिकार के यहां से बाजे गाजे के साथ ले गए और इसकी स्थापना किया गया। इसके इसके साथ ही 9 दिन तक चलने वाले नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो गई है इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों के कई श्रद्धालुओं के घरों में मनोकामना ज्योति की स्थापना श्रद्धा भक्ति के साथ विभिन्न श्रद्धालुओं के द्वारा स्थापित किया गया है।

# जैन श्री संघ ने मुमुक्षु बहन शांतादेवी कोठारी का कुसुमकसा आगमन पर स्वागत व अभिनन्दन किया

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





जैन श्री संघ कुसुमकसा द्वारा मुमुक्षु बहन शांतादेवी कोठारी का कुसुमकसा आगमन पर प्रकाशचंद कुचेरिया के निवास पर स्वागत व अभिनन्दन करते हुए सम्मान किया गया। मुमुक्षु शांतादेवी कोठारी स्वजन कोठारी परिवार दुर्ग व गोलछा परिवार राजनांदगांव वालो के साथ कुसुमकसा आगमन हुआ था।

मुमुक्षु शांतादेवी कोठारी की दीक्षा ज्ञान गच्छाधिपति आचार्य भगवन प्रकाशचंद जी म सा के मुखार बिंद से जोधपुर (राजस्थान)में 03 अक्टूबर 22 को दीक्षा अंगीकार करेगी, इस अवसर पर जैन श्री संघ कुसुमकसा के प्रकाशचंद कुचेरिया, सुरेश गुणधर, कंवरलाल कुचेरिया , प्रेमचंद छाजेड़, किशोर बाफना, देवराज रायसोनी, नितिन जैन ,मुकेश गुणधर,दिनेश रायसोनी, श्यामाबाई कोटड़ीया पारसबाई छाजेड़ सोनल गुणधर, कीर्ति कुचेरिया, मनीषा रायसोनी नैतिक कुचेरिया, संयम कुचेरिया, आदि कुचेरिया, सहित जैन श्री संघ के महिला पुरूष सदस्य उपस्थित थे।

# कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



फार्मेसी यूनाइटेड इन एक्शन फॉर ए हेअल्थिएर वर्ल्ड, थीम पर आधारित वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ-फार्मेसी द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर गुंजन कल्याणी द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों कोई फार्मासिस्ट की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष की थीम वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सार्थक है क्योकि फार्मासिस्ट समुदाय इस वैश्विक महामारी कोवीड- 19 की खिलाफ हो रही जंग में हमेशा अग्रणी रहा है तथा सफल भी रहा है, इसके अलावा फार्मासिस्ट कई दशकों से जनसाधारण के स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं में एक महत्वपूर्ण एवं अहम भूमिका निभाते आ रहा है फार्मासिस्ट दिवस के माध्यम से दुनिया भर में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका एवं गतिविधियों को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना है। इस दिन का उद्देश्य यह है कि फार्मासिस्ट एक ऐसी दुनिया में कैसे योगदान करते हैं, जहां हर कोई सुरक्षित, प्रभावी, गुणवत्ता और सस्ती दवाओं और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ फर्मास्युटिकल देखभाल सेवाओं तक पहुंच से लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर अनेकानेक आयोजन भी किये गए 3 डी पोस्टर एवं विभिन्न प्रकार की दोसागे फॉर्म पैकेजिंग पर कम्पटीशन का आयोजन किया गया जिसका मूल्या-न डॉ पुष्प प्रसाद गुप्ता एवं डॉ बिबेकानंदा मेहर द्वारा किया गया इस दोनों प्रतियोगताओं को स्टूडेंट्स का अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी, रायपुर के प्रिंसिपल डॉ. अमित रॉय, किशोर जादवानी, चेयरमैन और सचिव हरजीत सिंह हुरा, इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट एसोसिएशन की छत्तीसगढ़ इकाई के महासचिव डॉ. रविंद्र कुमार पांडेय एवं संस्थान के सभी शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

## श्रद्धा के दीपों की रोशनी में अपने लोक गए पितर

**बलोदा बाजार।** सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के साथ रविवार को श्रद्धा पक्ष पखवाड़े का समापन हुआ सुबह से ही पितरों के मोक्ष के लिए तर्पण श्रद्धा पिंड दान करने का सिलसिला शुरू हुआ शाम तक तर्पण के कार्यक्रम हुए यहां पूर्वजों की पूजा अर्चना और दान पूर्ण कर दीप प्रज्वलित कर अपने पूर्वजों से माफी मांगी बाजार में पिपराहा तालाब रामसागर तालाब आठ बजे से तर्पण करने लोग पहुंचे गए थे तथा पूर्वजों से जाने अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगी एवं आशीर्वाद लिया पंडित के अनुसार श्रद्धा पक्ष से 16 दिन पूर्णिमा लेकर अमावस्या तक पितृपक्ष रहता है यह पखवाड़े पितरों के तर्पण श्रद्धा कर्म के लिए विशेष है मान्यता है कि पितृपक्ष में पितर पृथ्वी लोक पर आते हैं इसलिए जिनकी मृत्यु पूर्णिमा से लेकर अमावस्या तक जिस तिथि पर हुई है पितृ पक्ष की तिथि पर तर्पण किया जाता है

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 25 सितम्बर को प.दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर बेरला मंडल के प्रत्येक शक्तिकेन्द्र में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी कार्यकर्ता एक साथ एक जगह बैठकर बुथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात श्रवण किया साथ ही बुथ में आगामी कार्यो व पार्टी के दिशा निर्देश पर चर्चा हुआ अंतिम में ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया इसी कड़ी में बेरला मंडल के नगर बेरला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 25 सितम्बर को भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश सिंह चंदेल,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,शक्तिकेन्द्र संयोजक मानक चतुर्वेदी, बलराम यादव, बुथ अध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी जन प्रतिनिधिगण व पदाधिकारी व सम्मानीय कार्यकर्ता ने प.दीनदयाल उपाध्याय की परिसर में साफ सफाई कर प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

अवधेश सिंह चंदेल ने बताया सेवा पखवाड़ा में हर एक दिन जरूरत मंद के सेवा समाज कल्याण इसी कड़ी में नगर बेरला में तालाब परिसर व प.दीनदयाल परिसर में सफाई करके माल्यार्पण करके श्रंद्धाजली दी उनके बाद सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात श्रवण किया अंत मे बुथ की बैठक हुआ जिसमे सेवा पखवाड़ा व आगामी कार्यो विस्तार से चर्चा किया गया।

## लटुवा-बिलासपुर मार्ग में बड़े-बड़े गड्डों में राहगीर गिरकर हो रहे चोटिल

**बलौदाबाजार।** पुरानी बस्ती बलौदाबाजार से लेकर लटुवा तक मार्ग में बड़े-बड़े गड्डों में राहगिर एवं स्कूली छात्र-छात्राएँ प्रतिदिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं, इस मार्ग में चलना दुभर हो गया है। बलौदाबाजार से बिलासपुर तक सड़क निर्माण कार्य जारी है, जो कि समयावधि से अधिक होने के बावजुद आज पर्यन्त तक पूर्ण नहीं हुआ है। बिलासपुर से बलौदाबाजार तक बीच-बीच में सड़क निर्मित नहीं हुआ है, जहां बड़े-बड़े गड्डे हो गये है, कुछ स्थानों पर बजरी गिट्टी डालकर जवाबदारी से पल्ला झाड़ा जा रहा है। बाकी गड्डों को खुला ही छोड़ दिये हैं। ठेकेदार से इस विशय पर चर्चा करने पर मशीन नहीं होने या ऑपरेटर के नहीं होने की बात कहकर टाल दिया जाता है। ए.डी.बी. के अधिकारी टी.सी. वर्मा को मोबाईल पर कॉल करने पर फोन तक नहीं उठाते हैं, जिसके कारण ग्रामीणों में रोश व्यप्त है।

# राज्य स्तरीय स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट में आशीष साहू का चयन, लोगों ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट मैच बालक 17 वर्ष जो कि कोरबा में संपन्न होना है, जिसके लिए बालक शास उच्च माध्यमिक विद्यालय जैजैपुर के कक्षा 10 वी के छात्र आशीष साहू पिता सुशील साहू माता सुनीता साहू ने बिलासपुर संभाग की टीम में प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया।इनके माता-पिता नगर पंचायत जैजैपुर में होटल चलाते हैं द्य इस तरह से होटल चलाते हुए भी आशीष साहू



का प्रतिभा छिपा हुआ नहीं है , जो कि राज्य स्तर टेनिस बॉल क्रिकेट में उनका चयन हुआ है द्य इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर आर उरांव, व्यायाम शिक्षिका लता चंद्रा, विकाश खण्ड क्रीड़ा अधिकारी पी आर साहू, विकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय सिदार जी, कोच खगेश भारद्वाज इस कार्य में प्रमुख भूमिका प्रशिक्षक लक्ष्मी नारायण धीवर के मार्गदर्शन में साहू का राज्य में चयन हुआ सभी ने छात्र आशीष साहू को आगामी मैचों में अच्छे प्रदर्शन के लिऐ शुभकामनाए दी और उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस



**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 24 सितंबर उत्साह पूर्ण मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के. उपाध्याय विशेष अतिथि देवानंद बोरकर जिला संगठन, संदीप पांडे जिला राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार, डॉ. पी.झा प्रोफेसर महाविद्यालय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मॉ सरस्वती एवं विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण सरस्वती वंदना एवं राज्य गीत गाकर की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के. उपाध्याय द्वारा बच्चों के शिक्षा के साथ समाज सेवा करने एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किये। जिला संगठक देव आनंद बोरकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं स्थापना के संदर्भ में संक्षेप में बताया। संदीप पांडे ने उठे समाज के लिए उठे उठे रासेयो गीत गाकर स्वयंसेवकों में उत्साह भरा। प्रोफेसर डॉ. पी.झा द्वारा महाविद्यालय में होने वाले नैक के लिए स्वयंसेवकों के कार्यों का सहारा एवं आने वाले राष्ट्रीय टीम के लिए भी तत्परता से तैयार रहने का आवाहन किया। विभिन्न गीत संगीत नृत्य एवं नाटक के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया। अंत में बी प्रमाण पत्र वितरण प्राचार्य डॉ.ए.के. उपाध्याय, डॉ आर.आर. दास एवं कार्यक्रम अधिकारी के हाथों से किया गया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग नारायणपुर संभाग नारायणपुर (छ.ग.)**

**// निविदा सूचना प्रकाशन //**

क्रमांक/2341/N.I.T. No.-08/व.ले.लि./2022-23 — नारायणपुर, दिनांक 22/09/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी वर्ग ''ई'' में पंजीकृत बेरोजगार ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनूअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 03.10.2022 सायं 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 11.10.2022 सायं 5.30 बजे तक (रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट द्वारा)
निविदा खोलने की तिथि :- 12.10.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| नि.क्र. | कार्य का नाम | अमानत राशि | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| T0004 | उप संभाग क्र.-1 नारायणपुर के अन्तर्गत आवासीय/गैरआवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य (भाग-1) (प्रथम आमंत्रण) | 10500/- | 14.00 |
| T0005 | उप संभाग क्र.-1 नारायणपुर के अन्तर्गत आवासीय/गैरआवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य (भाग-2) (प्रथम आमंत्रण) | 10500/- | 13.93 |
| T0006 | उप संभाग क्र.-1 नारायणपुर के अन्तर्गत आवासीय/गैरआवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य (भाग-3) (प्रथम आमंत्रण) | 11300/- | 15.00 |
| T0007 | उप संभाग क्र.-1 नारायणपुर के अन्तर्गत आवासीय/गैरआवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य (भाग-4) (प्रथम आमंत्रण) | 11500/- | 15.00 |
| T0008 | उप संभाग क्र.-1 नारायणपुर के अन्तर्गत आवासीय/गैरआवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं पेंटिंग कार्य (भाग-5) (प्रथम आमंत्रण) | 10500/- | 14.00 |
| T0009 | उप संभाग क्र.-1 नारायणपुर के अन्तर्गत गैरआवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 15000/- | 20.00 |

शर्तेः
निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अर्नत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग
नारायणपुर

G-94544/2



**kotak® | कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 27-बीकेसी, सी-27, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400 051 (महाराष्ट्र)
शाखा/आंचलिक कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लि., 5वां तल, मेट्रो टावर, ए.बी. रोड, निकट विजय नगर, स्क्वायर इन्दौर-452 010 (मध्य प्रदेश)

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**
**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट 4 के अनुसार)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, बैंकिंग रेगुलेशन ऐक्ट, 1949 के अभिप्राय के भीतर एक बैंकिंग कम्पनी, जिसका पंजीकृत कार्यालय 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400051, शाखा/आंचलिक कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लि. , 5वां तल, मेट्रो टावर, ए.बी. रोड, निकट विजय नगर, स्क्वायर इन्दौर-452001 (मध्य प्रदेश) में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना जारी की थी, जिसमें सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
पार्टीज तथा बैंक द्वारा भौतिक कब्जे में ली गई बंधक सम्पत्ति का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :-

| ग्राहक (कर्जदार (रों) /सह-कर्जदार (रों) एवं गारंटर (रों)) का नाम ऋण खाता संख्या सहित | सरफासी ऐक्ट के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि, रुपयों में राशि के साथ | कब्जे में ली गई (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार) अचल सम्पत्ति का वर्णन |
|---|---|---|
| ऋण संख्या HF37609378 एवं सीआरएन नंबर 249101262 HF OD 4912581367 एवं सीआरएन नंबर 249104770 कर्जदार :- (1) श्रीमती आरती पोद्दार पत्नी श्री आलोक पोद्दार (2) मैसर्स पोद्दार स्टील द्वारा एकमात्र प्रोपराइटर श्री आलोक पोद्दार ; प्रोपराइटर/गारंटर/बंधकदाता :- (3) श्री आलोक पोद्दार; सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता :- (4) श्रीमती आरती पोद्दार पत्नी श्री आलोक पोद्दार सभी का पता (सिवाय क्र. सं. 2) :- ई-17, कैपिटल सिटी, फेज-2, सड्डू बरोंडा रोड, निकट भावांस सारधू, रायपुर-492002 (छत्तीसगढ़), पता (केवल क्र. सं. 2) :- पोद्दार स्टील, दुकान नंबर 60, आदीश्वर कॉम्प्लेक्स राम सागर पारा, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ | मांग सूचना दिनांकित : 17-05-2022 (ऋण संख्या HF37609378 एवं सीआरएन नंबर 249101262) रू. 24,24,658.93/- (रू. चौबीस लाख चौबीस हजार छह सौ अठ्ठावन तथा पैसे तिरानवे मात्र) दिनांक 12-07-2022 तक (ऋण संख्या HF OD 4912581367 एवं सीआरएन नंबर 249104770) रू. 9,05,798/- (रू. नौ लाख पांच हजार सात सौ अठ्ठानवे मात्र) दिनांक 12-07-2022 तक | निम्नवर्णित स्थान पर स्थित अचल सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :- 1. प्लॉट नंबर ई-17, बी-1, केएच नंबर 266/1, पी.सी. नंबर 96, आरएनएम : धारसीवा 1, ग्राम बरोंडा, रायपुर (छत्तीसगढ़), परिमाप क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट चौहद्दी : - उत्तर : रास्ता (रोड), दक्षिण : प्लॉट नंबर ई-16, पूरब : खुली भूमि, पश्चिम : रास्ता (रोड) — भौतिक कब्जा की तिथि: 21-09-2022 |

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा "कब्जा की तिथि" कालम में वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
एतद्द्वारा, विशेष रूप से उपरिवर्णित कर्जदारों तथा सामान्य रूप से सर्वसाधारण को सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड की इस सूचना में वर्णित अनुसार बकाया राशि तथा उस पर उपरिवर्णित विवरण में दर्शित बकाया राशि की स्थिति की अगली तिथि से प्रभावी पूर्ण भुगतान तथा/अथवा वसूली तक संविदात्मक दर पर भावी ब्याज, ऐवजी ब्याज, अनुषंगी व्यय, लागतों एवं प्रभारों के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
कृपया नोट करें कि सम्पत्तियों का वर्णन ऊपर वर्णित अनुसार है।

तिथि : 21-09-2022
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ़

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

संपादकीय

## कांग्रेस अध्यक्ष जिम्मेदारी का बोझ

**कहा** जाता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। यदि वे जीत जाते हैं तो उन पर पार्टी को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी का भारी बोझ होगा। वे पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बजाय इस कारण अध्यक्ष बनेंगे कि उनको गांधी परिवार का आर्शीवाद प्राप्त है। इस प्रकार दशकों बाद गैर-परिवार का सदस्य 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' का नेतृत्व संभालेगा। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि परिवार के किसी सदस्य को पार्टी का प्रमुख नहीं बनना चाहिए। अतः प्रभावी रूप से गहलौत परिवार के उम्मीदवार हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर को परिवार का नजदीकी माना जाता था, पर बाद में वे विद्रोही जी-23 में शामिल हो गए थे। समझा जा रहा है कि वे गहलौत का मुकाबला करेंगे। कुछ अन्य नेता भी दौड़ में शामिल हो सकते हैं। लेकिन केरल के सांसद अनेक नेताओं को उत्साहित करने में विफल रहे हैं। कहा जाता है कि उनके गृह राज्य समेत 10 राज्यों की कांग्रेस इकाइयों ने उनका विरोध किया है। केरल में थरूर की पार्टी के कुछ साथियों ने कहा था कि वे केवल उस व्यक्ति का समर्थन करेंगे जिसे नेहरू परिवार का समर्थन प्राप्त होगा। गहलौत को निश्चित रूप से यह समर्थन प्राप्त है। लेकिन 71 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता बहुत प्रसन्न नहीं हैं क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष का पद एक शर्त के साथ मिलेगा। उनको राजस्थान में मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। यह उनके लिए कड़वा घूंट होगा क्योंकि राज्य में उनके धुर-विरोधी सचिन पायलेट के मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद है। मीडिया की खबरों के अनुसार वे अपनी पसंद से अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन लगता है कि उनकी यह मांग नहीं मानी गई है। सर्वोच्च कांग्रेस नेतृत्व के लिए अंतर-पार्टी चुनाव 'एक तीर से दो शिकार' की तरह होगा। एक गैर-गांधी परिवार का अध्यक्ष बनने पर देश की सबसे पुरानी पार्टी के खिलाफ भाजपा के हमलों की धार कुंद होगी तथा गहलौत-पायलेट टकराव का भी अंत हो जाएगा।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गहलौत से मुलाकात के पहले पायलेअ से एक घंटा बातचीत की थी। पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व की नजर में नई प्रस्तावित व्यवस्था यह है कि गहलौत कांग्रेस अध्यक्ष तथा पायलेट राजस्थान के मुख्यमंत्री बनें, लेकिन इससे गहलौत बहुत प्रसन्न नहीं हैं। वे देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष बनने को तैयार हैं, जबकि पायलेट मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इससे वरिष्ठ कांग्रेस नेता का अपने राज्य में कोई वर्चस्व नहीं रहेगा। इसके कारण स्पष्ट हैं। गहलौत तथा पूर्व उप-मुख्यमंत्री पायलेट के बीच भयानक टकराव हुआ था। कांग्रेस को उम्मीद है कि निर्वाचित होने के बाद गहलौत पुराना पद खोने के कारण दुःखी होने के बजाय नए काम पर ध्यान देंगे। हालांकि, बड़ा मुद्दा पार्टी संचालन में परिवार का हस्तक्षेप होगा। यदि यह जारी रहा तथा हस्तक्षेप का पुराना तरीका जारी रहा तो पार्टी के पुनर्जीवन की संभावनायें काफी धूमिल हो जाएंगी। राहुल गांधी लगातार नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना और निन्दा में लगे हैं तथा उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' को भी काफी समर्थन मिला है, लेकिन निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखा जाए तो उनकी व उनके परिवारी सदस्यों का प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। गांधी परिवार के कुछ निर्णय पूरी तरह अतार्किक रहे हैं। ऐसे में यदि गहलौत को कांग्रेस अध्यक्ष चुन लिया जाता है तो उन पर भारी बोझ होगा। पार्टी को पुनर्जीवित करना एक बहुत कठिन काम होगा।

# दीनदयाल उपाध्याय का वैश्विक दर्शन

### दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन में गरीबों में सबसे गरीब को राजनीति के केन्द्र में रखा गया है। यह भारत का वैचारिक दर्शन बन गया है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन में गरीब को राजनीति के केन्द्र में रखा गया है। इस प्रकार यह विचारधारा अब मृत हो चुके साम्यवाद व पूंजीवाद का स्थान लेती है। दीन दयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद न केवल जीवित है, बल्कि वह भारत का वैचारिक दर्शन बन गया है। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय राजनीति को दीन दयाल उपाध्याय के विचारों में एक गहरा वैचारिक आधार मिला है। दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन पर अकादमीशियनों में व्यापक बहस व चर्चा की आवश्यकता है क्योंकि इसमें मानव जीवन व प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें अधिवेशन में दुनिया भर के नेता अन्य चीजों के साथ जलवायु परिवर्तन तथा गहराती सामाजिक असमानता से चिन्तित हैं। पूंजीवाद व साम्यवाद से संचालित विकसित देशों ने प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन से पर्यावरण का विनाश कर दिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने विकसित दुनिया की आत्मकेन्द्रीयता स्पष्ट कर दी है।

उन्होंने अपने लिए वैक्सीनों का भंडार बनाया, जबकि गरीब व कम विकसित देश जीवनरक्षक दवाओं व वैक्सीनों की प्रतीक्षा करते रहे। संकट के ऐसे समय ही किसी विचारधारा की कठोर परीक्षा होती है। दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद ने विश्व स्तर पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध कर दी है क्योंकि भारत ने छोटे व बड़े देशों को समान रूप से वैक्सीनें, दवायें, भोजन व कोविड-19 किटें पहुंचाईं। इससे अंतर स्पष्ट दिखाई दिया। इससे एकात्म मानववाद की विचारधारा की महानता सिद्ध हुई जिसके अनुसार हर जीवन को बचाना और उसका पालन-पोषण महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को राजनीति में सर्वोत्तम अभिव्यक्ति मिली है। भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के सर्वोच्च विचारकों के विचारों को कार्यरूप में परिणत करने के लिए सामाजिक लोकतंत्र का रास्ता चुना है। जब कोई बच्चा पैदा होता है तो वह सबसे पहले अपने बारे में जागरूक होता है तथा इसके बाद समय बीतने के साथ परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र के बारे में जानकारी प्राप्त करता है। मानव जीवन अपने आसपास से लेन-देन पर निर्भर रहता है जिसमें प्रकृति भी शामिल है। इस प्रकार मनुष्यों, जानवरों व वनस्पतियों के बीच सह-अस्तित्व का संतुलन बनता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने इसे रेखांकित किया है। यदि कोई दूसरे की देखभाल किए बिना आगे बढ़ता है तो इससे असंतुलन पैदा होता है जिससे सभी प्रभावित होते हैं। जलवायु परिवर्तन इस प्रक्रिया का परिणाम है कि विकसित दुनिया ने सह-अस्तित्व की इस मूल अवधारणा का खंडन किया है।

लेकिन मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से न केवल देश के गरीबों में सबसे गरीबों की बेहतरी का विचार किया है, बल्कि पर्यावरण की भी चिन्ता की है। धुंए में जीवन बिताने वाली महिलाओं का न केवल स्वास्थ्य खराब होता था, बल्कि वृद्धावस्था में वे अनेक बीमारियों का शिकार भी हो जाती थीं। इसके साथ ही रसोई में आग जलाने के लिए पेड़ों को काटा जाता था। उज्ज्वला योजना न केवल महिलाओं, बल्कि प्रकृति की बेहतरी की चिन्ता की जो पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन का प्रमुख मंत्र है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय के आदर्शों का सबसे बड़ा महत्व यह है कि वे जीवन सिद्धान्तों को प्रमुखता देते हैं। इनको प्रत्येक व्यक्ति की अपने, परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र के प्रति निश्चित दायित्व से जोड़ा जाना चाहिए। एक बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय बस से यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपने पास बैठे एक व्यक्ति से खबरें सुनने के लिए ट्रांजिस्टर आन करने को कहा। लेकिन उस व्यक्ति ने देखा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के पास भी एक ट्रांजिस्टर था। इसलिए उसने पूछा कि क्या उनका ट्रांजिस्टर खराब है। इस पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने जवाब दिया कि उन्होंने अपने रेडियो के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया है। देश के कानूनों के प्रति ऐसी प्रतिबद्धता जीवन व्यवहार में शामिल होनी चाहिए क्योंकि यही राज्य तथा जनता के बीच परस्पर संबंधों का आधार है।

राजपथ का नाम बदल कर कर्तव्य पथ करना हम सबको याद दिलाता है कि हमारा राष्ट्र, समाज और नागरिकों के प्रति क्या कर्तव्य है और इसे सिद्धान्तों में शामिल किया जाना चाहिए। इनमें सभी लोग, राजनेता, अधिकारी व मंत्री शामिल हैं। अनेक अवसरों पर भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हमें इसी बात की याद दिलाई है। इनमें हाल ही में इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिया भाषण भी शामिल है। जीवन में ईमानदारी एक स्वस्थ समाज व महान राष्ट्र के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। यदि ईमानदारी न हो तो कोई समाज अपने लोगों की चिन्ता नहीं कर सकता है। लोगों को ईमानदार होना चाहिए और अक्सर उनको ईमानदार दिखना भी चाहिए। ईमानदारी कोई छिपा हुआ हीरा नहीं है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय अपने आदर्शों पर जीवन भर चलते रहे। उनके बारे में पढ़ने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों को उनके जीवन में ईमानदारी के सर्वोच्च स्तर से प्रेरणा मिलती है।

एक बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। उनको पता चला कि गरुजी-एम.एस. गोलवलकर भी ट्रेन के प्रथम श्रेणी के डिब्बे में बैठे हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय इसके बाद उस डिब्बे में पहुंचे और अपने गंतव्य स्टेशन पर उतर गए। इसके बाद वे सीधे स्टेशन मास्टर के कार्यालय में गए तथा अपनी यात्रा के एक हिस्से के लिए जुर्माना अदा किया क्योंकि उनके पास दूसरे दर्जे का टिकट था। समाज में व्यापक स्तर पर ऐसे व्यक्तिगत आचरणों का साझा करने से एक महान राष्ट्र का चरित्र बनाने में सहायता मिलती है। अपने व्यक्तिगत व सार्वजनिक जीवन में राजनेता वर्ग, अधिकारियों, न्यायपालिका तथा सिविल सोसाइटी के अन्य हिस्सों को ईमानदारी के विश्वसनीय उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय का इतना महत्व था कि जब उनका देहान्त हुआ तब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, 'हमारे जीवन का सूर्य चला गया है, अब हमें दिशानिर्देश के लिए मिट्टी के दियों से काम चलाना होगा।' पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बाद अटल बिहारी वाजपेयी जनसंघ के अध्यक्ष बने। अटल जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-पीएमजीएसवाई की अवधारणा बनाई जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण हिस्सों को शहरी सुविधाओं तक पहुंचाना था। वाजपेयी ने अपनी राजनीति में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन को शामिल करते हुए इतने बड़े पैमाने पर संचार सुविधाओं का विस्तार किया जितना देश ने पहले कभी नहीं देखा था। इनमें सड़कें, दूरसंचार, ढांचागत संरचनायें, सुविधायें व सेवायें सभी शामिल थीं। इसके साथ ही देश को अपनी देखभाल के लिए आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए ताकि वह दूसरों से भयभीत न हो। वाजपेयी सरकार ने पोखरन-2 नाभिकीय परीक्षण तथा मोदी सरकार ने पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ढांचे पर बालाकोट व सर्जिकल स्ट्राइक से गहरा धक्का पहुंचा कर यही आदर्श प्रस्तुत किया।

25 सितंबर को हम सबने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई तथा अपना जीवन उनके आदर्शों को समर्पित करने की शपथ ली। हम एकात्म मानववाद का के दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि देश के गरीबों में सबसे गरीब का कल्याण हो और उनकी देखभाल की जाए जो अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते हैं। जेएएम त्रयी के माध्यम से मोदी सरकार ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के राजनीतिक दर्शन को मूर्त रूप प्रदान किया है। इससे पिछले कुछ वर्षों में समाज के गरीब वर्गों का वित्तीय समावेशन अभूतपूर्व स्तर पर हुआ है। यह भी वाजपेयी सरकार के कामों का विस्तार है जब भारत को संचार के लिए सस्ते मोबाइल फोनों की सुविधा मिली थी। मुद्रा, सुरक्षा बीमा, सुकन्या योजना व अन्य का उद्देश्य पंडित दीन दयाल उपाध्याय की राजनीतिक विचारधारा का लक्ष्य पूरा करना है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना समेत सभी योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# वक्फ अधिनियम का पुनरीक्षण आवश्यक

> "आम आदमी की दुर्दशा को समझा जा सकता है जब उसकी संपत्ति को उसकी जानकारी के बिना वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता है।"



**शशांक सौरव**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड ने एक पूरे गांव के स्वामित्व का दावा किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि इस क्षेत्र में मुस्लिमों का पुनर्वास 1927-28 में हुआ और वक्फ बोर्ड ने गांव के मंदिर की संपत्ति पर भी अपनी हिस्सेदारी का दावा किया है। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां संपत्ति में रहने वाले लोग इस तथ्य से अनजान थे कि बोर्ड द्वारा इसे वक्फ संपत्ति के रूप में दावा किया गया है। वक्फ अधिनियम शुरू में 1954 में संसद द्वारा पारित किया गया था और बाद में वक्फ अधिनियम, 1995 को औकाफ के बेहतर प्रशासन (यानी, धार्मिक या धर्मार्थ कारणों के लिए दान की गई संपत्ति) के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। हालांकि, यह कानून संपत्ति हड़पने का एक साधन बन गया है और इसके कठोर प्रावधानों के कारण निर्दोष लोगों को परेशान किया जाता है। अधिनियम वक्फ बोर्ड को अपनी टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने का अधिकार देता है। यदि यह पर्याप्त नहीं है, तो धारा 6 निर्दिष्ट करती है कि पीड़ित पक्ष को अधिनियम के तहत गठित ट्रिब्यूनल में अपील करनी होगी और विवाद को उठाने के लिए एक वर्ष की सीमा अवधि है।

यह कानून इस तरह से तैयार किया गया है कि बोर्ड के लिए उस व्यक्ति को नोटिस देना जरूरी नहीं है जिसकी संपत्ति वक्फ संपत्ति घोषित करने की मांग की गई है और यदि पीड़ित पक्ष ने एक वर्ष की अवधि के भीतर मुकदमा नहीं किया है, तो वह कोई कानूनी सहारा नहीं है!

अधिनियम की धारा 40 वक्फ बोर्ड की इस शक्ति को दोहराती है और ट्रिब्यूनल द्वारा रद्द किए जाने तक कोई भी संपत्ति उसके पास निहित रहेगी। 85 के साथ पठित धारा 83 ट्रिब्यूनल को विशेष अधिकार देती है और ट्रिब्यूनल के निर्णय से पीड़ित पक्ष उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। आम आदमी की दुर्दशा को समझा जा सकता है जब उसकी संपत्ति को उसकी जानकारी के बिना वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता है और फिर उससे एक वर्ष की अवधि के भीतर उस पर मुकदमा चलाने की उम्मीद की जाती है, अन्यथा यह हमेशा के लिए चली जाती है। यहां तक कि अगर वह ट्रिब्यूनल के साथ मुकदमा दायर करता है तो अगला सहारा उच्च न्यायालय के स्तर पर है, जो कि अधिकांश भारतीयों के लिए पहुंच से बाहर है। यह ध्यान देने योग्य है कि वक्फ अधिनियम, 1954 से संबंधित एक मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया था कि मुकदमेबाजी शुरू करने के लिए एक वर्ष की सीमा गैर-मुस्लिमों (मुस्लिम वक्फ बोर्ड, राजस्थान बनाम राधा किशन और अन्य) के लिए लागू नहीं है। लेकिन मुसलमानों को खुश करने के लिए, 2013 में धारा 6 में संशोधन किया गया था और अब सभी पीड़ित पक्षों के लिए एक वर्ष की एक समान समय सीमा है।




सच्चर समिति के अध्यक्ष राजिंदर सच्चर ने अपनी 2006 की रिपोर्ट में वक्फ संपत्ति का मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया था। वक्फ बोर्ड के पास करीब छह लाख एकड़ जमीन है। सच्चर ने वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण और वक्फ अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया, जिसे 2013 में संशोधन के माध्यम से कानून में विधिवत शामिल किया गया था।


भारतीय इतिहास हिंदुओं के प्रति पक्षपात से भरा है और आजादी के बाद भी कुछ भी नहीं बदला। जवाहरलाल नेहरू ने हिंदू कोड बिल संसद से पारित करवाए, लेकिन उन्होंने अन्य धर्मों की प्रथाओं को छूने की हिम्मत नहीं की। डॉ. बीआर अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे, लेकिन नेहरू ने केवल हिंदू कानूनों को बदलने पर जोर दिया और दूसरों को स्वतंत्रता दी। 1950 के दशक में राज्य सरकारों द्वारा हिंदू मंदिरों के प्रबंधन के लिए धर्मार्थ और बंदोबस्ती अधिनियम बनाए गए थे, लेकिन वक्फ संपत्तियों की रक्षा के लिए 1954 में एक केंद्रीय कानून पारित किया गया था। केंद्र सरकार की कांग्रेस सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को लागू किया, जिसका उद्देश्य अन्य पवित्र मंदिरों पर हिंदुओं के दावों को रोकना है।

## फरमाया



**अर्बन** नक्सलों को भारत का विकास बाधित करने के लिए विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा भारी मात्रा में धन मुहैया कराया जा रहा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नीतीश** कुमार और राजद अध्यक्ष लालू यादव की जोड़ी का 2024 के लोकसभा चुनावों में सफाया हो जाएगा और भाजपा अपने बल पर विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल करेगी।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**शशि** थरूर को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। हम अनुरोध करते हैं कि राहुल गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष बनें।

– **के सुरेश**
कांग्रेस के लोकसभा चीफ व्हिप

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## शिकार हो रही बेटियां

**चाहे** झारखंड की बेटी हो या उत्तराखंड की बेटी, चाहे उत्तर प्रदेश की बेटियां हो या अन्य राज्यों की बेटियों के साथ ना तो दुष्कर्म रुक रहे है, ना उनकी हत्याओं का सिलसिला। ऐसा नहीं है कि सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। इन दुष्कर्मियों के साथ सख्ती भी की जा रही है। इनके घरों पर बुलडोजर भी चलाये जा रहा है। दुष्कर्मियों को फांसी भी दी गई है। इसके बाद भी इन तामसी प्रवृत्ति के किटाणुओं में भय व खौंफ पैदा नहीं हो रहा है! रूह कांपने की बनिस्बत, बल्कि दुस्साहस बढ़ता ही जा रहा हैं? बहन, बेटी, महिला किसी भी धर्म या जाति की हो, आखिर है तो हमारे देश की बेटी, यह ध्यान में रखते हुए केंद्र में सत्तासीन सरकार तथा राज्यों की सरकारें, किसी भी दल की हो, अब अपना पराया, राजनीतिक लाभ हानि व छवि/ प्रतिष्ठा को देखने की बजाय अपराधी को अपराधी की नजर से देखते हुए ओर सख्त से सख्त सबक सिखाना होगा। भगवान के बाद कानून के लम्बे हाथ व पुलिस से हर इंसान खौफ खाता है। मगर अब वह खौंफ नहीं रह गया है, इसका प्रमाण है ये बढ़ती घटनाएं! आखिर कब तक बहन बेटीयां दुष्कर्मियों के हाथों शिकार होती रहेगी? यह यक्ष प्रश्न भय पैदा करता है!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

## मीडिया की गलती

**यह** कहना गलत नहीं होगा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में मीडिया ने बिना जांच का इंतज़ार किए मृत्तिका की फोटो और जानकारी साझा करने की बड़ी गलती की है। गौरतलब है कि, शुरुआत में यह मामला सिर्फ किडनैपिंग का था लेकिन पुलिस की छानबीन के बाद यह मामला हत्या का बन गया और आरोपियों से पूछताछ के बाद तो वैश्यावृत्ति का ऐंगल भी सामने आया है। मीडिया को समझदारी से काम लेते हुए पूरी जांच समाप्त होने तक मृतिका की फोटो साझा नहीं करनी चाहिए थी। हालांकि कुछ मीडिया चैनलों ने जिम्मेदारी दिखाते हुए मृतिका की तस्वीर को ब्लर करके या चेहरा आधा छुपा कर दिखाया जो काफ़ी सराहनीय है। जब से आरोपियों द्वारा मृतिका से सेक्सुअल फेवर मांगने की बात सामने आई है तब से यह डर बना हुआ है कि इस मामले में भी कुछ लोग स्त्रियों के कपड़े और स्वतंत्रता को ढ़ाल बनाकर सारा आरोप मृतिका पर ही ना ड़ाल दें। हालांकि कुछ मीडिया चैनलों ने पूरी जानकारी प्राप्त होने पर मृतिका की फोटो ब्लर कर दी है लेकिन कुछ चैनलों में अब भी मृतिका की पूरी फोटो दिखाई जा रही है। इन चुनिंदा मीडिया चैनलों को चाहिए कि मृतिका से जुड़ी जानकारी साझा न करें।

– **विट्ठल शुक्ला**, कानपुर

## कश्मीर में गूंजता संगीत

**आज** कश्मीर घाटी में अब एक के बाद एक लगातार शानदार रूप से मनोरंजन के लिए सिनेमा हॉल खुल रहे हैं यानी अब यहां का युवा अपने मनोरंजन के लिए एक से बढ़कर एक साधन ढूंढ रहे हैं एवं उन्हें अब इन सिनेमाहॉलों के सहारे वह मनोरंजन अब मिलने भी लगा है। अतः अब हम इसे एक अच्छी सुखद शुरुआत के रूप में लेना चाहिए, कारण एक जमाना था जब कश्मीर घाटी में बम धमाकों एवं एके-47 की गोलियों की आवाज गूंजा करती थी। परंतु धारा 370 ने एक तरह से अब इन सब बातों का खात्मा कर दिया है। फिर हमारी सेना के द्वारा पिछले साल से लगातार चल रहे अलाउड प्रोग्राम की भी दिल से तारीफ की जाना चाहिए। जिसके द्वारा आतंकवादियों को लगातार दो गज जमीन के नीचे यानी दोजख भेजा जा रहा है। अतः कह सकते हैं कि अब आज के शांति के इस माहौल में आज का युवा मनोरंजन के साधन भी ढूंढने लगा है गीत संगीत के जोकि यहां के सूफी संतों की एक परंपरा भी रही है। अतः इसे उसी तरफ जाने की बात कह सकते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि बने भागवत साहू कांग्रेसियों ने दी बधाई, जिलेवासियों में हर्ष

## भागवत साहु को मिल रही बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी में भागवत साहु को मोहम्मद अकबर ने एक और बड़ी जिम्मेदारी देते हुए भागवत साहु को प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि, (डेली गेट्स) के पद पर नियुक्त किया है, आपको बता दे की भागवत साहु मंत्री अकबर जी के बेहद करीबी माने जाते है, वो कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे है और अभी वर्तमान में भागवत साहु कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष के साथ साथ आत्मा नंद किसान प्रोजेक्ट (कृषि विभाग) में जिला अध्यक्ष, गौठान समिति पोंड़ी के अध्यक्ष है, भागवत साहु की ईमानदार छवि, कुशल नेतृत्व क्षमता और कांग्रेस पार्टी के लिए लगातार मेहनत करते हुए कबीरधाम में उन्होंने अपने नेतृत्व से सबको प्रभावित किया है, भागवत साहु कबीरधाम में बेहद सक्रिय है, उनकी सक्रियता और ईमानदार कुशल नेतृत्व को देखते हुए कयास लगातार लगाए जा रहे है की बहुत जल्द उन्हें जिला अध्यक्ष का पद संभालते देखा जा सकता है, मंत्री मोहम्मद अकबर आने वाले 2023 चुनाव को



देखते हुए भागवत साहु जैसे ईमानदार साफ सुथरी छवि नेता भागवत साहु को कमान सौप सकते है।

### भागवत साहू ने मंत्री अकबर का जताया आभार

भागवत साहु ने कहा की उन्हें लगातार जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक के पद पर नियुक्त करने के लिए मंत्री अकबर भाई का आभार और धन्यवाद देता हु, भागवत साहू ने आगे कहा की उन्हें जितनी भी जिम्मेदारी मिली है वो बेहतर कार्य करने को लगातार प्रयासरत है आगे भी जो भी पार्टी और मंत्री अकबर भाई जिम्मेदारी देंगे उनका बखूबी पालन करेंगे कांग्रेस पार्टी ही असल में सभी वर्गो की सरकार है कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से लोग जुड़ते जा रहे है लगातार छत्तीसगढ़ सहित कवर्धा जिले में विकास की बहती धारा को देख हर कोई अकबर और कांग्रेस पार्टी से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे है, जैसे जैसे चुनाव नजदीक आएगा वैसे ही लाखो लोग पार्टी से जुड़ते जायेंगे हम सभी कार्यकताओं को मिलकर अकबर भाई के नेतृत्व में कबीरधाम में विकास के नए आयाम स्थापित करना है।

### कांग्रेस पार्टी और अकबर को जबरन बदनाम करने की साजिश नाकाम

भागवत साहु ने कहा की भाजपा लगातार नए नए कूटनीतिक चाल, गलत बयानबाजी बकवास बातों से जनता को गुमराह करती है विगत दिनों जाति के मामलें को लेकर हमारे भोले भाले देशवासियों को जबरन रोहिंगिया कहा गया, बार बार पोंड़ी को बदनाम किया गया जबकि वास्तविकता कुछ और है,वही दूसरी तरफ पोंड़ी के गोस्वामी समाज के लोगों को भ्रमित किया गया जबरन वीडियो बनवाकर अकबर को ये कहकर बदनाम किया गया की जबरदस्ती कांग्रेसी बनवाया जा रहा है, जबकि जिनका जबरदस्ती वीडियो बनाया गया उनका कहना है की वो अपने मन से कांग्रेस पार्टी से जुड़े है, कुलमिलाकर भाजपा पार्टी विकास कार्यों और अकबर के बढ़ते कद से बौखलाई हुई है इसलिए बौखलाहट में कुछ भी हथकंडे अपना रही है जनता इनके बातों में नहीं आने वाली है वो समझदार है।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि बनने पर जिलेवासियों में हर्ष

लगातार भागवत साहु को कांग्रेस पार्टी में कई बड़ी जिम्मेदारी मिलते देख उनके चाहने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता में हर्ष व्याप्त है लगातार भागवत साहु को जिलेवासियों द्वारा बधाई शुभकामनाएं दिया जा रहा है, बधाई देने वालो में डाकोर चंद्रवंशी, मन्नू चंद्रवंशी, पीतांबर वर्मा ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बोड़ला, राजकुमार तिवारी कांग्रेस जिला प्रवक्ता, विजय सिंह जनपद सदस्य बोड़ला, नंद कुमार कुर्रे सरपंच प्रतिनिधि, राजू मानिकपुरी, सरपंच राहंगी, अमित वर्मा जोन प्रभारी, अमित अवस्थी कांग्रेस जिला महामंत्री, शमीम खान किसान संगठन मंत्री, शेख मोहम्मद युवा नेता कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस मीडिया प्रभारी मोहम्मद रियाज अत्तारी, सहित अन्य कांग्रेसियों ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य महाराज को श्रद्धा सुमन के साथ अनुयायियों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



परम पूज्य अनंत विभूषित द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीस्वरूपानंद महाराज को विनम्र नम भाव से श्रद्धांजलि दी गई ब्रह्मलीन शंकराचार्य महाराज को छत्तीसगढ़ी प्रिय स्थान देवरबीजा निवासी ब्रह्मलीन पंडित 1008 सुदर्शन प्रसाद द्विवेदी एवं ब्रह्मलीन पंडित नारायण प्रसाद द्विवेदी छत्तीसगढ़ के प्रथम शिष्य परिवार मैं से थे जो बेमेतरा में उनके परिवार निवास करते हैं वैसा ही बेमेतरा के बाबा रामदेव शिव सिद्ध हनुमान मंदिर के 37 वर्षो से पुजारी ब्रह्मलीन पंडित नारायण प्रसाद रहे के बड़े सुपुत्र जिसका नामकरण संस्कार जगद्गुरु शंकराचार्य ने उपमन्यु द्विवेदी और छोटे सुपुत्र का नाम श्रीनिवास द्विवेदी और बहन का नाम सत्यवती गीता के नाम से रखकर पूरे परिवार के ऊपर अपनी आशीर्वाद देते आ रहे थे शंकराचार्य जी महाराज के प्रति भक्तों का अति स्नेह है उनके दिखाए गए मार्गो पर भक्त चल रहे है और सनातन धर्म के प्रचारक बने हुए हैं बता दे कि बेमेतरा नगरी में बाबा रामदेव शिव सिद्ध हनुमान मंदिर महेश्वरी समाज और ब्राह्मण समाज नगर के भक्तों के द्वारा ब्रह्मलीन शंकराचार्य महाराज की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमें शहर भर के लोग शंकराचार्य स्वामी के अनुयायियों ने उपस्थिति दर्ज कराई वहीं शंकराचार्य स्वामी जी महाराज के अनुयायियों ने स्वामी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें बड़े विनम्र आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ब्राह्मण समाज से उपप्रांता अध्यक्ष लेखमणि पांडेय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला द्वारा अपने विचार व्यक्त किए लेखमणि पांडे ने सनातन धर्म के प्रचारक और स्वामी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला पंडित श्रीनिवास द्विवेदी ने उसके जन्म से लेकर उनके शंकराचार्य बनने तक की बात बताई अपने द्वारा परिवार के साथ बिताए स्वामी कुछ अच्छे पलो को भी साझा किया और ब्रह्मलीन हो जाने से सबसे ज्यादा पीड़ा द्विवेदी परिवार और बेमेतरा निवासियों को हुई है गुरुजी सबसे ज्यादा स्नेह द्विवेदी परिवार के ऊपर करते थे साथ ही महेश्वरी समाज के अरुण राठी ने अपने परिवार के ऊपर आशीर्वाद शंकराचार्य द्वारा मिला उसके बारे में उसने बताइए वही श्रद्धांजलि सभा में सर्व ब्राह्मण समाज के उप प्रांतअध्यक्ष लेखमणि पांडे अध्यक्ष ब्राह्मण समाज जीतेंद्र शुक्ला ब्राह्मण समाज महामंत्री योगेश मिश्रा महेश्वरी समाज से अरुण राठी चंद्रप्रकाश मूंदड़ा पंडित श्रीनिवास द्विवेदी लखन लाल तिवारी कृष्णा दुबे रामसेवक तिवारी अनुपम शर्मा दिलीप शर्मा लाला तिवारी गंगाधर शर्मा गोकरण शर्मा राहुल तिवारी अखिलेश मिश्रा थानेश्वर धर दीवान शिवम तिवारी ऋषभ शर्मा पोषण तिवारी मनोज मिश्रा जयशंकर गोस्वामी अमरकांत दुबे रितेश तिवारी रविंद्र दुबे कृष्णा गुप्ता सुनील डागा ललित मोहता योगेश गिडला राम सिंह राजपूत सहित अनन्य संख्या में गुरु के भक्त उपस्थित रहे।

### नवागढ़ विधानसभा में भाजपाइयो ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की जयंती व बूथों में सुनी मन की बात

# उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धान्त को आगे बढ़ाने का काम कर रही मोदी सरकार : विकास दीवान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधानसभा नवागढ़ अंतर्गत अधिकांश बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्य म बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनों के बीच सुना गया। इसके पहले पार्टी के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई व उनके विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नवागढ़ मण्डल के हाथाडाडू शक्ति केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा कि एकात्म मानववाद के विचारों के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय सिर्फएक नाम ही नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास उनका सपना था। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा की पीएम मोदी की सरकार कार्य कर रही है। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि पीएम की अगुवाई में देश विकास की रास्तों पर चल रहा है। विदेशों में नए भारत की पहचान बनी है। हम विश्वगुरु बनाने के राह पर अग्रसर हैं। शक्ति केन्द्र संयोजक पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी ने कहा कि मोदी की यह पहल प्रेरणा योग्य है। वे देश के छोटे बड़े कस्बों, गांवों एवं शहर में लोगों के योगदान को पूरे देश से साझा करते हैं। इससे अन्य प्रगतिशील प्रयत्नों को ऊर्जा मिलती है। इस दौरान एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे व जिलाध्यक्ष देवादास चतुवेर्दी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू राजपूत, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, उपाध्यक्ष जगजीवन खरे, पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक हरिकिशन कुर्रे,सुरेश साहू महामंत्री व मिन्टू बिसेन, रोहित साहू, होरिलाल सिन्हा, राजकुमार देशलहरा, सुरेश निषाद, गजेन्द्र साहू, टीकम गोस्वामी, गोलू सिन्हा, तनु दीवान, मनीराम साहू, संजू राजपूत, फूलचंद साहू, मोनू गोस्वामी, राजेश चतुवेर्दी, कुलेश्वर सिन्हा, धनीराम निर्मलकर, भुनेश्वर वर्मा, बोधन पाल, सियाराम वर्मा, अनुज पाल, काल्विन जोशी, जितेंद्र वर्मा, छन्नू निषाद सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

# आदिवासी ब्लाक डौंडी के साल्हे बूथ क्रमांक 171 में दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया व पीएम की मन की बात सुनी गई

पायनियर संवाददाता ◄ डौंडी
www.dailypioneer.com



बालोद जिला के आदिवासी अंचल मे भारतीय जन संघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन हर्षोउल्लासपूर्ण मनाया गया।

इस अवसर पर डौंडी भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनीष झा एवं जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विक्रम धुर्वे ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान नामक गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामदुलारी था। राजनीति और संघ के प्रचारक के अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने साहित्य के क्षेत्र में काफी योगदान दिया। उनकी हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों ही भाषाओं में अच्छी पकड़ थी। जिसके चलते उन्होंने अपने लेख में दोनों ही भाषा का बखूबी प्रयोग किया था। और देश विदेश में उनकी ख्याति प्रचलित हुई। जिसके तहत प्रत्येक वर्ष उनका अवतरण दिवस देश भर में मनाते आ रहे है। इस अवसर पर नगर पंचायत चिखला कसा उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, शक्ती केंद्र प्रभारी ज्ञानप्रकाश साहू, बुथ पालक सुंदर लाल बेलचंदन, बुथ अध्यक्ष अवध राम साहू, बूथ सचिव निखिल टेकाम, महिला प्रभारी जयंती साहू, BLA 2 नरेंद्र निर्मलकर, युवा प्रभारी लोकेंद्र टेकाम, सुखिराम कोमा, गोवर्धन हिरवानी, करिश्मा टेकाम, कृष्णा राम यादव, जनक लाल कुंजाम, डोमार साहू, हरक राम टेकाम, गीतेश कचलाम की उपस्थिति में बूथ का बैठक एवं मन की बात को सुना गया।

# व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चों को दी गई बैंकिंग विषय की जानकारी




**कवर्धा।** राज्य के स्कूलों में चल रहे व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत कवर्धा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजा नवागांव में बैंकिंग विषय के अंतर्गत एलआईसी के अधिकारी ऋतुपर्ण सिंह के द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 9वी से 12वीं के बच्चों को बैंकिंग विषय की जानकारी दी गई, यह जानकारी अतिथि व्याख्यान गेस्ट लेक्चर के माध्यम से वहां के व्यवसायिक प्रशिक्षक विनोद साहू द्वारा आयोजित की गई जिसमें बच्चों को बैंकिंग से जुड़े केंद्रीय बैंक आरटीजीएस एनईएफटी नाबार्ड आदि टॉपिक पर जानकारी दी गई, व्यवसायिक प्रशिक्षण विनोद साहू ने बताया की व्यवसायिक शिक्षा के माध्यम से छात्र एवं छात्राएं बैंकिंग से जुड़ी गतिविधियां एवं जानकारियां सीखते हैं जिसमें बच्चों को विशेष रूचि होती है।

# पचास रुपए लीटर में गौ मूत्र खरीदने की खबर पर वाहवाही लूटना दुर्भाग्यपूर्ण : योगेश तिवारी

### खाद बीज गोबर खरीदी समेत अन्य मामलों को लेकर ठगे जा रहे क्षेत्र के किसान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ से जापान के एक कम्पनी द्वारा पचास रुपए लीटर में कोसली नस्ल की गायों की मूत्र



खरीदने का अनुबंध किए जाने की खबर से जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस खबर को सीएम के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर डाला। जिससे यह खबर प्रदेश सहित बेमेतरा जिले में सोशल मीडिया प्लेटफार्म में ट्रेंड करने लगी। पड़ताल में यह खबर झूठी निकली। इस सम्बंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने राज्य सरकार से मामले की पारदर्शी तरीके से जांच की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस मामले का संज्ञान लेकर किसानों की हित मे नीतियां बनाए। झूठी खबर को प्रचारित कर वाहवाही बटोरना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### हर स्तर पर ठगे जा रहे प्रदेश के किसान

सरकार अपनी घोषणा अनुसार 4 रुपए लीटर में गो मूत्र नही खरीद पा रही है। ऐसी स्थिति में जापानी कम्पनी की ओर से 50 रुपए लीटर में गोमूत्र खरीदने की ख़बर से क्षेत्र के लोग हैरान हैं। इसलिए नवागढ़ के साथ साथ बेमेतरा साजा व बेरला ब्लाक में भी यूनिट लगाने की मांग कर रहे हैं। योगेश तिवारी ने कहा कि किसानों को हमेशा कभी गोबर, गौ मूत्र, नक़ली दवाई, तो कभी झाईम खाद बीज के नाम पर ठगा जा रहा है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के किसानों में खासी नाराजगी है।

### किसानों से किए वादे को पूरा करने में सरकार नाकाम

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रथम बेमेतरा आगमन पर उन्होंने जिले में शुगर प्लांट व हर ब्लॉक में फूड प्रोसेसिंग प्लांट स्थापना की घोषणा की थी, लेकिन सरकार गठन के करीब 45 माह बाद भी इन घोषणाओं पर अमल नहीं हुआ है। जिले में कृषि आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दिए जाने का कांग्रेस की ओर से वादा किया गया था। क्षेत्र किसान आज तक उस वादा के पूरा होने इंतजार कर रहे हैं। अब कांग्रेस सरकार से क्षेत्रीय किसानों की उम्मीद टूटने लगी है।

### कार्यशाला 2022 का भव्य आयोजन संपन्न

# पत्रकारिता स्वार्थ सिद्धि का माध्यम ना बन पाए इसका विशेष ध्यान सभी पत्रकारों को रखना चाहिए, किसी विचारधारा विशेष से जुड़कर निष्पक्ष पत्रकारिता नहीं हो सकती

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा पत्रकार कार्यशाला 2022 का आयोजन स्थानीय मांगलिक भवन में वरिष्ठ पत्रकार किया गया बाबूलाल शर्मा वरिष्ठ पत्रकार अमृत संदेश, डी. श्याम कुमार, इलेक्ट्रानिक मीडिया से प्रियंका कौशल भारत 24 छत्तीसगढ़ प्रदेश हेड के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शुभारंभ की औपचारिकता मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष एवं पत्रकार साथियों ने अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत पूर्ण आत्मीयता से किया। दो सत्र में आयोजित किए गए इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्रिन्ट मीडिया से जुड़े विषय बिन्दुओं पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा ने वर्तमान परिवेश में कई चुनौतियों पर किस प्रकार स्वयं को और पत्रकारिता की अस्मिता, शुचिता को सुरक्षित रखते हुए निष्पक्ष लेखन करने की कला पर अपनी बेबाक टिप्पणी से पत्रकारों में कलम की धार पर निर्भीक निष्पक्ष लेखन की ऊर्जा का संचार किया। नैतिक मूल्यों के ह्रास, स्वार्थसिद्धि, चारण पद्धति पर मुखरता से कटाक्ष करते हुए कहा कि पत्रकार, समाज से अलग या विशेष होता है, क्योंकि वह समस्त गतिविधियों को अपने दृष्टिकोण से देखकर, मीमांसा करता है तब उसे प्रकाशित करता है और सच्चे अर्थो में वही पत्रकारिता है। युवा पत्रकारों की जिज्ञासा का उत्तर सरल ढंग से देकर कहा कि आर्थिक रूप से कष्टों का सामना करने वाले, घटनास्थल पहुंच कर समाचार संकलन करना समयसीमा में समाचार प्रेस डेस्क में प्रेषित करने वाले पत्रकार साथी समाज में अपना विशेष स्थान प्राप्त करते हैं। कार्यशाला के दूसरे सत्र में भोजन के उपरांत इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित पत्रकारिता के सूक्ष्म विषयों पर परिचर्चा और जानकारी देते हुए भारत 24 छत्तीसगढ़ हेड प्रियंका कौशल ने बड़े ही ओजपूर्ण ढंग से पत्रकार साथियों को संबोधित कर, अपने वक्तव्य में बताया कि ग्राउंड जीरो में जब कभी शासकीय आला अधिकारी सहयोग नहीं करते अपना साक्षात्कार देने से कतराते हैं या आपसे मिलना नहीं चाहते उन परिस्थितियों पर एक सफल सुलझे हुए मीडियाकर्मी बन निष्पक्ष भाव से सत्यता को प्रदर्शित करना चाहिए अपने कार्यशैली के बारे में अपने संघर्षो की बातों को उन्होंने स्मरण कर इन सब चीजों से स्वयं को मजबूत कर एक पत्रकारिता की विशिष्ट छवि स्वयं निर्माण करने की बात करते हुए उन्होंने सभी को आव्हान किया कि आप सभी आगे आए और समाज को सच्चाई से रूबरू कराएं फोटोग्राफी या फिर साक्षात्कार के लिए भी उन्होंने टिप्पणी देते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि कोई कार्यक्रम कब कहां और कैसे होगा फिर भी हम वहां जाकर जानने की चेष्टा करते हैं इन परिस्थितियों में इसका प्रमुख रूप से सीधा असर जनता पर होता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता डी श्याम कुमार एम सी सी आर (यूनिसेफ) ने करते हुए पत्रकारिता के संबंध में अपने ही अंदाज में पत्रकार साथियों को इसके तौर तरीके बताते हुए निर्भीक पत्रकारिता के लिए आगे की ओर बढ़ते रहने की बात कही अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अत्यन्त आवश्यक है ताकि सच्चाई जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। कार्यशाला 2022 का आयोजन युवा पत्रकारों को स्तरीय लेखन, प्रखर चिंतक, सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक और प्रतिबद्धता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर स्वयं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विगत वषानुसार इस वर्ष भी किया गया। कार्यक्रम में कुम्हारी के आसपास तथा भिलाई, पाटन एवं दुर्ग के पत्रकार साथियों ने कार्यशाला 2022 में सम्मिलित हो कर नवीन जानकारियों से अवगत हुए। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने अतिथियों को कुम्हारी भ्रमण कराते हुए विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। सभी अतिथियों का प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यशाला 2022 में सम्मिलित होने वाले समस्त पत्रकार साथियों को प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा मुख्यअतिथियों के हस्ताक्षरयुक्त सम्मान पत्र मुख्य अतिथियों के कर-कमलों से प्रदान कराया गया। कार्यक्रम के मध्य नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर अपनी भारी व्यस्तता के बाद भी सहयोगी पार्षद मनहरन यादव के साथ उपस्थित हो कर कार्यशाला 2022 के आयोजन की सार्थकता, सफलता के लिए बधाई दी। दो सत्र में आयोजित कार्यक्रम का पत्रकार साथियों रवींद्र कुमार थापा, सुरेश वाहने और अजय यादव संयुक्त रूप से सफल संचालन किया। आभार प्रदर्शन एवम कार्यक्रम समापन की घोषणा प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने किया।

### गिरदावरी कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कड़ी कार्यवाही : कावरे

# संभागायुक्त ने गिरदावरी कार्य में त्रुटि पाए जाने पर पटवारी को थमाया कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संभागयुक्त महादेव कावरे ने संभाग के समस्त राजस्व अमलो को गिरदावरी के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए पूरी गंभीरता से करने के लगातार निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर वे स्वयं गांव की गलियों और खेतों के मेढ़ पर चलते हुए किसानों के खेतों तक पहुंचकर स्वयं गिरदावरी के कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।



जिसके तहत उन्होंने आज संभाग के तीन जिले दुर्ग, बेमेतरा एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ग्रामों में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। कावरे द्वारा दुर्ग जिले के धमधा तहसील अन्तर्गत धमधा में पटवारी हल्का नंबर 09 मे खसरा नं 1120 में पाया की कृषक के खेत में निर्मित मकान एवं सड़क का रकबा, फसल के रकबे में कम नहीं किया गया है। जिस पर कावरे ने संबंधित पटवारी हेमंत महंत को कारण बताओं नोटिस जारी किया, इसी प्रकार तहसील धमधा के ही ग्राम राजपुर में खसरा नं 139 के प्रतिवेदन में धान, तुवर, सोयाबीन एवं टमाटर की फसल दर्शाई गई है, कावरे द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित खसरे में सोयाबीन की फसल नहीं पाई गई, जिस पर कावरे ने पटवारी ओंकार देशमुख को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं तहसीलदार देशलहरा को फटकार लगाते हुए गिरदावरी सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। बेमेतरा जिले के साजा अनुविभाग के गातापार ग्राम में निरीक्षण के दौरान कावरे ने किसानों के साथ उनके खेत पहुंच कर गिरदावरी कार्य का अवलोकन किया एवं पटवारी विष्णु वर्मा द्वारा तैयार किए गए प्रतिवेदन का अवलोकन किया।

### गिरदावरी सर्वेक्षण की ऑनलाइन एंट्री भी हो शत प्रतिशत

संभागायुक्त कावरे ने किसानों के रकबे का खसरा और नक्शा का मिलान करते हुए पूरी पारदर्शिता और त्रुटिरहित करने के निर्देश तहसीलदार, पटवारी, आरआई सहित समस्त राजस्व अमले को गिरदावरी के कार्यों को गंभीरता से करते हुए गिरदावरी रिपोर्ट में खेत के मेढ़ में वृक्ष, धान के अलावा लगाए गए अन्य फसल का स्पष्ट उल्लेख करते हुए खसरा क्रमांक और वास्तविक रकबे में लगाए गए फसल का सही जानकारी दर्ज पर ऑनलाइन प्रविष्टि को भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बेरला में 165 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल द्वारा प्रतिवषार्नुसार जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बेरला में किया गया। आयोजन के मुख्यातिथि प्रो.एस.के.पांडेय पूर्व कुलपति प.रविशंकर विश्व विद्यालय, विशिष्ट अतिथि डॉ चितरंजनकर पूर्व प्रो. एवम अध्यक्ष साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला प.रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर रहे।आयोजन में जिला बेमेतरा के चारो विकासखंड से सन 2018 से 2022 के बीच सेवा निवृत्त होने वाले 165 शिक्षकों का सम्मान किया गया। स्वागत ऊदबोधन में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने आयोजन पर प्रकाश डालते हुए अपने द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन जिले के सेवा निवृत्त शिक्षकों को सम्मान देने हेतु किया जाता है गुरुजनों के आशिर्वाद एवम प्रेरणा से ही व्यक्ति तत्व का निर्माण होता है एवम राष्ट्र को सुदृढ़ता मिलती है।बेरला विकासखंड के सम्मानित होने वाले प्रतिष्ठित शिक्षकों एवम उत्कृष्ट छात्रों का भी स्वागत करते हुए सम्मान सहित बधाई ज्ञापित किया गया।165 सेवा निवृत्त शिक्षकों, 5 राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों एवम 5 प्रतिभावान छात्रों को शुभकामनाओ सहित शाल श्रीफल एवम प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्य म को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि प्रो.पांडेय द्वारा शिक्षा में संस्कार का महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्रों एवम शिक्षकों में वैज्ञानिक सोच विकसित कर चिंतनशील राष्ट्र की कल्पना को साकार किया जा सकता है सेवा निवृत्त शिक्षको को समय निकालकर बच्चो एवम शिक्षको के बीच विद्यालय में जाकर मार्गदर्शन देने हेतु प्रेरित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कार्यक्रम के निरंतर आयोजन हेतु पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के कार्य की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ.चितरंजनकर ने अपने उद्बोधन में बच्चो के भाषायी दक्षता के लिए सुनना बातचीत करना और लिखना को अनिवार्य करने हेतु कहा भाषा की शिक्षा के साथ ही अन्य विषयों की शिक्षा को आगे बढ़ाया जा सकता है शिक्षको को प्रेरित करते हुए उन्होंने आजीवन शिक्षक के दायित्व निर्वहन की अपेक्षा की अपनी कविताओं और छोटे लेख के माध्यम से शिक्षा शिक्षक एवम समाज के संबंध को मजबूत करने हेतु उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बेरला विकासखंड से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित लगभग सौ शिक्षक बेरला क्षेत्र के सरपंच गण जनप्रतिनिधिगण सामाजिक कार्यकर्तागण बेरला नगर से जनप्रतिनिधियो के साथ साथ प्रतिष्ठित नागरिको की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं भरतपुर-सोनहत के पर्यटन स्थल

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com







रोज की व्यस्ततम दिनचर्या और तनाव से जरा दूर हटकर प्रकृति और दुनिया के अलग-अलग रंगों को करीब से देखना बेहद खूबसूरत और तरोताजा कर देने वाला एहसास है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लाने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। छत्तीसगढ़ में आज पढ़िए उन पर्यटन स्थलों के बारे में। नवगठित जिले में भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो के प्रयासों से अब तक 3 पर्यटन स्थलों को पर्यटन नक्शे में शामिल करने की घोषणा प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने की है।

**सीतामढ़ी हरचौका**-भगवान श्रीराम ने वनवास काल के दौरान यहां काफी समय गुजारे। मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 150 किलोमीटर है। छत्तीसगढ़ सरकार राम वन गमन पथ प्रोजेक्ट के तहत इस स्थल का सौंदर्यीकरण कर रही है। भगवान राम के पदचिन्ह यहां देखे जा सकते है। वहीं वनवास के दौरान माता सीता ने यहां भोजन पकाया था।

**गौरघाट जलप्रपात**-यह जलप्रपात भरतपुर सोतहत विधानसभा में है। मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से इस जलप्रपात की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है। यहां के जलप्रपात का मनोरम दृश्य को देखने लोग दूर दूर से यहां आते है। एक अच्छे पिकनिक स्पॉट के तौर पर इसकी पहचान है।

**रमदहा जलप्रपात**-यह बनास नदी पर एक बहुत ही सुंदर झरना है जो भरतपुर जनपद पंचायत में स्थित है। मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से रमदहा जल प्रपात की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से विकसित है जो वर्षा के दिनों में अपनी सौंद्रयता बिखेरता है। चूँकि यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक है, इसलिए यहाँ के स्थानीय नागरिक ही इसके बारे अच्छी तरह से परिचित हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के भेंट मुलाकात के दौरान रमदहा को छत्तीसगढ़ के पर्यटन नक्शे में शामिल करने की बात कही है।

**अमृतधारा जलप्रपात**-यह खूबसूरत झरना मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है। यह हसदेव नदी पर स्थित प्रकृति का एक सुंदर दृश्य है। हर साल महाशिवरात्री पर अमृतधारा महोत्सव जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जाता है। यहां बायोडायवर्सिटी और तितली पार्क का भी निर्माण वनविभाग द्वारा किया गया है।

**कर्मघोंघा जलप्रपात**-यह जलप्रपात के साथ ही एक शिव धाम के नाम से विख्यात है। मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से इसकी दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। कर्मघोंघा में हर साल महाशिवरात्रि और मकर संक्रांति में मेला लगता है। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से भी पर्यटक यहां पहुंचते है। सालभर यहां लोगो की आवजाही लगी रहती है।

**बालमगढ़ पहाड़ी**-बालमगढ़ पहाड़ी भरतपुर सोनहत विधानसभा सोनहत ब्लाक में स्थित है। मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से इस पहाड़ी की दूरी लगभग 100 किलोमीटर है। 1500 फिट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी से गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान के खूबसूरत नजारों को निहारा जा सकता है। लोग दूर-दूर से इस पहाड़ी पर प्रकृति का नजारा देखने पहुंचते है।

**सिद्धबाबा पहाड़**-यह पहाड़ मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह पर्यटन के साथ ही दर्शनीय स्थल है। मनेन्द्रगढ़ के आराध्य देव सिद्ध बाबा का मंदिर इसी पहाड़ी पर स्थित है। इस पहाड़ से मनेन्द्रगढ़ शहर के एक एक कोने को देखा जा सकता है। इस पहाड़ पर केदारनाथ धाम की तर्ज पर यहां शिव मंदिर का निर्माण हो रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे पर्यटन के नक्शे में शामिल करने की घोषणा की है।

**शिवधारा जलप्रपात**-इस जलप्रपात की दूरी मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 30 किलोमीटर है। यहां का एक छोटा सा जलप्रपात अपने आप मे दर्शनीय है इसके साथ ही यहां एक शिव मंदिर भी है। जहां लोग दर्शन के लिए भी आते है। इसके साथ ही शिवधारा जलप्रपात पिकनिक प्रेमियों की भी पहली पसंद है।

**जटाशंकर धाम**-मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से जटाशंकर धाम की दूरी 50 किलोमीटर है। यहां सावन माह में लोग गुफा के भीतर घुटने के बल चलकर भगवान शिव को जल चढ़ाते है। इस क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरो भी खुद हर साल यहां आकर घुटनो के बल चलकर भगवान शिव को जल अर्पित करते है। हरे भरे वृक्षो के आच्छादित यह क्षेत्र पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पर्यटन को बढ़ावा दे रही भूपेश सरकार-गुलाब कमरो**-भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरो का कहना है कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने का काम किया है। सरकार पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने, सहेजने, संवारने का काम कर रही है। मैं हमेशा मुख्यमंत्री से पर्यटन स्थलों को लेकर चर्चा करता रहा हूँ। मुख्यमंत्री ने मेरे विधानसभा के रमदहा जल प्रपात, रामगढ़ में राम वन गमन पथ एवं सीतामढ़ी और सिद्ध बाबा पहाड़ के साथ ही भरतपुर सोनहत विधानसभा के रामगढ़ में राम वन गमन पथ एवं हरचौका सीतामढ़ी में भगवान श्रीराम का आगमन हुआ था जिसे पर्यटन के नक्शे में शामिल करने घोषणा की है।

## कलेक्टर के निर्देश पर फौती नामांतरण के आवेदन पर हुई त्वरित कार्रवाई

- पोड़ीशंकर गांव की बुजुर्ग महिलाएं अपनी बहुओं के साथ आई कलेक्टर को अपनी समस्या बताने, जनदर्शन में कुल 72 आवेदन हुए प्राप्त



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा ग्रामीणों से बहुत ही आत्मीयता से छत्तीसगढ़ी में बात करते हुए तथा उनके समस्याओं का समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिस कारण जिले के दूरस्थ अंचलों से ग्रामीणजन आकर बेझिझक अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर के समक्ष रख रहे हैं। आज जनदर्शन में पामगढ़ तहसील के ग्राम चोरभट्ठी निवासी तीजराम कश्यप ने फौती नामांतरण का आवेदन लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे तो कलेक्टर द्वारा तत्काल संबंधित तहसीलदार को फोन कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई तथा कलेक्टर के निर्देश पर आवेदन में त्वरित कार्रवाई कर तत्काल फौती दर्ज किए जाने के लिए नामांतरण आदेश जारी किया गया। इसी प्रकार बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पोड़ीशंकर निवासी बुजुर्ग महिलाएं जो मध्यान भोजन में खाना बनाने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि अब वे बुजुर्ग हो चुकी हैं तथा उनके पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। जिस कारण बुजुर्ग महिलाएं अपनी जगह अपनी बहुओं को रसोइयां का कार्य उपलब्ध कराने का निवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची तब कलेक्टर ने बुजुर्ग महिलाओं की बातों को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन करके पोड़ीशंकर जाकर नियमानुसार बुजुर्ग महिलाओं की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें भी अवगत कराने के निर्देश दिए।

## दोस्त ही निकले जेवर चोरी के आरोपी, पुलिस ने पहुंचाया चोरों को सलाखों के पीछे

### पुलिस की सक्रियता ने 30 घंटे में ही कर दिया चोरी के मामले का पटाक्षेप

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



प्रार्थी साहिल सोनी निवासी दुरपा रोड कोरबा ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दोपहर में अपने दो अन्य दोस्तो के साथ अपने चाचा उमंग सोनी के द्वारा icici बैंक अकलतरा से ऑनलाईन नीलामी से सोने के जेवर खरीदने पर उसे लेने अपने दोस्तों के साथ सेंट्रो कार से अकलतरा आये थे जो icici बैंक अकलतरा से सोने का जेवर वजन करीबन 44 ग्राम को प्राप्त कर अपने दोस्तो के साथ अकलतरा शराब भट्ठी गए जहाँ कार को भट्ठी परिसर में खड़ी कर कार अंदर सोने के जेवर 02 नग कान का झुमका व 1 नग हार को कार में छोड़कर शराब लेने अंदर चले गए जो कुछ देर बाद खाने पीने के बाद तीनों दोस्त कार के पास वापस आये तो देखे की कार के दाहिने तरफके शीशा को कोई अज्ञात चोर तोड़कर जेवर को चोरी कर ले गया है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान आसपास के लोगो से पूछताछ करने एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि प्रार्थी के साथ कार में आये उसके दोस्तों की गतिविधि संदिग्ध थी। जिसकी सूचना को गंभीरता लेते हुए दुरपा रोड कोरबा निवासी अकरम खान को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा लगातार पुलिस को गुमराह किया जा रहा था किन्तु मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी अकरम टूट गया और अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि साहिल सोनी के द्वारा सोना लेने जाने कहने पर अपने साथी गोलू को साथ लेकर साहिल के साथ अकलतरा गए थे जहाँ बैंक से सोना लेने के बाद तीनों शराब भट्ठी जाने का निर्णय लेते हुए शराब भट्ठी अकलतरा गए।

## भक्तो के जयकारों के साथ प्रारम्भ हुआ शारदीय नवरात्रि

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



भक्तो के जयकारों के साथ प्रारम्भ हुवा शारदीय नवरात्रि चाम्पा नगर की आराध्य देवी श्री माँ समलेश्वरी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तो के जयकारों के साथ प्रारम्भ हुवा शारदीय नवरात्रि चाम्पा नगर की आराध्य देवी श्री माँ समलेश्वरी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ भक्तों के जयकारों से प्रारंभ हुवा सर्वप्रथम ब्रह्म मुहूर्त में माँ को दूध,दही, घी,मधु,शक्कर से स्नान कराया गया उसके बाद भगवती का दिव्य श्रृंगार किया गया अपनी माँ के एक झलक पाने श्रद्धालु आतुर थे जैसे ही माँ का पट दर्शन के लिए खोला गया भक्त माँ के जयकारों से गूंज उठा अभिजीत मुहूर्त में राजपुरोहित कृष्णा द्विवेदी एवम अतुल द्विवेदी के मंत्रोच्चार के साथ चाम्पा जमींदारी के कुंवर भिवेंद्र बहादुर सिंह जी एवम आर्यवीर सिंह देव जी के द्वारा विश्व कल्याण की कामना से भगवती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भगवती की षोडशोपचार पूजन किया गया माँ समलेश्वरी मंदिर में भक्तों की मनोकामनाएं स्वरूप लगभग 305 ज्वारा ज्योति कलश एवम 2500 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित है पूरे नौ दिन भक्त अपनी माँ के विशेष पूजन एवम दर्शन का लाभ ले सकेंगे प्रतिदिन माँ का विशेष श्रृंगार के साथ तिथि अनुसार भोग लगाया जाएगा।

## आनलाइन सट्टा खिलाने वाले 1 सटोरियों के विरूद्ध चांपा पुलिस ने की कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

भारत और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच हो रहे मैच के दौरान सट्टा खिलाया जा रहा था। आरोपी के कब्जे से 5600 रूपये एवं 01 नग मोबाईल बरामद किया गया। ऑनलाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी खेलने/खिलाने वालों के विरूद्ध जांजगीर-चांपा पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। आरोपी के विरूद्ध 04 क सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई। ऑनलाईन सट्टा में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी हेतु सूत्र लगाये गये थे। इसी क्रम मे दिनांक 25.09.22 को सूत्रों से ज्ञात हुआ कि कदम चौक रानी रोड नकीब किराये के मकान में रहता है जो भारत और आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच हो रहे मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खिला रहे है। जिस पर तत्काल चांपा पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। जहाँ नकीब खान अपने मोबाईल के माध्यम से साईड में यूजर नेम बनाकर 50000 हजार रूपये का दांव लगाना पाया गया जिस पर आरोपी के कब्जे से 5600 रूपये नगदी रकम एवं 01 नग मोबाईल बरामद किया गया।

जिस पर आरोपी के विरूद्ध 04 क सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई। ऑनलाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी खेलने वालों के विरूद्ध जांजगीर-चांपा पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सउनि रामप्रसाद बघेल, आर. ईश्वरी राठौर, गौरीशंकर राय, माखन साहू एवं श्रीकांत सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## अग्रसेन जयंती पर जन सेवा समिति ने हटरी धर्मशाला में की पूजा अर्चना एवं समाज के नवयुवकों ने निकाली बाइक रैली

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक अग्रसेन जी की जयंती के पुनीत दिवस पर शक्ति शहर की जन सेवा समिति द्वारा हटरी धर्मशाला में सुबह 10:00 बजे भगवान अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना एवं आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के पुजारी पंडित राधेश्याम शर्मा एवं पंडित रिंकू शर्मा ने विधिवत अग्रसेन जी की पूजा अर्चना एवं आरती का कार्य संपन्न कराया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जन सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष अशोक खेतान, समिति के सदस्य सुरेश अग्रवाल,, गणेश अग्रवाल, अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल विक्कू दुल्हन,मनोज बंसल,मनीष कथूरिया, राजेश गोयल, नीरज अग्रवाल सीए, शैलेश अग्रवाल सीए,दिनेश कथूरिया, अमन डालमिया, सहित काफी संख्या में समिति के सदस्य एवं जयंती समारोह के पदाधिकारी उपस्थित रहे,वहीं दोपहर 12:00 बजे अग्रवाल समाज के नवयुवकों द्वारा हटरी धर्मशाला से बाइक रैली का आयोजन किया गया जो कि शहर के राम मंदिर रोड, गुरुद्वारा मार्ग, बुधवारी बाजार, गौरव पथ मार्ग,हॉस्पिटल चौक,हटरी चौक, नवधा चौक, अग्रसेन चौक, स्टेशन रोड, नाका चौक, रेलवे स्टेशन होते हुए वापस हटरी धर्मशाला पहुंची, बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में नवयुवक हाथों में एक ईंट-एक रुपए के अंकित ध्वज को लिए भगवान श्री अग्रसेन जी के जयघोष के साथ चल रहे थे एवं बाइक रैली के दौरान 18 अलग-अलग वाहनों पर भगवान अग्रसेन जी के अट्ठारह गोत्रों का भी उल्लेख करते हुए संदेश दिया गया वहीं जयंती समारोह को लेकर समाज में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## धान खरीदी केन्द्र तुलसी के प्रभारी अजय नागेश को पुलिस रिमांड में लिया गया

### आरोपियो के विरुद्ध थाना नवागढ़ के अपराध पंजीबद्ध

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




आरोपी के कब्जे से खरीदी केन्द्र के दस्तावेजो, आरोपी एवं उसके साथी के बैक संबधी दस्तावेज, चल/अचल सम्पत्ति के दस्तावेज किये गये जप्त। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना नवागढ मे प्रार्थी अश्वनी पिता रामनारायण पाण्डेय नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नोडल कार्यालय जाजगीर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि धान खरीदी केन्द्र तुलसी के प्रभारी अजय प्रकाश नागेश एवं धान खरीदी केन्द्र किरीत के खरीदी केन्द्र प्रभारी राम नारायण कश्यप के विरूद्ध धान खरीदी बर्ष 2021-22मे सेवा सहकारी समिति तुलसी एवं किरीत मे फर्जी पंजीयन नवीनीकरण करते हुए 1294.71 क्विंटल धान की खरीदी किया गया है जिसका सर्मथन मूल्य राशि2.51 करोड़ रू का गबन किया गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नवागढ मे अप. कायम कर विवेचना मे लिया गया था प्रकरण मे विवेचन के दौरान प्रकरण के आरोपियो के विरूद्धजोडी गई है, प्रकरण के आरोपी रामनारायण कश्यप को गिरफतार कर विवेचना उपरांत अभियोग माननीय न्यायालय मे पेश किया गया था, प्रकरण के अन्य फरार आरोपी के विरूद्ध विवेचना जारी रखी गयी थी विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी अजय प्रकाष नागेश उम्र 32 वर्ष तुलसी थाना नवागढ को टीम द्वारा दबिस देकर कोरबा से पकडा गया आरोपी को पुलिस रिमांड लिया गया पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी अजय नागेश से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया जो अपने कथन मे बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घान खरीदी प्रकिया के दौरान निजी लाभ प्राप्त करने की योजना बनाई, जिसमे किसानो की कुल रकबा मे अतिरिक्त रकबा शामिल कर उस अतिरिक्त रकबा मे धान सर्मथन मूल्य मे खरीदी कर लाभ प्राप्त करना एवं उक्त लाभ को आपस मे बटवारा करने की योजना बनाए, जिसमे ,लोक सेवा केन्द्र के कम्प्यूटर आपरेटर के साथ मिलकर कुछ किसानो के भूमि रकबा मे अतिरिक्त भूमि रकबा जोड़कर, तुलसी एवं किरीत के धान खरीदी केन्द्र मे अधिक रकबा के धान की खरीदी सर्मथन मुल्य मे किये है। कुछ किसानो के धान बिक्री की राशि जिस खाता नंबर मे आने वाली होती है।

### छ.ग डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन में दो गुट

## छग डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छ.ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक अभियंता भवन रायपुर में संघ के प्रांताध्यक्ष इंजी. आर. के. रिछारिया, वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष इंजी. एच. सी. राठौर, महामंत्री इंजी. के. पी. बोपचे, अन्य प्रांतीय पदाधिकारी, अध्यक्ष / सचिव समस्त जिला समिति एवं जांजगीर चांपा जिले के भी डिग्रीधारी उपअभियंता वर्ग उपस्थित रहे। बैठक में डिग्रीधारी उपअभियंताओं द्वारा मांग रखी गई की डिग्रीधारी उपअभियंताओं को उपअभियंता से सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति हेतु 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए, जो नियम उनके भर्ती के समय विद्यमान था, जिसे वर्ष 2018 में उनके बिना संज्ञान में लाये हुए छ.ग. डिलोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के द्वारा इस आरक्षण को समाप्त करवा दिया गया । वर्तमान में एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी अपने व्यक्तिगत् स्वार्थ के लिए संघ का संचालन कर रहे है एवं उनको उनके पदोन्नति लाभ एवं अधिकार से वंचित कर रहे है। डिग्रीधारी उपअभियंताओं के मांग पर संघ द्वारा तर्क दिया गया है कि डिग्रीधारी उपअभियंता छ.ग. लोक सेवा आयोग परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक अभियंता बने। यदि उत्तीर्ण न हो पाये तो नौकरी छोड़ दे। संघ के महामंत्री ने अभद्र व्यवहार करते हुए कहाँ, आप लोग हमारे संघ में क्यों है, कौन आप लोगों को संघ में आने बोला संघ छोड़ दो आप लोग। प्रांतीय महामंत्री के ऐसा कहने पर डिग्री उपअभियंताओं के भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है, जो कि स्वयं को संघ का अभिन्न अंग मानते है एवं आज एसोसिएशन से डिग्रीधारी उपअभियंता वर्ग के अलग होने की संभावना उत्पन्न हो रही है। आज प्रदेश में डिग्रीधारी उपअभियंताओं की संख्या हजारों में है एवं विभिन्न विभाग में हो रहे नई भर्ती में डिग्रीधारी उपअभियंताओं की तादाद डिप्लोमाधारी उपअभियंताओं से काफी अधिक है। यदि एसोसिएशन में दो फाड़ हुआ एवं डिग्रीधारी उपअभियंता अपना संगठन बनाये तो निकटतम भविष्य में छ.ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन का गौरवशाली वर्चस्व समाप्त होता दिख रहा है एवं प्रदेश में डिग्रीधारी उपअभियंता वर्ग का संगठन एक मजबूत संघ बनकर उभर सकता है। बैठक में अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से रखने के लिए डिग्री धारी उप अभियंताओं में इंजी.मनीष राठौर, शांतनु विश्वास, राजेंद्र साहू, मुकेश खूंटे, आर.पी.साहू,अनुपम दुबे, एवम 20 अन्य उपअभियंता उपस्थित थे।तथा इन्होंने यह भी दावा की उप अभियंता से सहायक अभियंता में पदोन्नति का डिग्री कोटा खत्म करने वाला छत्तीसगढ़ देश का एक मात्र राज्य है।

## अग्रसेन भवन, डायग्नोस्टिक सेंटर, हॉस्पिटल निर्माण सहित सेवा प्रकल्पों पर कार्य करने का निर्णय

### नव निर्माण अग्रवाल समाज की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर के नव निर्माण अग्रवाल समाज के संस्थापक सदस्यों की बैठक रायपुर के छोकरा नाला स्थित सालासार धाम के सभागार में संपन्न हुई, समाजसेवी सुरेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संस्था के संविधान के निर्माण के साथ पंजीयन कराने का निर्णय लेकर दायित्व दिये गये। बैठक में समाज की जरूरतों के साथ सर्व समाज के लिए भी कार्य करने प्रकल्पों पर चर्चा हुई, नव निर्माण अग्रवाल समाज के रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि नाम के अनुरूप संगठन द्वारा शहर के विभिन्न भागों में क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार श्री अग्रसेन भवन का निर्माण, चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वसमाज की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त डायग्नोस्टिक सेंटर, मोहल्ला क्लीनिक सहित विभिन्न जन उपयोगी प्रोजेक्ट पर कार्य करने का निर्णय लिया गया,इस हेतु भूमि/भवन चयन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है,बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश गोयल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल कन्हैया अग्रवाल, विजय अग्रवाल, चिमनलाल अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, सत्यनारायण मित्तल, रमेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, सोमनाथ अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, नरसिंग अग्रवाल, राम अवतार गोयनका, विष्णु गोयल सहित सामाजिक गण उपस्थित थे,उपरोक्त जानकारी रामअवतार अग्रवाल--09425207607नव निर्माण अग्रवाल समाज, रायपुर ने दी है।

## राज्यपाल ने नवरात्रि के प्रथम दिन राजभवन में की पूजा-अर्चना



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन राजभवन के उपासना कक्ष में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर हिन्द इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर



हिन्द इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल, आर.डी.ए. प्लाट, संजय नगर रायपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि मिर्जा एजाज बेग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भा.ज.पा. ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए सिद्धांतों को अपना कर ही विकास के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता सर्वप्रथम उन्होंने की। बेग ने विस्तारपूर्वक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के योगदान और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सालिक सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष, भा.ज.पा. पुरानी बस्ती मंडल, महामंत्री आशीष धनगर, बद्री गुप्ता, परवेज कुरैशी, मो. खलील, सुल्तान भाई, अजीम खान, हाजी जीमल, हज्जन रेहाना बेगम, अध्यक्ष हिन्द इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल,प्राचार्या रूही नाज़ विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

## साल्हे बूथ क्रमांक 171 में मनाया गया दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष मनीष झा एवं जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विक्रम धुर्वे ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताए कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान नामक गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामदुलारी था। राजनीति और संघ के प्रचारक के अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने साहित्य के क्षेत्र में काफी योगदान दिया। उनकी हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों ही भाषाओं में अच्छी पकड़ थी। जिसके चलते उन्होंने अपने लेख में दोनों ही भाषा का बखूबी प्रयोग किया था। इस अवसर पर नगर पंचायत चिखलाकसा उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, शक्ति केंद्र प्रभारी ज्ञानप्रकाश साहू, बूथ पालक सुंदर लाल बेलचंदन, बूथ अध्यक्ष अवध राम साहू, बूथ सचिव निखिल टेकाम,महिला प्रभारी जयंती साहू, बीएलए 2 नरेंद्र निर्मलकर,युवा प्रभारी लोकेंद्र टेकाम, सुखिराम कोमा, गोवर्धन हिरवानी, करिश्मा टेकाम, कृष्णा राम यादव, जनक लाल कुंजाम, डोमार साहू जी, हरक राम टेकाम जी, गीतेश कचलाम जी की उपस्थिति में बूथ का बैठक एवं मन की बात को सुना गया।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के 36 घंटों के दौरान पूरे भारत में देखने को मिली ग्राहकों और विक्रेताओं की रिकॉर्ड भागीदारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

Amazon.in ने प्राइम अर्ली एक्सेस और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले दिन के साथ 36 घंटों की अब तक की सबसे बड़ी शॉपिंग की शुरूआत की है। Amazon.in पर एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए हैं; जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 गुना अधिक थे। इनमें से 68त्न साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए हैं। मनीष तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, अमेजन ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने ग्राहकों और सेलर पार्टनर्स की ओर से शानदार रिस्पॉन्स के साथ एक रोमांचक शुरुआत की है। यहां छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप्स, कारीगरों, महिला उद्यमियों की ओर से पूरे भारत में मौजूद हमारे ग्राहकों को प्रोडक्ट की विशाल रेंज की पेशकश करते हुए देखना हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है। हमें प्राइम मेंबर साइन अप में वृद्धि के साथ ही सभी श्रेणियों में खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या में ग्रोथ देखकर बेहद खुशी हो रही है। हमें खुशी है हमारे ग्राहक अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में अमेजन पर भरोसा करते हैं।' ग्राहकों की सेवा के लिए सेलर्स रजिस्ट्रेशनः पहले 36 घंटों के दौरान, छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप, कारीगरों, महिला उद्यमियों की ओर से उत्पादों का अब तक का सबसे बड़ा कलेक्शन पेश किया गया और पूरे भारत में मौजूद ग्राहकों को लगभग 10 लाख यूनीक प्रोडक्ट बेचे। 24 घंटे के 'प्राइम अर्ली एक्सेस' के दौरान, आम दिनों के मुकाबले प्राइम अर्ली एक्सेस में सेलर्स साइन-अप में 1.75 गुना वृद्धि दर्ज की गई।

# रायपुर के सभी घरों में होगा डिजिटल डोर नंबर यूनिक कोड से हर घर की होगी पहचान

**कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने देवेन्द्र नगर पहुंचकर डिजिटल डोर नंबर सुविधा की ली जानकारी**

### आपातकालीन व आवश्यक सेवाएं अब घर बैठे मिलेगी नागरिकों को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने देवेन्द्र नगर सेक्टर के स्ट्रीट नंबर 22 पहुंचकर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा रायपुर शहर में लगाए जा रहे डिजिटल डोर नंबर की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एम.डी. मयंक चतुर्वेदी भी उनके साथ थे। शहर के सभी 3.15 लाख घरों पर डिजिटल डोर नंबर लगाए जाने से मकान मालिक को विभिन्न करों के भुगतान, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन सहित 26 तरह की आवश्यक व आपातकालीन सेवाएं घर बैठे सुगमता पूर्वक प्राप्त होगी। इंडसइंड बैंक के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व रायपुर नगर निगम इस डिजिटल नंबर के माध्यम से सभी सम्पत्ति मालिकों को उनकी सम्पत्ति आई.डी. भी उपलब्ध करा रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व नगर निगम ने मिलकर राजधानी रायपुर के सभी मकानों को डिजिटल डोर नंबर के जरिए एक यूनिक आई.डी. प्रदान कर सुविधाओं को हाईटेक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। डिजिटल डोर नंबर के माध्यम से मकान मालिक को ई-गवर्नेंस माड्यूल से जुड़ी 26 सेवाएं घर पर लगे यूनिक डिजिटल प्लेट में छपे क्यू आर कोड को स्कैन करने से बड़ी आसानी से प्राप्त होगी।

इसके लिए महापौर एजाज़ ढेबर की उपस्थिति में इंडसइंड बैंक व रायपुर स्मार्ट सिटी के मध्य 25 जून 2022 को करार हुआ था और अब इस परियोजना पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने शहर में लगाए रहे इस महत्वपूर्ण व हाईटेक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों से कहा है कि निर्धारित अवधि में सभी घरों में यूनिक नंबर लगाया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, जोन कमिश्नर आर.के. डोंगरे, मैनेजर जी.आई.एस. रंजीत रंजन सहित इंडसइंड बैंक के अधिकारी भी उपस्थित थे। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में बताया कि सभी मकानों का पृथक से एक यूनिक नंबर तैयार कर क्यू आर कोड के साथ प्लेट के रूप में घर-घर लगाया जा रहा है। इस यूनिक नंबर से सम्पत्ति कर, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन, नामांतरण, भवन अनुज्ञा, नियमितीकरण सहित 26 जरूरी सेवाओं के साथ-साथ, पुलिस, एम्बुलेंस, फ़ायर ब्रिगेड की आपातकालीन सेवाएं घर बैठे सुगमता पूर्वक मिलेगी। घर की स्पष्ट पहचान होने से डोर-टू-डोर डिलीवरी सुविधा भी इससे आसान हो जाएगी। इसके अलावा इस डिजिटल नंबर के माध्यम से सभी संपत्ति मालिकों को अपना संपत्ति आईडी भी प्राप्त होगा। रायपुर के देवेन्द्र नगर सेक्टर से डिजिटल डोर नंबर लगाने की शुरूआत कर दी गई है और 6 माह में सभी घरों में डिजिटल डोर नंबर लगा दिए जाएंगे।

## माता की जगराता में झूमेगा जशपुर, भोजपुरी मशहूर गायिका रीमा वर्मा की आवाज से भक्तिमय होगी शाम

जशपुरनगर। संगम चौक दरबारी टोली में स्थित दुर्गा मण्डप का इस वर्ष 25वां वर्षगांठ है, साथ ही 2 वर्ष कोरोना



माहवारी उपरान्त समिति द्वारा इस वर्ष बड़े ही धूम-धाम से दुर्गा पूजा सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष राकेश सोनी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष युवाओं को समिति में जोड़ा गया है और बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ पुरानी रीति को निभाते हुए एक नए रूप में दुर्गा पूजा सम्पन्न की जाएगी। अनुष्ठान की शुरूआत 1 अक्टूबर को माता की स्थापना एवं बेलवरम पूजा से की जाएगी। इस वर्ष शहर में आकर्षण का केन्द्र 2 अक्टूबर सप्तमी को माता के जागरण का आयोजन है। भोजपुरी मशहूर गायिका रीमा वर्मा की आवाज में जशपुर झूमेगा एवं पुरी शाम भक्तिमय हो जाएगी। 3 अक्टूबर को माता की झांकी का आयोजन है। समिति के मीडिया प्रभारी नमित कुमार प्रसाद द्वारा बताया गया कि इस वर्ष एक नए रूप में मण्डप की सजावट की जा रही है और पूरे आयोजन में समिति के युवाओं का विशेष योगदान है।

## समाज के लोग शासन की योजनाओं का लें लाभ, सरकार की प्राथमिकताओं में गाँव गरीब और किसानः यू. डी. मिंज

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कुनकुरी विकासखंड में विभिन्न सामाजिक भवन का लोकार्पण संसदीय सचिव एवं विधायक यू.डी. मिंज ने किया। जिसमें कोरवा समाज लोटापानी, कंसारी समाज नगर पंचायत कुनकुरी, नाई समाज कुनकुरी, कुम्हार समाज कुनकुरी शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है नवरात्रि के अवसर समाज के लिए स्वीकृत सामाजिक भवन का भूमिपूजन किया जा रहा है. संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने सभी समाज के लिए सामाजिक भवन की स्वीकृति दी है. यह उनकी सोंच का परिणाम है जो की सभी समाज के लोगों के लिए सरकार का उपहार स्वरूप है। उन्होंने आगे कहा समाज के विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजनों के साथ समाज के दुःख सुख और बेटी बेटों के वैवाहिक कार्यक्रम में इन भवनो का उपयोग इस बात का गवाह बनेगा. पहली बार पहाड़ी कोरवा समाज के लिए अलग से लोटापानी में भवन स्वीकृत हुआ है इसके अतिरिक्त कोरवा समाज लोटापानी,कंसारी समाज नगर पंचायत कुनकुरी, नाई समाज कुनकुरी, कुम्हार समाज कुनकुरी का भवन का भूमिपूजन किया गया है। सामाजिक भवन के भूमि पूजन में उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि सभी बच्चों को शिक्षा दिलाएं. समाज के लोग शराब से दूर रहे, इससे सामाजिक विकास होगा समाज में एक क्रांति आएगी उन्होंने लोटापानी में कहा कि कोरवा समाज के लोग हमेशा जंगल की सुरक्षा में भी आगे रहें। संसदीय सचिव ने कहा कि सभी समाज के लोग शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले और लोगों को दिलाएं हमारी सरकार प्राथमिकता में गाँव गरीब और किसान के लिए काम कर रही हैं. विकास का एक खाका खींचा हुआ हैं उस रास्ते पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचा रही हैं। संसदीय सचिव यू डी मिंज के द्वारा समाज को सामजिक भवन कि सौगात मिल सकी है। इस जगह का सौन्दरीयकरण कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा जिससे भविष्य मे ना केवल समाज के लोग बल्कि अन्य समाज के लोंगो को भी अनेक प्रकार के सामजिक कार्यो के लिए इस जगह का लाभ मिल सके। इस अवसर कांग्रेस के कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी ग्रामवासी, नगरवासी एवं विभिन्न समाज के अतिथि उपस्थित रहे।

## एसपी के मार्गदर्शन में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, गुंडरदेही शराब दुकान में हुई चोरी के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



बहुचर्चित गुंडरदेही शराब दुकान में 19 दिन पहले हुई चोरी के मामले में बालोद पुलिस को बड़ी क़ामयाबी मिली है। घटना में संलिप्त शराब दुकान के 2 कर्मचारी सहित कुल 5 आरोपीयों को पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसका खुलासा रविवार को एसपी जितेंद्र यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान किया। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि 5 सितंबर की मध्य रात्रि गुंडरदेही में देशी कंपोजिट शराब दुकान में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 5 लाख 76 हजार रुपये कैश और 30 हजार रुपये की शराब सहित सीसी कैमरा का डीव्हीआर को भी चोरी कर ले गए थे। डीव्हीआर की चोरी करने की वजह से पुलिस को अज्ञात आरोपियों को पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान एसपी द्वारा गठित सायबर और पुलिस की विशेष टीम ने शराब दुकान के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाले और सैकड़ों लोगो से पूछताछ की। साथ ही पुलिस की विशेष टीम ने शराब दुकान में काम करने वाले सभी 16 कर्मचारियों पर और पूर्व में चोरी जैसे अपराधों में भी जेल गए आदतन अपराधियों पर भी निगरानी रखे हुए थे। इसी दौरान गुंडरदेही मे चोरी के प्रकरण में पूर्व में जेल जा चूके कोमू निषाद और जालम सिंह के द्वारा नई मोटर साईकिल खरीदना और अनाप शनाप पैसा खर्च किये जाने की जानकारी पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की तब उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया और अपने अन्य 3 साथी के नामों का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 लाख 2 हजार रुपये नगद, चोरी के पैसे से खरीदी गई नई मोटर साइकिल और चोरी में इस्तेमाल लाई गई मोटर साइकिल को जब्त किया है और आरोपी सुनील बारले पिता चोवाराम बारले (35वर्ष), राजेश चंदेल पिता रमेश कुमार चंदेल (32वर्ष), कोमू निषाद पिता लीलाधर निषाद (23वर्ष), आदर्श सोना पिता स्व. बजरंग सोना (22वर्ष) एवं जालम सिंह पिता भीम सिंह (23वर्ष) को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया हैं।

## लापरवाह वन विभाग की पोल खोलने मोटरसाइकिल से जंगल पहुंचे विधायक यूडी मिंज, अवैध कटाई पर बिफरे

**परेशान ग्रामीणों की बात सुनने विधायक 8 किमी अंदर मोटरसाइकिल से देखने पहुंचे जंगल**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



वनक्षेत्र अंधाधुंध वनों की कटाई से बर्बाद होते जा रहे हैं। कुनकुरी वनपरिक्षेज के गड़ाकटा, लोटापानी जंगल मे अवैध कटाई की शिकायत विधायक यूडी मिंज को लगातार मिल रही थी। ग्रामीणों ने इससे पहले वन विभाग को जंगल कटाई की कई बार सूचना दी थी लेकिन लापरवाह विभाग के कान तक ही बात सिमट कर रह गई, जिसके बाद लोटापानी में भूमिपूजन के लिए गए विधायक के पास ग्रामीणों ने फिर शिकायत की तो ग्रामीणों के साथ विधायक मोटरसाइकिल पर सवार होकर 8 किमी अंदर जंगल मे हो रही अवैध कटाई वाले स्थान पर पहुंचे। वहाँ की कटाई देख विधायक मायूस हो गए जिसके बाद विभागीय अधिकारियों को तत्काल आकर जंगल कटाई की जांच करने के निर्देश दिए और फटकार भी लगाई।

### पट्टा के लिए कर रहें कब्जा

जंगल मे वन पट्टा के लिये भू अधिग्रहण करने के फिराक में जंगल की कटाई हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल मे कुनकुरी क्षेत्र के ग्रामीण भी काटने आते हैं सुबह शाम जंगल से लकड़ी काट कर बेचने वालों की लाइन लग जाती है। मुख्य मार्ग से लगभग 300 मीटर अंदर से जंगल की कटाई जारी है अभी तक साल के छोटे बड़े लगभग 500 से ज्यादा पेड़ काट कर मैदान में तब्दील किया जा चुका है।

> वनों की अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिये ग्रामीणों को एक्टिव किया गया है डीएफओ से बात हुई है और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्यवाही भी करेंगे।
>
> **यूडी मिंज,** विधायक कुनकुरी

## 'फार्मासिस्ट यूनाइटेड इन एक्शन फॉर अ हेल्दीयर वर्ल्ड की थीम पर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने मनाया' वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 26 सितंबर को 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' मनाया गया। 'विश्व फार्मास्युटिकल दिवस' 25 सितंबर को पूरे विश्व में प्रति वर्ष मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य दुनिया के हर कोने में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देने और हिमायत करने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। विश्वविद्यालय में समारोह के मुख्य अतिथि एजुकेशन रेगुलेशन कमिटी (ERC) के चेयरमैन, भारतीय फार्मेसी परिषद के वाइस प्रेसिडेंट, एसोसिएशन ऑफफार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफइंडिया (APTI) और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रो.डॉ.दीपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक नागेन्द्र भुवाने रहे। डीन एकेडमिक्स ऑफ़यूनिवर्सिटी, डॉ. आर.आर. एल. बिराली ने मुख्य अतिथि प्रो.डॉ.दीपेंद्र सिंह का स्वागत किया और सभी को 'वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे' की शुभकामनाएं दी। 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' समारोह में मुख्य अतिथि प्रो.डॉ.दीपेंद्र सिंह ने रविशंकर महाराज को नमन करते हुए सभी को 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' की शुभकामनाएं दी।

## गोल्डी सोलर ने 2025 तक क्षमता विस्तार के साथ एचजेटी टेक्नोलॉजी में प्रवेश का किया ऐलान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




गोल्डी सोलर (Goldi Solar) ने अपने बिजनेस के विस्तार से जुड़ी योजनाओं के तहत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम के निवेश से जुड़े प्लान का ऐलान किया है, गोल्डी सोलर भारत में क्वालिटी को लेकर सबसे सजग क्वालिटी ब्रांड है, इसके साथ-ही-साथ कंपनी ने अपने नए और फ्लैगशिप प्रोडक्ट HELOC?0? Plus पर से पर्दा हटाया है, हेट्रोजंक्शन टेक्नोलॉजी से लैस इस प्रोडक्ट में कार्बन मॉड्यूल सीरीज का कम इस्तेमाल किया गया है और इसकी दक्षता (एफिशिएंसी) काफी अधिक है, गोल्डी सोलर का लक्ष्य मॉड्यूल, सेल और कच्चे माल निर्माण क्षमताओं के साथ एंड-टू-एंड और वर्टीकल इंटीग्रेटेड कंपनी बनना है, इस प्लान के अनुरूप कंपनी गुजरात में सेल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना है इसके बादकंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाकर 5 गीगावाट करेगी, इसके साथ-ही-साथ कंपनी की विभिन्न पदों पर 4,500 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति करने की योजना है, इससे इसकी वर्कफ र्स बढ़कर 5,500 से ज्यादा हो जाएगा, इन महत्वपूर्ण डेवलपमेंट्स को लेकर गोल्डी सोलर (Goldi Solar) के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन ईश्वर ढोलकिया ने कहा, बिल्कुल जमीनी स्तर (ग्रास रूट लेवल) पर रोजगार पैदा करने के लिए गोल्डी सोलर की प्रस्तावित विनिर्माण इकाई (मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी) के आसपास के जनजातीय इलाकों से 25% वर्कफोर्स की भर्ती की योजना है।

## प्रगतिशील यादव महासंघ ने मेकाहारा में टीवी भेंट की




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

सामाजिक सरोकार की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने सोमवार 26 सितंबर 2022 को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मेकाहारा परिसर स्थित क्षेत्रीय कैंसर संस्थान रायपुर के प्रमुख डॉ विवेक चौधरी को 36' सैमसंग टीवी सेट प्रदान किया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि कैंसर अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती मासूम नन्हे मुन्ने बिस्तर पर आराम से लेटकर लर्न विथ फ न की तर्ज पर शिक्षा के साथ मनोरंजन और व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर सके, इसी उद्देश्य को लेकर यह सार्थक पहल की गई। अभिनव सोच के इस प्रयास को अमलीजामा पहनाने में श्रीमान अशोक यादव, सुजीत सिंह, शशिकांत यादव, रविंद्र सिंह यादव, सुशील यदु, जितेंद्र बहादुर यादव, राकेश यदु आदि ने उल्लेखनीय भूमिका अदा की।

## नाबालिग बालक से चोरी गये मोबाइल इलेक्ट्रानिक सामान एवं नगदी जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नाबालिग बालक से चोरी किए गए मोबाइल इलेक्ट्रिक सामान सहित नगद राशि जब्त पुलिस ने किया इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 सितम्बर को प्रार्थी राजू साहू पिता बहल राम साहू 33 साल साकिन रांका थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका स्वयं का मोबाइल शाप का दुकान बाजार चौक रांका में है कि 19 सितम्बर के शाम करीब 07 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था सुबह 20 सितम्बर के सुबह 09 बजे दुकान का शटर खोलने के बाद देखा कि दुकान के उपर सीमेंट का शीट को तोडकर किसी अज्ञात चोर द्वारा 19 सितम्बर के शाम 07.00 बजे से 20 सितम्बर के सुबह 09 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर दुकान के गल्ला मे रखे नगदी रकम 45,000 रूपये एवं दुकान के रैक मे रखे 09 नग विभिन्न कंपनी का मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामान कीमती 40,000 रूपये एवं कुलेश्वर निषाद का भी दुकान का शीट को तोडकर अंदर प्रवेश कर गल्ला मे रखे 2000 रूपये एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामान कीमती 1000 रूपये जुमला 3000 रूपये कुल जुमला 88,000 रूपये को अज्ञात चोर द्वारा दरमियानी रात्रि मे दुकान का शीट को तोडकर अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने माल मुल्जिम पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये।



### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1264/रीडर-1/2022 जशपुर, दिनांक -22/09/2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर (बाघरकोना), प.ह.न.-07,** तहसील-जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदिका जीवनकोलेता टोप्पो पति कोरनेलियुस टोप्पो,** जाति उरांव, निवासी ग्राम माड़ो, तहसील मनोरा, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर बाघरकोना, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न.35/10/ग/1, जिसका रकबा 0.041हे.,में से/वर्ग.मी. - हे., प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 07/10/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 22/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर (छत्तीसगढ़)

### न्यायालय तहसीलदार, केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.मा.क्र./202108200100021/अ-20(1)/2021-22

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मोहिनी शोरी पिता श्री अंजोरी शोरी जाति-गोंड, निवासी ग्राम सुरडोंगर तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम सुरडोंगर तहसील केशकाल स्थित शासकीय भूमि आबादी मद खसरा नं. 31/8/ख/1 रकबा 13.409 हेक्टेयर भूमि में से क्षेत्रफल 0.003 हे. भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा प्रदाय किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र नक्शा खसरा के साथ कलेक्टर महोदय जिला कोण्डागांव को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 21.10.2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार केशकाल

### कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**पोंडी** के समस्त आश्रिम ग्राम **पोंडी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया हैः-

**ग्राम का नाम-** पोंड़ी, **आवेदक का नाम-** गुलाम मोहियुद्दीन **हितग्राही का नाम-** मोहम्मद अदनान **आनलाईन आवेदन क्रमांक-**0705012214012004, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-** मोमिन जुलाहा।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/09/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 12/09/2022
पेशी दिनांक - 27/09/2022

मुहर — नायब/तहसीलदार बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतपती पिता नारायण निवासी ग्राम चारभांठा ग्राम पंचायत चारभांठा तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा उसके स्वयं के माता जयग्मोती का मृत्यु दिनांक 10/03/2010 को ग्राम में हुआ है उक्त स्वयं का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में स्वयं की माता घटना पंजीकृत किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदनपत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 22/09/2022 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सरायपाली

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./2022892004000/3/अ-2/2021-22

ग्राम पेन्ड्रावन प.ह.नं. 05 तहसील बड़ेराजपुर

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार मरकाम पिता श्री नरसिंह उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी उड़िदगांव तहसील बड़ेराजपुर जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम पेन्ड्रावन प.ह.नं. 05 रा.नि.म. विश्रामपुरी तहसील बड़ेराजपुर स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 120/167 रकबा 0.041 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 30/09/2022 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.09.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा के जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी(रा.) केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

# जगह-जगह विराजी मां जगदंबा, मंदिरों में भक्तों की भीड़





जगत जननी का आगमन, मंदिर देवालय में उमड़ी भीड़, जोत जंवारा की स्थापना में दिन भर व्यस्त रहे लोग। अगले नौ दिन रहेगी गरबा की धूम, भक्तिमय हुआ संस्कारधानी का माहौल

# कांग्रेस में जिला अध्यक्ष बनने घमासान जारी, सक्रिय सदस्य को मिलेगी कमान

## ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस सहित अट्ठारह ब्लॉक अध्यक्षों की होनी है नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक पार्टियां नए नियुक्तियों में व्यस्त हैं। जहाँ एक और कुछ समय पहले भाजपा में बड़ा फेरबदल हुआ है वहीं अब कांग्रेस में भी नए अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए पार्टी में घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस इस बार पार्टी का नेतृत्व ऐसे चेहरे को देना चाह रही है जिसके संगठनात्मक क्रियाकलाप से पार्टी को लाभ हो और इसके लिए लगातार अलग अलग नामों पर विचार किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी दल कांग्रेस अपनी सत्ता को दोबारा पाने के लिए संगठन में नए एवं निर्विवाद चेहरे को लाकर अपनी चुनावी नैया पार लगाने की जुगत में लगी है।

राजनांदगांव जिले में संगठनात्मक रूप से ग्रामीण कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के साथ-साथ ग्रामीण में 16 ब्लॉक अध्यक्ष और शहर में उत्तर और दक्षिण दो ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी है। कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव में वर्तमान अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी का कार्यकाल कमोबेश पूर्ण हो चुका है और उनका कार्यकाल संतुष्टिपूर्ण नहीं रहा अब ऐसी स्थिति में जिला कांग्रेस में नए अध्यक्ष की कवायद तेज हो गई है।

नए अध्यक्ष के लिए जिला कांग्रेस के प्रवक्ता रुपेश दुबे, गुलाब वर्मा एवं महिला कोटे से विभा साहू के नामो पर जानकारी मंगाई गई है। कोठारी अपने नियुक्ति के दौरान अनेक अवसरों पर कांग्रेस विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने वाले कांग्रेस के पदाधिकारियों पर कार्यवाही करने के बजाए मौन साधे रहे जिसके कारण कांग्रेस संगठन की कहीं न कहीं किरकिरी भी हुई और पार्टी में अनुशासन तोड़ने वालों के हौसले बुलंद हुए।

### ग्रामीण अध्यक्ष के लिए इन नामों पर प्रमुखता से चर्चा



जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के लिए वैसे तो अनेक दावेदार हैं लेकिन कुछ प्रमुख नामों पर ही संगठन ने जानकारी मंगाई है जिन पर चर्चा की जा रही है। पेशे से अधिवक्ता रूपेश दुबे इस पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। भाजपा के खिलाफ मुखर होकर तथ्यात्मक एवं मुद्दे में बेबाकी से विरोध दर्ज कराने के रूप में चर्चित रुपेश दुबे प्रवक्ता और प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ लीगल सेल में महामंत्री के रूप में अभी दायित्व निभा रहे हैं। कांग्रेस की गुटीय राजनीति को भी समाप्त करने में दुबे की नियुक्ति पूरी तरह से कारगर साबित होगी। अध्यक्ष के लिए रविंद्र चौबे के करीबी माने जाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुलाब वर्मा का नाम भी इस दौड़ में शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र की राजनीति को करीब से समझने का लाभ उन्हें मिल सकता है। यदि महिला वर्ग की बात करें तो डोंगरगांव विधानसभा की तेज तर्रार नेत्री विभा साहू को भी संगठन मौक़ा दे सकती है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के नाम पर भी संगठन विचार कर रही है वो पहले भी महिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में काम कर चुकी हैं एवं वर्तमान में भी महिला कांग्रेस की प्रदेश पदाधिकारी भी है।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए आधे दर्जन से ज्यादा नाम



शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए भी कई नाम है लेकिन वर्तमान अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा मजबूत स्थिति में हैं। शहर में कांग्रेस की गुटबाजी जगजाहिर है राजनांदगांव जिला मुख्यालय होने के कारण मुख्य राजनीतिक केंद्र बिंदु के रूप में यहां की राजनीतिक फिजा पूरे जिले में फैलती है इसलिए संगठन को शहर अध्यक्ष के रूप में ऐसे नाम को तवज्जो देना होगा जिससे कांग्रेस की निष्पक्ष छवि भी जनता के बीच जाए। शहर में कांग्रेस के लिए मौजूदा अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के अलावा सुजीत दत्ता बापी और रूबी गरचा का नाम भी संगठन नेतृत्व की नजर में है। कुलबीर सिंह छाबड़ा लम्बे समय से पार्षद हैं और शहर में काफी सक्रीय भी रहते हैं जिसका फायदा उन्हें मिल सकता है। लगातार संगठन में सक्रीय सुजीत दत्ता बापी के नाम पर भी चर्चा की जा रही है। सोशल मिडिया में भी भाजपा को निरंतर घेरने वाले बापी को उनके अच्छे व्यवहार व् सांगठनिक क्षमता का फायदा मिल सकता है। बात यदि रूबी गरचा की करें तो संगठन ने उनके नाम पर भी जानकारी मंगाई है। लम्बे समय से संगठन में सक्रीय रूबी को भी इस पद पर काबिज किया जा सकता है।

# ग्राम धोबनी में रामधुनी प्रतियोगिता में पहुंचे भाटिया



पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा के ग्राम धोबनी में समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे जगजीत सिंह भाटिया ने कहा कि रामधुनी के माध्यम से हम सभी को देवी देवताओं के महिमा का वर्णन मिलता है। हमें हमारे सनातन धर्म की जानकारी की प्राप्ति होती है जो नितांत आवश्यक है।क्योंकि हमें हमारे धर्म और संस्कृति का जानकारी होना नितांत आवश्यक है।इन्ही आयोजनों के माध्यम से हमारी पीढ़ी हमारी धर्म और संस्कृति की शिक्षा की प्राप्ति करती है और हमारे धर्म संस्कृति के प्रति जागृत करती है। रामधुनी प्रतियोगिता से प्रतियोगियों का परिणाम उनके भक्ति गायन एवं झांकी के आधार पर परिणाम देती है। और सभी प्रतिभागी अपनी ओर से अच्छी प्रस्तुति प्रस्तुत करते है। प्रथम द्वितीय आना एक प्रक्रिया है ।यह कार्यक्रम होते रहना चाहिए। सभी समाज में समरसता आपसी भाई चारे की भावना बढ़ती है ,और एक ही स्थान पर विभिन्न ग्रामों के लोगो की एक साथ धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होता है।आप सभी को इस आयोजनों के लिए बहुत बहुत बधाई आप सभी ने हमें बुलाया मान दिया उसके लिए आप सभी का ह्रदय से धन्यवाद । उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से पांडु राम कुंजाम जी, मलेश कुंजाम जी , भोला राम रावते, गेंद लाल सिन्हा , डोमेन , बेलाश बाई , महाबाई , इंद्रा बाई , अनसुईया बाई, अशोक बाई ग्राम गोताटोला भवानी जी, थानू राम कोमा, राधे कुंजाम, अर्जुन साहू एवम् समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

# क्षेत्र के रामधुनी स्पर्धाओं के समापन समारोह में छन्नी चंदू साहू ने की शिरकत

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की विधायक छन्नी चंदू साहू ने क्षेत्र के अलग अलग जगहों में विभिन्न रामधुनी स्पर्धा कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक ने अम्बागढ़ चौकी के ग्राम सांगली, छुरिया के ग्राम दानीटोला, चिखलाकसा एवं ग्राम लालूटोला के कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच कर स्पर्धा में उपस्थित हुईं और ग्रामवासियों से भेंट मुलाक़ात भी किया।

कार्यक्रमों की शुरुआत में विधायक एवं आयोजकों ने भगवान् श्री राम के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलीत किया। कार्यक्रमों में उद्बोधन के दौरान छन्नी चंदू साहू ने कहा कि रामधुनी की ऐसी प्रतियोगिताएं क्षेत्र में धर्म के प्रति जागरूकता की परिचायक हैं। भगवान् राम की जीवनी कहे जाने वाले इस कार्यक्रम से हम सबको बहुत कुछ सीखने मिलता है और हम श्रीराम के जीवन के उन पहलुओं से परिचित होते हैं जिसमे यह सिखाया गया है कि किस तरह अपने धर्म व् अपने सामाजिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए हमें हर स्तर पर त्याग के लिए तैयार रहना चाहिए। अम्बागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से सेक्टर प्रभारी बसंत मंडावी, पार्षद मुकेश सिन्हा, पार्षद अविनाश कोमरे, सलीम खान, सरपंच असवंतीन बाई, ग्राम पटेल चन्दन कोरेटी, बूथ प्रभारी मनोहर लाउत्रे, अनूप यादव, दिलीप मंडावी, सचिव एम् आर खोब्रागढ़े, माणिक राम सिन्हा, वार्ड पांच निलापा बाई, अध्यक्ष आयोजक समिति पंकज मंडावी, सचिव देवेंद्र भैंसवारे, उपाध्यक्ष मनीष सेवता, संरक्षक असलम खान, केशव बसु, विक्की गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# छुईखदान मंडल में भाजपा के विभिन्न कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ छुईखदान
www.dailypioneer.com

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर छुईखदान मंडल के ग्राम बिरुटोला बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा जयंती मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य रुप से भाजपा नेता व खैरागढ़ विधानसभा सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कोमल जंघेल उपस्थित थे साथ मे प्रकास जंघेल, भावेश कोचर, शिवनाथ वर्मा,चेतन वर्मा भी उपस्थित थे। ग्राम बिरुटोला बूथ के फेरहा राम, श्यामलाल पटेल, नन्द कुमार केशरिया, देवकर, बैसाखू राम मनराखन, जवाहर राम, त्रिलोक राम, सतानन्द परदेसवर्मा, उमेंद यादव, तारकेश्वर, दिनेश, धनेश, संतोष मेहर, मनहरण राम सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### छुईखदान मंडल ने सुना प्रधानमंत्री की मन की बात



छुईखदान भाजपा मंडल द्वारा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को सुना गया। इस दौरान प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति राजलक्ष्मी पंसारी, पूनप अध्यक्ष डॉ. दीपाली जैन, सांसद प्रतिनिधि आशीष जैन, ज्ञान सिंह यादव कृष्णकांत महोबिया, दिलीप वैष्णव, प्रदीप श्रीवास्तव, किशन सिलोटिया आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### नलिनी शिल्लेदार



**राजनांदगांव।** स्थानीय महेश नगर निवासी नलिनी शिल्लेदार पति स्व. केशव राव शिल्लेदार का 26 सितंबर को दोपहर यहां निधन हो गया। 83 वर्षीय नलिनी शिल्लेदार पिछले कुछ माह से अस्वस्थ्य चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा कल 27 सितंबर को सुबह 11 बजे महेश नगर स्थित निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

वे अपने पीछे सुपुत्र सुधीर शिल्लेदार, वरिष्ठ पत्रकार किशोर शिल्लेदार, हरीश, विजय सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी।

## लगातार शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं

# छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स करती है मरीजों के साथ दुर्व्यवहार

पायनियर संवाददाता ◄ छुईखदान
www.dailypioneer.com




छुईखदान ब्लॉक का चिकित्सा मुख्यालय मे आए दिन स्टाफ नर्सों की अनियमितता एवं दुर्व्यवहार सामने आ रही है। पहले भी स्टाफ नर्स द्वारा गर्भवती महिला एवं उनके परिवार जनों के साथ दुर्व्यवहार आम बात है रात में आए गर्भवती महिलाओं के परिवार वालों से पैसों की मांग करना उनके साथ दुर्व्यवहार करना इनके आदत से हो गई है। स्टाफ नर्स द्वारा लगातार महिला मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार समझ से परे है रात में आए गर्भवती महिला जो डिलीवरी के लिए आती है उनको डिलीवरी के दौरान एहसान जताते है एवं स्टाफ नर्स अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन ना करते हुए प्राइवेट सेक्टर के रूप में काम करते हैं और कई ऐसे भी मामले सामने आए हैं कि ज्यादा टाइम तक अस्पताल में मरीजों को नहीं रोका जाता सीधा रिफर किया जाता है। रिफर के दौरान भी जो गाड़ी मरीज को राजनांदगांव लेकर जाते हैं उनके द्वारा भी जिस अस्पताल में उनका कमीशन बंधा हुआ है उस अस्पताल तक ले जाकर एवं भर्ती कराकर आते हैं फिर बाद में उनको कमीशन मिल जाता है हाल ही मे छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलवरी हुई श्यामपुर की महिला पुष्पा साहू एवं उनके परिवार के साथ यही हुआ बीते 15 सितंबर गुरुवार के दरमियानी रात श्यामपुर की महिला मरीज डिलीवरी के लिए आई थी जिसके साथ भी यही हश्र हुआ रात के समय डिलीवरी कराने के पश्चात उनके परिवार वालो से पैसों की मांग की गई। उसके बाद भी परिवार द्वारा खुश होकर अपने हैसियत के अनुसार मिठाई खाने के लिए दिया गया जिसे इनकार करते हुए स्टाफ नर्स द्वारा मन मुताबिक पैसों की मांग की गई और तो और उस महिला को घर छोड़ने के लिए जो गाड़ी 102 महतारी एक्सप्रेस जाती है उसमें जो श्वस्ज्ञ रहते हैं उनके द्वारा भी पैसे मांगा गया तथा किसी को नहीं बताने की बात कहेगी कहने को तो प्रशासन अब आम लोगों तक पहुंच गई है।

नर्स के द्वारा राशि की मांग की गई उसके बाद मैं मिठाई खाने के नाम पर राशि देने गई लेकिन अपने मर्जी से पैसों की मांग की गई।
**-विमला साहू,** मरीज की सास श्यामपुर

मेरे सामने नर्स द्वारा पैसों की मांग की गई और मैं ही उनको मिठाई खाने के नाम पर देने गई कम पैसा है करके लौटा दिए ज्यादा पैसे की मांग कर रहे थे।
**-शारदा साहू,** मरीज की पड़ोसी श्यामपुर

स्टाफ नर्स द्वारा मेरे एवं मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया गया और मेरे परिवार वालों से पैसों की भी मांग की गई।
**-पुष्पा साहू,** मरीज श्यामपुर

# छुरिया महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

शासकीय रानी सूर्य मुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के प्राचार्य डॉ सुषमा चौरे नेताम के दिशा निर्देश एवम् महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार उमरिया के मार्गदर्शन में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व निर्माण की एक माध्यम है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़कर हम राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दीपिका ध्रुवे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई छुरिया निश्चित ही महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों में अग्रसर होकर कार्य करेंगी।

# त्योहारी सीजन में सरल प्रक्रिया से होम लोन देने स्टेट बैंक ने लोन केंद्र शाखा शुरू की

## दूसरे किसी बैंक से लोन ट्रांसफर में कोई शुल्क नहीं लिया जाता

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा इस त्योहारी सीजन में घर खरीदने वालों के लिए बहुत सारी रियायतें उपलब्ध कराई जा रही है। दूसरे किसी बैंक से होम लोन ट्रांसफर में कोई भी प्रक्रिया शुल्क नहीं लिया जा रहा है। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एक विशेषीकृत होम लोन केंद्र तृतीय तल, गैलेक्सी हाइट्स स्टेट बैंक एस एम ई शाखा के ऊपर व्यापार विहार में स्थापना की है। यह केंद्र भारतीय स्टेट बैंक या किसी भी बैंक के ग्राहकों को गृह ऋण एवं गृह संबंधित अन्य ऋण सुगमता पूर्वक उपलब्ध करवा रही है उन्हें कहीं और किसी शाखा या कार्यालय में जाने की अब कोई आवश्यकता नहीं है ।शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट के साथ स्टेट बैंक का टाइअप होने के कारण ग्राहकों का भरोसा स्टेट बैंक से लोन लेने में दिनों दिन




बढ़ता जा रहा है। लोगों का विश्वास भारतीय स्टेट बैंक में इतना है कि कुछ लोग संपत्ति की जांच हेतु ही स्टेट बैंक से ऋण को प्राथमिकता देते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के विशेषीकृत होम लोन केंद्र प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक अजीत कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक की हमारी टीम त्वरित सेवा उपलब्ध करवा रही है ।उन्होंने बताया कि होम लोन लेने वाले को हमारी बैंक रियायती दर पर पर्सनल लोन भी उपलब्ध करवा रही है। इसके अलावा केंद्र द्वारा गृह बंधक ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है ।इस अवसर पर होम लोन के कार्यपालक अधिकारी गोपाल सिंह एवं अरुण मिश्रा ने बताया कि कोई भी ग्राहक दूरभाष संख्या 99819 98883 एवं 99819 98884 पर किसी भी समय दूरभाष करके शहर के नए प्रोजेक्ट उनकी खुद की पात्रता एवं ऋण संबंधी कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।इस केंद्र में कार्यरत बैंक के स्टाफघर पहुंच सेवा भी उपलब्ध करवा रहे हैं। यह केंद्र ग्राहकों को नए मकान खरीदने उचित परामर्श एवं जानकारी प्रदान करती है।

उन्होंने बताया कि किसी भी लोन लेने वाले नागरिक को आयकर प्रमाणपत्र और पेन कार्ड का होना जरूरी है ।साथ में इनकम आफसोर्स के लिए वेतन प्रमाण पत्र भी और लोन की सारी प्रक्रिया अगर सही हो तो सुबह आवेदन और शाम को लोन की स्वीकृति भी हो सकती है। आवेदन के वक्त हमारा बैंक कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लेता ।लोन लेने के इच्छुक लोगो से हमारा अनुरोध है कि किसी भी दलाल के चक्कर में न पड़ें और सीधे हमारे में संपर्क करें ।

# जल जीवन मिशन की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सौरभ कुमार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की है। हर घर नल के निर्धारित लक्ष्य 1 लाख 4 हजार 335 के विरूद्ध अब तक 14 हजार 77 घरों में ही नल सुविधा मुहैया कराई गई है। कलेक्टर ने काम की इस सुस्ती के लिए जवाबदेह ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड कर सख्त कार्रवाई करने को कहा है। कलेक्टर आज जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। जिला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा जिले के 668 ग्राम हेतु कुल स्वीकृत 909 योजना के निविदा प्रक्रिया माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। जिले के कुल 2 लाख 4 हजार 687 परिवारों में अभी तक मात्र 1 लाख 7 हजार 787 परिवारों में कार्य करने का आदेश जारी किया गया है, जिस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी व्यक्त किया। इसी तरह जिले




में कुल अनुबंधित कार्यों में जिन एजेंसी द्वारा कार्य नही किया जा रहा है अथवा कार्यादेश जारी करने के उपरांत समयानुपातिक प्रगति नही होने पर उन्हें तत्काल सूचित कर नियमानुसार कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिले में अभी भी कई ठेकेदारों ने विगत 3-4 माह पूर्व अनुबंध हस्ताक्षर कर कार्यादेश प्राप्त कर कार्य प्रारंभ नही किया है। उन्हें नियमानुसार ठेकेदारों की काली सूची में डालने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संज्ञान में आया है कि प्रति दिवस हर घर नल कनेक्शन के आई.एम.आई.एस. की एन्ट्री अत्यंत ही कम है। इसी तरह सहायक अभियंता एवं उपअभियंताओं को भी ठेकेदार के देयकों का त्वरित निराकरण कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये गये है कि शासन के इस महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार के लापरवाही कार्यों में उदासीनता का स्पष्ट प्रमाण है एवं इसके लिए कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में ई.ई. पीएचई एस.के.चन्द्रा सहित विभागीय सहायक अभियंता एवं उप अभियंता उपस्थित थे।

# मां महामाया मंदिर लवन में प्रज्वलित हुआ आस्था के ज्योत, 37सौ ज्योति कलश प्रज्वलित हुआ

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

नवरात्र का महापर्व शक्ति का आराधना का पावन पर्व होता है।इस पावन पर्व को हर कोई पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाकर अपने जीवन को धन्य एवं सौभाग्यशाली बनाना चाहता है। शायद इसी कारण भक्त गण माँ जगदम्बा की भक्ति एवं सेवा में नवरात्र व्रत भी रखते हैं।या माँ के मंदिर में मनोकामना पूर्ति के लिए ज्योत कलश की स्थापना कर पूरे 9दिनों के लिए ज्योति कलश प्रज्वलित भी करवाते हैं।प्रायः दोनों नवरात्र में माँ के मंदिरो में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाते रहे हैं इस बार भी लवन स्थित आदि शक्ति माँ महामाया लवन में दूर दूर से भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ति ज्योति कलश




प्रज्वलित कराए गए हैं, इस सम्बंध में संक्षिप्त जानकारी बताते हुए मन्दिराधिपति भावेश तिवारी ने वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त को चर्चा करते हुए बताया कि हर शारदीय नवरात्रि की तरह इस बार भी मंदिर में 33सौ तेल एवं 4 सौ घी ज्योति कलश प्रज्वलित हुआ है।यह ज्योति कलश भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ति के लिए प्रज्वलित कराए गए हैं। भक्तों की हर मनोकामना माँ महामाया पूरी करती है इसीलिए देश के कोने कोने से भक्त यंहा माँ का दर्शन प्राप्त करने पहुँचते हैं।

मनोकामना ज्योति कलश भक्तों की संख्या में राज्य के बाहर भी भक्तगण हैं जो दोनों नवरात्र में उनके नाम से ज्योति कलश प्रज्वलित होती हैं।मंदिर का इतिहास बहुत प्राचीन है माँ महामाया साक्षात विराजमान हैं।माँ महामाया के दर्शन मात्र से ही सारे संकटों का नाश होता है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनसंघ के प्रथम प्रधान महामंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस नगर के सभी शक्ति केंद्रों में मनाया गया। परशुराम शक्ति केंद्र में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह ने कहा कि ऐसे महापुरुष के बारे में कुछ बोलना अपने अल्प ज्ञान का परिचय देना है वे जनसंघ के लिए डॉक्टर हेडगेवार थे प्रखर बुद्धिमता असामान्य कृतित्व शक्ति प्रबल विचार और चिंता की गंभीरता उच्च कोटि का लेखन एवं वक्तव्य शक्ति के साथ-साथ सीधा सरल जीवन नम्रता के संगम उनके जीवन में था। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर उनके हितों की चिंता करते हुए इस देश की नीतियां बनाने के लिए एकात्म मानववाद के मंत्र दृष्टा डॉक्टर दीनदयाल थे उनकी जीवंता को देखकर ही डॉक्टर मुखर्जी ने एक



बार कहा था कि यदि दीनदयाल जैसे चार कार्यकर्ता मुझे और मिल जाए तो मैं भारत की राजनीति बदल सकता हूं राष्ट्र उत्थान तथा देश उधार ही जीवन का प्रथम कर्तव्य है ऐसा हुआ तो उन्होंने ले लिया देश की स्वतंत्रता व अखंडता के लिए उन्होंने अपना खेलता हुआ जीवन पुष्प भारत माता के चरणों में ही अर्पित करने का संकल्प लिया उनकी योग्यता कुशलता और लोकप्रियता देखकर ही जनसंघ की स्थापना के समय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संघ के अधिकारियों से उनसे जनसंघ की सेवा करने के लिए मांग लिया। इस अवसर पर गांधी मंदिर वार्ड के अध्यक्ष राजू पटेल, टिकेश्वर ओंकार, राजू पटेल, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, विक्की कुमार, अंगद पटेल, दौरान दास कारण, गौरव, जीतू साहू, नागेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण थे।

# विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रांत स्तरीय खेल समारोह का समापन



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम तरेंगा में आयोजित विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रांत स्तरीय खेल समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर केके देवांगन शामिल हुआ। प्रांत स्तरीय इस खेल में कबड्डी में सिंगारपुर स्कूल के टीम विजयी हुए। विजेता टीम के खिलाडियों को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्या भारती के प्रांतीय सदस्य, जिला के सदस्य, तरेंगा स्कूल के आचार्य यदु, गांव के सरपंच प्रतिनिधि दशरथ अड़ील, समिति के सदस्य डिगा साहू, धनेश साहू एवम दूर दूर से आए आचार्य गण, दीदी, छात्र छात्राएं व गांव के लोग उपस्थित रहे।

# नगर विधायक शैलेष पांडेय ने विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

- 10 लाख की लागत से बने गुजराती समाज सामुदायिक भवन में नवनिर्मित कार्यों का किया लोकार्पण
- सरकंडा में 4.57 लाख में बनने वाले सड़क और नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगर विधायक शैलेष पांडेय ने सोमवार को टिकरापारा स्थित गुजराती समाज सामुदायिक भवन में विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख रुपए की राशि से नवनिर्मित कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को नवरात्रि पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष अरविंद भानूशाली, पार्षद जुगल किशोर गोयल, रामा बघेल, एल्डरमैन शैलेंद्र



जयसवाल, सुबोध केसरी, रिंकू छाबड़ा, भरत जुरीयानी, केतन सुतारिया, सौरभ सोनछात्रा, जयेश पटेल, बकुला पटेल, भरत जोशी, नरेंद्र चंदाराणा, जयंती भानूशाली, संजय पटेल, राजू ठक्कर, सतीश गोहिल, रतन भानूशाली, अरुण ठक्कर, खुशालभाई तेजाणी, नटूभाई सोनछात्रा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 66 पंडित शिव दुलारे मिश्रा एवं वार्ड क्रमांक 65 संत नामदेव नगर में विधायक निधि से स्वीकृत 4.57 लाख की राशि से जनक देव मिश्रा के घर के सामने सीसी रोड कार्य एवं राजकुमार यादव के घर के पास नाली में स्लैब निर्माण कार्यो का भूमिपूजन। कार्यक्रम में पार्षद जुगल किशोर गोयल, रामा बघेल, एल्डरमैन शैलेंद्र जयसवाल, सुबोध केसरी, पार्षद श्याम साहू, पुष्पा तिवारी, जोन कमिश्नर सती यादव, मीनू भगत, श्री लहरे, राजकुमार यादव, पिंकू पांडेय, मनोज शर्मा, अजीत सिंह, सिद्धार्थ पाण्डेय, उमेश वर्मा, हिमांशु राय, रिंकू छाबड़ा, भरत जुरीयानी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# नई मछुआ नीति को लेकर बहस के लिए पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने दीः मुख्यमंत्री को चुनौती

## पिछड़ा वर्ग सलाहकार मंडल के पूर्व सदस्य डॉ. शांति कुमार ने इस बहस में भागीदारी के लिए किया आग्रह

पायनियर संवाददाता ✓ कसडोल/लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर ने नई मछुआ नीति को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बहस के लिए चुनौती दी है। जिसे राज्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार मंडल के पूर्व सदस्य डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने अजय चंद्राकर के बहस करने की चुनौती को मुख्यमंत्री से स्वीकार करने का आग्रह करते हुए खुले मंच पर अतिशीघ्र बहस करने का निवेदन किया है। मछुआ समाज जातीय वर्ग हितार्थ संबंधित होने के कारण मछुआ समाज के लोगों के लिए यह काफी महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसे दृष्टिगत रखते हुए डॉ.कैवर्त्य ने मछुआ समाज के एक अंश स्वरूप इस बहस में भागीदारी के लिए मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री को पत्र लिखा है और इस बहस में उन्हें भी शामिल करने के लिए चुनौती दी है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 18 फरवरी 2008 में सप्रे शाला मैदान रायपुर में छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ की विशाल व ऐतिहासिक जनसभा के दौरान मंच पर ही प्रदेश के



तत्कालीन कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के संबोधन के दौरान उनसे इसी मुद्दे विशेषकर मछुआ समाज की योजना पर डॉ. कैवर्त्य की बहस हो चुकी है। और जैसा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 10 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कहा था कि मछुआ समाज की योजनाओं का लाभ आप लोगों को लेना चाहिए। लेकिन मछुआ समाज के लिए कौन-कौन सी योजनाएं हैं, मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं में किसी भी योजना के नाम नाम का उल्लेख नहीं किए। डॉ. कैवर्त्य ने मछुआ समाज को अब तक उनके हक अधिकार नहीं मिलने से वर्तमान में समाज की दिशा और दशा पर अपना पक्ष रखने के लिए इस बहस में भागीदारी चाही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित अपने पत्र में उल्लेख किया है जिसमें इस नई मछुआ नीति सहित 36 मुद्दों की मांग हेतु जुलाई 2022 के छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री व शासन- प्रशासन के ध्यानाकर्षण हेतु छत्तीसगढ़ की धर्म धरा शिवरीनारायण में एकल धरना प्रदर्शन, जल सत्याग्रह व पदयात्रा जैसे आंदोलन करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर-चांपा के मार्फत्त जांजगीर- चांपा जिला दंडाधिकारी को उसने शपथपत्र सहित इसकी अनुमति के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किये साथ ही रायपुर के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के मार्फत्त जिला दंडाधिकारी रायपुर में भी आवेदन प्रस्तुत किये थे। प्रदेश की राजधानी रायपुर के आयोजन में इन्होंने एकल धरना प्रदर्शन, जल सत्याग्रह व पदयात्रा- जिसमें मुख्य आयोजन छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत स्थल की पवित्र मिट्टी को प्रणाम कर जयस्तंभ चौक रायपुर से विधानसभा भवन तक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री के समक्ष इन सभी बिंदुओं पर चर्चा कर इसकी समाधान हेतु ज्ञापन सौंपना था।

### मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में डॉ. कैवर्त्य का यह भी सवाल...

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते हैं कि मुख्यमंत्री से जनता सवाल कर सकती है। इस पर डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ने मुख्यमंत्री को संबोधित अपने पत्र में इन मुद्दों को लेकर आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान यही आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री से सवाल किया है, क्या इसकी अनुमति मिलेगी हैं? इसके लिए क्या वे संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे? डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने मुख्यमंत्री से यह भी सवाल किया है कि मछुआ समाज के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई मछुआ आरक्षण और नई मछुआ पालन नीति में मछुआ से तात्पर्य मछुआ समाज के जातियों को प्रतिस्थापित कर नई मछुआ पालन नीति कब लागू करेंगे और कब तक अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों सहित शासकीय महाविद्यालयों में प्रभावित/अप्रभावित अतिथि व्याख्याताओं की नियमितीकरण करेंगे?

## 9 दिनों तक समूचा अंचल माता की सेवा में रत रहेगा

# आदिशक्ति मां महामाया के मंदिरों में हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश जगमगाए

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि का पर्व आज से पूरे अंचल में शुरू हो गया है ।पूरे 9 दिन तक समूचा अंचल माता की सेवा, जगराता तथा डांडिया नृत्य के आयोजनों से डूबा रहेगा । कोरोना काल में दो वर्ष तक सारे धार्मिक आयोजनों में बंदिश के चलते श्रद्धालु गण नवरात्रि का पर्व सार्वजनिक रूप से देवी मंदिरों में मनाने से वंचित रहने के बाद इस बार माता के दरबार में जगह जगह नवरात्रि की धूम रहेगी। रतनपुर स्थित माता महामाया के मंदिर के साथ ही तिफरा स्थित काली मंदिर, मल्हार स्थित डिडेश्वरीदेवी मंदिर के साथ ही मरी माई मंदिर और अन्य स्थानों में भी बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। छत्तीसगढ़ के रतनपुर की आदि शक्ति माँ महामाया देवी मंदिर की




प्रसिद्धि संपूर्ण भारतवर्ष ही नही बल्कि विभिन्न देशों तक फैल चुकी है, जिनकी यशगाथा दिनप्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है, छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक प्रसिद्धि प्राप्त मंदिरों में से एक लहुरी काशी के नाम से विख्यात रतनपुर की पावन भूमि विराजमान आदि शक्ति मां महामाया देवी, महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली के त्रिविध रूप में अनंत काल से विराजमान है, जो विश्व के 51 शक्तिपीठ में से प्रमुख रतनपुर के कौमारी शक्ति मां महामाया देवी मंदिर में इस वर्ष शारदीय क्वांर नवरात्रि का इंद्रधनुषी महोत्सव 26 सितंबर से 4 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। रतनपुर के महामाया देवी मंदिर में इस वर्ष शारदीय क्वांर नवरात्रि का अनुष्ठानिक महोत्सव आज से प्रारम्भ हो गया है। और दूर-दूर से भक्तों का आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है नवरात्र के प्रथम दिवस इस धार्मिक अनुष्ठान में सबसे पहले मंदिर परिषर में धूप परिक्रमा की गई फिर माँ जगदम्बा की द्वार पूजा और फिर मातारानी का आह्वान किया गया, इसके पश्यात घट स्थापना के बाद माँ महामाया की दिव्य आरती की गई। आरती के बाद इस धार्मिक अनुष्ठानिक महोत्सव में विभिन्न ज्योतिकलश कक्षो में भक्त्तों की मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलीत की गई , जिससे झिलमिलाती आस्था के दीपमालाओं की रश्मियों के सात्विक आभा से माता रानी का दरबार देखते ही देखते जगमगा उठा, इस दैदिव्यमान ज्योति कलश के मन को मोह लेने वाला नयनाभिराम अलौकिक दृश्य के दर्शन मात्र से ही सारा संताप दूर हो जाते है ऐसा भक्तों की आस्था है।

इस वर्ष मनोकामना ज्योति कलश की कुल संख्या 25000 रखी गई है जिनमे 2900 घृत ,19850 तेल व 1640 घी व तेल ज्योतिकलश आजीवन वालों की संख्या है, जिनमे देश के कोने कोने के श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कराया गया है इस दौरान श्रद्धालु के लिए माँ महामाया और मनोकामना ज्योति कलश दर्शन के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा ऑनलाइन की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व्यवस्था को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तहत चिकित्सा व्यवस्था व पुलिस बल सेवा की भी व्यवस्था की गई है।

# जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल गतिविधियां का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एन.एच.एम. द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर संचालित है। खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला स्तर पर प्रोग्राम मैनेजर, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर प्रभारी से समन्वय कर स्थानीय नागरिको एवं बालक-बालिकाओं को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं खेलों का माहौल तैयार करने के उद्देश्य से जिले के ग्राम पंचायतों में खेल गतिविधियां आयोजित किया जाना है। जिसके माध्यम से राज्य में शारीरिक स्वास्थ्य लाभ, फिटनेस एवं रोग मुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से प्रत्येक हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्पोर्ट्स एक्टिविटी जैसे योगा, स्थानीय लोकप्रिय खेलों के आधार पर लोगों को एकत्रित कर खेल गतिविधि कराना, लघु खेल सामग्री जैसे बाल, नेट आदि के माध्यम से स्थानीय नागरिकों जैसे बच्चे बुजुर्ग महिलाओं को शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूक किए जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिसके लिए राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य को भी वेलनेस सेंटर में गतिविधियां संचालित कराने समन्वय किया जा रहा है, विदित हो कि जिले में 218 वेलनेस सेंटर हैं, जिसमें प्रत्येक सेंटरों में खेल गतिविधियां संचालित की जाएगी, जो कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रभारी के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का

# श्री बालाजी हॉस्पिटल

1200 बिस्तरों का हॉस्पिटल
एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज

## आपकी सेहत का हम रखते है ख्याल...

60 वर्ष से अधिक आयु के
बुजुर्गो के लिए हम लाए है



श्री बालाजी
**SENIOR CITIZEN**
PRIVILEGE HEALTH CARD

जीवन के इस उम्र के पड़ाव पर
रखे हम आपका ख्याल



श्री बालाजी
**FAMILY HEALTH CARD**

"आसमान में चिड़िया की चहक
और घर में बिटिया की
महक अनमोल होती है"



**बिटिया**
बेटी होने पर निःशुल्क प्रसव सेवा
भारत के सभी राज्य की महिलाओं के लिए

**ANC PACKAGE**
03 गर्भावस्था जांच
Test- CBC, Blood Group & Rh, Blood Sugar, T3,T4, TSH, Sickling, LFT, RFT, BTCT, PT-INR, ViralMarker, Hb1ac USG
मात्र 1999 में वैधता : 6 महीना

प्रदेश का पहला लिवर
ट्रांसप्लांट सेंटर एवं
8 सफल लिवर ट्रांसप्लांट

80 सफलतम
किडनी ट्रांसप्लांट

सफलतम
3000 कार्डियेक सर्जरी



**ADVANCE CENTER for CARDIAC SCIENCES**

| एंजियोग्राफी | एंजियोप्लास्टी | बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी |
|---|---|---|
| 4,999/-* | 95,000/-* | 1,30,000/-* |

अत्याधुनिक फिलिप्स एफ.डी.15 फ्लैट पैनल कैथ लैब | मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर | सर्व सुविधायुक्त कार्डियक आई.सी.यु.

**डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एवं ज्वाइंट रिपलेसमेंट**



**Knee Replacement (घुटना प्रत्यारोपण)**
**99,000/-***

**डिपार्टमेंट ऑफ क्रिटिकल केयर, ICU एन्ड इमरजेंसी मेडिसिन**

मध्य भारत में 240 बिस्तरों का
सबसे बड़ा एवं अत्याधुनिक ICU
(अतिशीघ्र)



**उपलब्ध सुविधाएं**

- 67 हाई एन्ड वेंटिलेटर
- एकमो (ECMO)
- 30 बिस्तरों का ट्रॉमा ICU
- 50 बिस्तरों का डायलिसिस यूनिट
- 1 :1 का नर्सिंग- पेशेंट रेश्यो (वेंटिलेटर बेड )
- आइसोलेशन ICU
- बर्न ICU
- हेपा फिल्टर युक्त ICU न्यूनतम क्रॉस इन्फेक्शन दर






















**डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना द्वारा आईसीयू में इलाज एवं डायलिसिस की सुविधा**

सभी इन्शोयोरेन्स कंपनी, शासकीय योजनाएं, केन्द्र व राज्य शासन के कर्मचारियों हेतु मान्यता प्राप्त संस्थान

संक्रमण से पुर्ण रुप से सुरक्षित

मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, फोन: 9370671648, 8007447003, 0771-4241000/01/02


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403